

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

जल्द ही संसद में पारित होगा वक्फ संशोधन... 12

प्रधानमंत्री राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता के... 10



# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 332
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
बुधवार | 18 सितंबर, 2024

# आतिशी संभालेंगी दिल्ली की कमान

## केजरीवाल इस्तीफा देने एलजी के दफ्तर पहुंचे, आतिशी और सभी मंत्री मौजूद, भाजपा बोली, मेकओवर करने से दाग नहीं छुपेंगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

अरविंद केजरीवाल मंत्रियों के साथ उपराज्यपाल विनय सक्सेना के दफ्तर पहुंच चुके हैं। कुछ देर में वे इस्तीफा सौंपेंगे। नई सरकार बनाने का प्रस्ताव पेश किया जाएगा। दिल्ली सरकार ने 26 और 27 सितंबर को 2 दिन का विधानसभा सत्र बुलाया है। इससे पहले आतिशी मार्लेना को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनाने का ऐलान किया गया। केजरीवाल ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी की विधायक दल की बैठक में उनके नाम का प्रस्ताव रखा। इस पर विधायकों ने सहमति जताई। दिल्ली के परिवहन मंत्री गोपाल राय ने आतिशी के नाम का ऐलान करते हुए कहा- हमने विषम परिस्थितियों में यह फैसला लिया है। केजरीवाल की ईमानदारी पर कीचड़ उछाला गया। जनता जब तक उन्हें नहीं चुनती, वे मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। दोपहर एक बजे आतिशी ने मीडिया से बात की और कहा, मैं अपने गुरु अरविंद केजरीवाल जी का धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी। मुझे बधाई मत दीजिएगा, माला मत पहनाइएगा, मेरे लिए, दिल्लीवालों के लिए दुख की घड़ी है कि चहेते मुख्यमंत्री इस्तीफा देंगे। इस बीच, आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने कहा, जिसके परिवार ने आतंकी अफजल गुरु के लिए लड़ाई लड़ी, उसे आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री बना दिया। भगवान दिल्ली की रक्षा करे। दिल्ली के लिए आज बहुत दुख का दिन है। 13 सितंबर को शराब नीति केस में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद केजरीवाल ने 15 सितंबर को मुख्यमंत्री पद छोड़ने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था, अब जनता तय करे कि मैं ईमानदार हूं या बेईमान। जनता ने दाग धोया और विधानसभा चुनाव जीता तो फिर से कुर्सी पर बैठूंगा।



### ये हैं तीन महिला मुख्यमंत्री

- **सुषमा स्वराज-** 12 अक्टूबर 1998 - 3 दिसम्बर 1998 (52 दिन तक दिल्ली की सीएम रहीं)
- **शीला दीक्षित-** नई दिल्ली सीट- 3 दिसम्बर 1998 - 28 दिसम्बर 2013 (15 साल, 25 दिन तक दिल्ली की सीएम रहीं)
- **आतिशी-** कालकाजी विधानसभा सीट - आम आदमी पार्टी- (विधायक दल की नेता चुनी गईं)

### कौन हैं दिल्ली की नई सीएम आतिशी

आम आदमी पार्टी में आतिशी ने तेजी से अपनी पहचान बनाई है। आम आदमी पार्टी अपने आठ साल के कार्यकाल में जिन उपलब्धियों को सबसे ज्यादा बार गिनाती रही है उनमें शिक्षा का क्षेत्र सबसे ऊपर है और इसका बहुत बड़ा श्रेय आतिशी को जाता है। 2013 में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने पार्टी का मेनिफेस्टो तैयार करने में अहम भूमिका निभाई थी। 2014 लोकसभा चुनाव से पहले उन्हें प्रवक्ता बनाया गया था। फिर साल 2019 में उन्होंने पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा। लेकिन भाजपा के गौतम गंभीर के सामने 4.77 लाख वोटों से हार गई थीं, वो तीसरे नंबर पर रहीं थीं। इसके बाद साल 2020 में उन्होंने कालकाजी विधानसभा से चुनाव जीता। साल 2023 में पहली बार दिल्ली की केजरीवाल सरकार में मंत्री का पदभार संभाला। अब साल 2024 में दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने जा रही हैं।

### आतिशी के माता-पिता ने आतंकी अफजल को बचाने की कोशिशें की थीं: स्वाति मालीवाल

राज्यसभा सांसद एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी से नाराज चल रहीं स्वाति मालीवाल ने आतिशी की पृष्ठभूमि पर सवाल खड़े किए हैं। मुख्यमंत्री के लिए नामित आतिशी के माता-पिता की आतंकी अफजल गुरु को बचाने की कोशिशों का उल्लेख करते हुए स्वाति ने कहा कि भगवान दिल्ली की रक्षा करे। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में केजरीवाल के इस्तीफे के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए आतिशी को चुना गया है। राज्य सरकार में मंत्री आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री होंगी। आतिशी का जन्म 8 जून 1981 को दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर विजय सिंह तोमर और तृप्ता वाही के घर हुआ था। उन्होंने आतंकी अफजल गुरु को बचाने के लिए कोर्ट में केस लड़ा था। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनने जा रही आतिशी पर राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने कटाक्ष करते हुए कहा, वैसे तो आतिशी मार्लेना सिर्फ़ 'डमी सीएम' है, फिर भी ये मुद्दा देश की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। भगवान दिल्ली की रक्षा करे।

### विधायक दिलीप पांडे बोले, स्वाति मालीवाल भाजपा की स्क्रिप्ट का इस्तेमाल करती हैं

आम आदमी पार्टी विधायक दिलीप पांडे ने कहा, स्वाति मालीवाल ऐसी महिला हैं जो राज्यसभा में जाने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) से टिकट लेती हैं लेकिन अपने बयानों के लिए भाजपा की स्क्रिप्ट का इस्तेमाल करती हैं। अगर उनमें थोड़ी भी शर्म या हया है तो उन्हें अपनी राज्यसभा सीट से इस्तीफा दे देना चाहिए और आप का टिकट भी छोड़ देना चाहिए। अगर उन्हें राज्यसभा में बने रहना है तो उन्हें भाजपा से टिकट मांगना चाहिए।

### आतिशी बोलीं, दिल्ली आज केजरीवाल के खिलाफ षडयंत्र से गुस्से में है

कल शाम मुझे एक बुजुर्ग महिला ने कहा कि केजरीवाल बेटे की तरह है और उसे इतना परेशान किया। वो रोने लगीं और कहने लगीं कि मैं घर-घर जाऊंगी और कहूंगी कि केजरीवाल को ही मुख्यमंत्री बनाना। दिल्ली आज गुस्से में है और केजरीवाल के खिलाफ षड्यंत्र से गुस्सा है। उन्हें पता है कि केजरीवाल सीएम नहीं रहे तो फ्री बिजली नहीं मिलेगी, सरकारी स्कूल बदहाल हो जाएंगे, अस्पतालों में अच्छा इलाज नहीं मिलेगा, मोहल्ला क्लिनिक बंद हो जाएगी, महिलाओं की फ्री बस यात्रा, बुजुर्गों की तीर्थ यात्रा बंद हो जाएगी। उन्होंने देखा है कि 22 राज्यों में भाजपा की सरकार है, किसी एक में भी फ्री बिजली, बस यात्रा नहीं दे पाते हैं।

### भाजपा 2 साल से केजरीवाल के खिलाफ षडयंत्र रच रही

भाजपा ने 2 साल से केजरीवालजी के खिलाफ षड्यंत्र रचने में कोई कसर नहीं छोड़ी, ऐसा आदमी जो मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकता है। ऐसे आदमी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, सीबीआई-ईडी को पीछे छोड़ दिया। 2 महीने तक जेल में रखा। सुप्रीम कोर्ट ने हमें जमानत दी। केंद्र सरकार और एजेंसियों के मुंह पर तमाचा मारा। कहा कि एजेंसियां कैद में तोते की तरह हैं। अरविंद केजरीवालजी ने वो किया, जो देश तो छोड़िए, दुनिया में किसी नेता ने नहीं किया हो। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला काफी नहीं, मैं जनता की अदालत में जाऊंगा। दिल्ली की जनता कहेगी कि मैं ईमानदार हूं तो मैं कुर्सी पर बैठूंगा।

### आतिशी बोलीं, मैं अपने गुरु अरविंद केजरीवाल जी का धन्यवाद करती हूं

मैं सबसे पहले अपने गुरु अरविंद केजरीवाल जी का धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी। यह सिर्फ अरविंद जी की सरकार में हो सकता है, जिन्होंने फर्स्ट टाइम पॉलिटिशियन को सीएम बनाया। मैं सुखी हूं कि उन्होंने मुझे सीएम बनाया। दुख भी है कि मेरे बड़े भाई अरविंदजी आज इस्तीफा देने जा रहे हैं। दिल्ली की 2 करोड़ जनता, हमारी जनता की तरफ से कहना चाहती हूं कि दिल्ली का मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल है।

### पीयूष गोयल बोले, सीएम बदलने से भाग्य नहीं बदलने वाला

रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री बदल दिया है, इससे आम आदमी पार्टी का भाग्य नहीं बदलने वाला। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने उन्हें अनिच्छा से सीएम बनाया। मनीष सिसोदिया के दबाव के कारण वे मनचाहा सीएम नहीं बना पाए। मनीष सिसोदिया के कारण ही उन्हें सारे विभाग दिए गए। उनके दबाव में ही आतिशी को सीएम बनाया गया है। चेहरा बदल गया है लेकिन भ्रष्ट चरित्र जस का तस है और दिल्ली की जनता जवाब मांगेगी।

### आप ने कहा, नवंबर तक कराए जाएं विधानसभा चुनाव

गोपाल राय ने कहा, जिस तरह भाजपा ने देश के पीएम ने षड्यंत्र करके, एजेंसियों का दुरुपयोग करके दिल्ली की सरकार और आम आदमी पार्टी को तोड़ने का अभियान चलाया। उस अभियान को तोड़ते हुए हमने अपना काम जारी रखा। इन्होंने कोशिश की केजरीवाल जेल में इस्तीफा दें, लेकिन उन्होंने जेल में इस्तीफा नहीं दिया। केजरीवाल ने सरकार चलाई। उनकी ताकत ईमानदारी है। उन्होंने वो काम किया, जो आज देश में कोई राज्य सरकार नहीं कर पाई। उन्होंने फैसला किया कि सुप्रीम अदालत ने हमें जेल से बाहर कर दिया है, लेकिन जब तक दिल्ली की जनता दोबारा चुनकर उन्हें नहीं भेजती, वे मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे।

# नारकोटिक्स का यूपी-उत्तराखंड में छापा, तीन करोड़ की नकली दवा, आठ करोड़ की मशीनें जब्त, पांच गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । सहारनपुर**



केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो दिल्ली की टीम ने यूपी और उत्तराखंड में बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने कई स्थानों पर छापा मारकर नकली दवा बनाने की फैक्टरी पकड़ी है, साथ ही करोड़ों रुपये कीमत के नकली कैप्सूल, टैबलेट और इनको तैयार करने वाली मशीनें बरामद की हैं। मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के अधीक्षक एसपी सिंह के नेतृत्व में टीम ने सहारनपुर के देवबंद क्षेत्र में मंझौल जबरदस्तपुर गांव के एक खेत में छापा मारकर नकली दवा फैक्टरी पकड़ी है। जबकि उत्तराखंड के भगवानपुर और रायपुर भगवानपुर में भी कार्रवाई की गई। यहां भी नकली दवा की फैक्टरी संचालित मिली। अधीक्षक एसपी सिंह ने बताया कि तीनों जगहों से करीब तीन करोड़ रुपये कीमत के नकली 1 लाख 11 हजार ट्रामाडोल कैप्सूल और 75 किलो ट्रामाडोल से बनी हुई टैबलेट, 252 किलो ट्रामाडोल पाउडर और 90 किलो कोडीन की बोतल बरामद की है। बरामद दवा दर्द निवारक हैं, जिन्हें केवल चिकित्सक के परामर्श पर ही मेडिकल स्टोर पर बेचा जाता है। उन्होंने बताया कि तीनों स्थानों से करीब आठ करोड़ रुपये की दवा बनाने की मशीनों को भी जब्त किया गया है, जबकि मौके पर मंझौल जबरदस्तपुर देवबंद निवासी मुस्तफा अली पुत्र भूरा अली, उत्तराखंड के माधोपुर रुड़की जनपद हरिद्वार निवासी सलमान पुत्र मो. इनाम, सहारनपुर के थाना गागलहेड़ी निवासी मो. आसिफ पुत्र मो. असलम, सहारनपुर निवासी अहसान अली पुत्र नसीम अहमद और उत्तराखंड के भगवानपुर निवासी हसीन अली पुत्र यूसुफ अली को गिरफ्तार किया है। बुधवार को सभी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

### टीम में ये रहे शामिल

केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम में इंस्पेक्टर प्रवीण ढुल, मनोज नरवल, गौरव शर्मा, सुरेंद्र चौधरी, उपनिरीक्षक जगदीप नारायण, जयंत राणा, परमवीर सिंह अहलावत, हवलदार संदीप, शुभम, वैभव द्विवेदी, राहुल और एलडीसी सुमित आदि शामिल रहे।

# 'काशी' से होगा विधानसभा उपचुनाव में भाजपा का कल्याण

## सीएम योगी का बयान, 'ज्ञानवापी को मस्जिद कहना दुर्भाग्यपूर्ण, वह साक्षात विश्वनाथ स्वरूप' अब चुनावी मुद्दा बन गया है

- उपचुनाव वाले जिलों में विकास की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया जा रहा है
- युवाओं को साधने के लिए रोजगार मेले भी हो रहे हैं
- विपक्ष की तुष्टीकरण, जातिवादी नीति पर भी सीएम हमला कर रहे हैं

**जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा**



**लखनऊ।** यूपी में विधानसभा उपचुनाव में अधिक से अधिक सीट जीतने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ खुद कमान संभाल रहे हैं। उन्होंने पार्टी और सरकार की तय रणनीति के साथ-साथ काशी का मुद्दा भी गरमा दिया है। यूपी की 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव की सियासी गर्माहट अब उबाल मारने लगी है। एक तरफ जहां सपा-बसपा पार्टी प्रमुखों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। दूसरी तरह, सीएम योगी आदित्यनाथ का चुनावी जिलों में ताबड़तोड़ दौरा जारी है। इन जिलों में विकास की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया जा रहा है। युवाओं को साधने के लिए रोजगार मेले भी हो रहे हैं। उधर, विपक्ष की तुष्टीकरण, जातिवादी नीति पर भी सीएम हमला कर रहे हैं। अब सीएम योगी ने शनिवार को काशी का मुद्दा उठाकर हिंदुत्व के मूद्दे को धार दे दी है। सीएम योगी का बयान, ज्ञानवापी को मस्जिद कहना दुर्भाग्यपूर्ण, वह साक्षात विश्वनाथ स्वरूप अब चुनावी मुद्दा बन गया है। जाहिर है कि यह मुद्दा उपचुनाव में भी छाया रहेगा।

### इन सीटों पर होना है उपचुनाव

करहल, मिल्कीपुर, कटेहरी, कुंदरकी, गाजियाबाद, खैर, मीरापुर, फूलपुर, मंझवा और सीसामऊ पर उपचुनाव होना है। इन सीटों में 5 समाजवादी पार्टी के पास थीं। इसके अलावा रालोद-निषाद पार्टी की एक-एक सीट पर जीती थी, जबकि बीजेपी ने 3 सीटों पर जीत दर्ज की थी। मगर, लोकसभा चुनाव के परिणाम को देखते हुए बीजेपी इस बार चौकन्ना है। वह अति उत्साह से बाहर है। लिहाजा, जमीनी स्तर पर चुनावी तैयारियों में जुट गयी है।

# शून्य से शिखर की यात्रा प्रधानमंत्री मोदी के जीवन का सार: सीएम योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में पीएम मोदी पर आधारित प्रदर्शनी का किया उद्घाटन
- सीएम योगी ने कहा- राष्ट्र के प्रति अगाध प्रेम और संपूर्ण समर्पण का भाव पीएम मोदी के जीवन का हिस्सा
- प्रधानमंत्री ने अपना सब कुछ भारत माता के चरणो में समर्पित किया और इसीलिए हमने भारत को बदलते हुए देखा: मुख्यमंत्री
- पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया की बड़ी ताकत के रूप में उभरकर उसका मार्गदर्शन कर रहा भारत: सीएम योगी
- प्रदर्शनी में पीएम मोदी के बचपन से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक के सफर का किया गया प्रदर्शन
- पीएम बनने के बाद किए गए उल्लेखनीय कार्यों को भी चित्रों के माध्यम से किया गया प्रदर्शित

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार शाम लखनऊ के पटेल पार्क, जीपीओ में उनके जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि शून्य से शिखर की यात्रा प्रधानमंत्री मोदी जी के जीवन का सार है। संघर्षों से आगे बढ़कर उन्होंने अपना मार्ग बनाया है। जीवन की शुचिता, कर्मठता और ईमानदारी उनके जीवन का हिस्सा है। राष्ट्र के प्रति अगाध प्रेम और संपूर्ण समर्पण का भाव उनके जीवन का हिस्सा है। उन्होंने अपना सब कुछ भारत माता के चरणो में समर्पित किया है और इसीलिए पिछले दस वर्ष में हमने भारत को बदलते हुए देखा है। एक भारत जो आज दुनिया की एक बड़ी ताकत के रूप में उभरकर दुनिया का मार्गदर्शन कर रहा है। एक ऐसा भारत जो अपनी आस्था का भी सम्मान कर रहा है और विकास और विरासत की यात्रा के साथ भारत की 140 करोड़ जनता जनार्दन की आशा और आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। सीएम योगी ने अपने संबोधन में कहा कि विगत दस वर्षों में हमने एक नए भारत का दर्शन किया है और ये नया भारत प्रधानमंत्री मोदी जी जैसे सारथी के नेतृत्व में एक विकसित भारत की संकल्पना के साथ आगे बढ़ रहा हैं। स्वाभाविक रूप से इस प्रदर्शनी के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी जी के संघर्षमय जीवन की गाथा को चित्रों के माध्यम से देखने और अवलोकन करने का अवसर हम सबको प्राप्त हो रहा है। इससे पहले, सीएम योगी ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और फिर प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जहां उन्हें पीएम मोदी के जीवन के विभिन्न पहलुओं को देखने का अवसर मिला। प्रदर्शनी में पीएम मोदी के बचपन से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक और प्रधानमंत्री बनने के बाद अब तक उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों को प्रदर्शित किया गया है।

### प्लास्टिक को पूरी तरह तिलांजलि दें

सीएम योगी ने कहा कि स्वच्छता प्रधानमंत्री मोदी जी के जीवन की प्राथमिकताओं में है। उन्होंने स्वच्छता को महत्व दिया है और इसके लिए हम सबको भी अभियान चलाना होगा। हम सबको भी उसका हिस्सा बनना होगा। स्वच्छता के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक को बैन किया गया है और हमारा कर्तव्य है कि प्लास्टिक का उपयोग न करें। जो पर्यावरण के लिए खतरनाक है, स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालता है उस प्लास्टिक को पूरी तरह तिलांजलि दें। स्वयं स्वच्छ भारत मिशन का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कार्यक्रमों के साथ जब हमारी भी भागीदारी होती है तो वह कार्यक्रम सफलता की नई ऊंचाइयों को छूता है। इस तरह के कार्यक्रम के साथ आम जनमानस की भागीदारी अनेक लोगों के लिए एक नई प्रेरणा होती है और विकास के नए मार्ग प्रशस्त करती है। स्वच्छ भारत मिशन उसी का एक हिस्सा है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, सांसद संजय सेठ, विधायक योगेश शुक्ला, विधान परिषद के सदस्य मुकेश शर्मा, लालजी प्रसाद निर्मल, संतोष सिंह एवं कार्यक्रम के संयोजक संजय राय और भाजपा के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### रचनात्मक कार्यों में हो हम सबकी सहभागिता

सीएम योगी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के साथ ही पर्यावरण के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान में भी उत्तर प्रदेश ने रिकॉर्ड बनाया है। लगभग 36 करोड़ से अधिक वृक्षारोपण का लक्ष्य हम लोगों ने अब तक पूरा किया है और पिछले साढ़े सात वर्ष में अकेले उत्तर प्रदेश ने 210 करोड़ से अधिक वृक्षारोपण के बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है। आज उसी का परिणाम दिखाई दे रहा है। तमाम अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने कार्बन उत्सर्जन को रोकने के लिए, पर्यावरण को बचाने के लिए उत्तर प्रदेश के द्वारा किए गए प्रयासों से खुद को जोड़ा है। परिणामस्वरूप जिन किसानों ने और इससे जुड़े हुए महानुभावों ने हमारे साथ रजिस्ट्रेशन कराया था, ऐसे लोगों के लिए 200 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए और उन्हें वितरित हुए। लगातार 25 हजार किसानों को ये धनराशि उपलब्ध हो रही है। ऐसे में यही कहूंगा कि इस पखवाड़े के दौरान अनेक प्रकार के जो रचनात्मक कार्यक्रम होने हैं चाहे वो स्वच्छता से जुड़े हुए हों, रक्तदान से जुड़ा हुआ हो, एक पेड़ मां के नाम से जुड़ा हुआ हो, पीएम विश्वकर्मा से जुड़ा हुआ हो, इन सभी कार्यक्रमों के साथ हम सबकी सहभागिता होनी चाहिए।

### प्राकृतिक आपदा हमारे मार्ग में बाधक नहीं बन सकती

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए हैं। प्रात:कालीन सत्र में वाराणसी में अनेक कार्यक्रमों में भाग लेन का अवसर प्राप्त हुआ। वहां रात्रिकालीन से ही मूसलाधार बारिश जारी है, लेकिन कार्यकर्ताओं के उत्साह में कोई कमी नहीं है। कोई भी प्राकृतिक आपदा हमारे मार्ग में बाधक नहीं बन सकती। उन्होंने कहा कि आज 17 सितंबर है, 25 सितंबर को अंत्योदय एकात्म मानव दर्शन के जनक पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की जयंती है और 2 अक्तूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पावन जयंती तक चलने वाले इस कार्यक्रम के साथ अनेक रचनात्मक अभियानों के साथ हमें जुड़ना होगा।

# मुरादाबाद जिले के कई गांव बाढ़ से जलमग्न, बाधित हो गया आवागमन, जरूरी सामान नहीं पहुंच रहा

**जन एक्सप्रेस । मुरादाबाद**

कोसी नदी में आई बाढ़ का पानी मूंढापांडे-रनियाठेर पुलिया के करीब चार फीट बह रहा है। इससे गदईखेड़ा, हरपाल नगर का तीसरे दिन भी आवागमन बाधित रहा। करीब 10 गांव बाढ़ के पानी से घिरे हैं। इन गांवों के लोगों को जरूरी सामान भी नहीं मिल पा रहा है। एडीएम वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र ने रनियाठेर का निरीक्षण कर लोगों की समस्याएं सुनीं, लेकिन अधिक पानी होने के कारण गदईखेड़ा और हरपाल नगर नहीं जा सके। भीतखेड़ा स्थित बिजलीघर में बाढ़ का पानी घुस जाने से तीसरे दिन भी आपूर्ति बाधित रही। इस बारे में एसडीओ रामनारायण राठौर ने बताया कि ट्रांसफार्मर के नीचे से पानी हट जाने के बाद अभी बिजली सप्लाई नहीं शुरू हो सकी है। मंगलवार को टेस्टिंग के बाद विद्युत आपूर्ति शुरू होगी। अभी भी दस गांवों के किसानों की फसलें डूबी हुई हैं। आवागमन, चारा, बिजली की समस्या को लेकर गांव के लोग जूझ रहे हैं।

# पीएम मोदी के जन्मदिन के अवसर पर राज्यमंत्री ने किया स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

राज्य मंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने मंगलवार को नगर पालिका द्वारा रामघाट व पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम विकासखंड चित्रकूट धाम कर्वी की ग्राम पंचायत शिवरामपुर में प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर तीर्थ क्षेत्र चित्रकूट की पावन धरा रामघाट एवं विकासखंड चित्रकूट धाम कर्वी की ग्राम पंचायत शिवरामपुर से स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। प्रदेश में गुंडाराज खत्म हुआ है। शांतिपूर्ण ढंग से माताएं, बहने, बुजुर्ग रह रहे हैं। भाजपा सरकार में अच्छा कार्य हो रहा है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से कहा कि मां मंदाकिनी गंगा की और साफ सफाई कराई जाए। स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी सदर पूजा साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला प्रभारी अनिल यादव आदि ने रामघाट कि सीढियों एवं शिवरामपुर में सीतापुर खोही तिराहा पर झाडू लगाया। साथ ही कूडा कूडे दान में डाला गया एवं फावडा लेकर साफ-सफाई की। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई गई। साथ ही ग्राम पंचायत शिवरामपुर में पौधारोपण भी किया। इस मौके पर डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लाल जी यादव, देव त्रिपाठी, राजकुमार त्रिपाठी, सुरेश अनुरागी, प्रेमलाल वाल्मीकि, रवि गुप्ता, राकेश केसरवानी, भाजपा के जिला महामंत्री अश्विनी कुमार अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री ने पीएम आवास लाभार्थियों को वितरित किए स्वीकृति पत्र व चाभी

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार व जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने मंगलवार को कलेक्टरेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, शहरी के लाभार्थियों को गृह प्रवेश, चाभी एवं स्वीकृति पत्र वितरण किया। इस दौरान उडीसा में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एलसीडी के माध्यम से दिखाया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र दिए। जिसमें फातमा, हसीना, शबनम, शरीफ आदि एवं 32 लाभार्थियों को चाबी वितरण किया। जिसमें बृजरानी, मुन्नी देवी, राजकुमारी, कलावती, सुनीता, सुरेश आदि को वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, जिला प्रभारी अनिल यादव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिला महामंत्री आलोक पांडेय आदि मौजूद रहे।

## मन्दबुद्धि वृद्ध लापता, गुमशुदगी में मामला दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी मंदबुद्धि वृद्ध अचानक कहीं लापता हो गया। परिजनों ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई।

शहर कोतवाली के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी फहीम खान पुत्र हबीब खान ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें बताया कि पीड़ित के पिता हबीब खान 80 मानसिक रूप से कमजोर है। जो बीते दिन 7 सितंबर की देर शाम घर से बाहर घूमने गए थे। देर रात तक घर वापस न आने पर परिजनों को उनकी चिंता हुई और उन्होंने उनकी खोजबीन शुरू कर दी। शहर में काफी खोजबीन के बाद रिश्तेदारों के यहां भी जानकारी की गई, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। बताया कि वह नीले कलर का कुर्ता वह अंडरवियर पहने हुए हैं। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी में मामला दर्ज किया और उनकी तलाश शुरू कर दी।

## प्रधान सहायक महेंद्र प्रताप सिंह के प्रान्तीय संप्रेक्षक पद में निर्वाचित होने पर हुआ स्वागत

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

बाल विकास सेवा एंव पुष्टाहार कर्मचारी संघ के द्विवार्षिक प्रांतीय चुनाव में चित्रकूट में तैनात प्रधान सहायक महेंद्र प्रताप सिंह प्रांतीय संप्रेक्षक पद पर रिकार्ड मतों से निर्वाचित हुए है। जिनका चित्रकूट पहुचने पर स्टॉप द्वारा जोरदार स्वागत किया गया हैं। महेंद्र प्रताप के प्रांतीय संप्रेषक पद पर निर्वाचित होने पर सभी साथी कर्मचारियों ने खुशी व्यक्त की है।

बता दे कि बीते 13 सितम्बर को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बाल विकास सेवा एंव पुष्टाहार कर्मचारी संघ के द्विवार्षिक प्रांतीय चुनाव सम्पन्न कराए गए थे। जिसमें चित्रकूट में तैनात प्रधान सहायक महेंद्र प्रताप सिंह ने भी अपना नामांकन प्रांतीय संप्रेक्षक के पद पर कराया था।जिसमें चित्रकूट में तैनात प्रधान सहायक महेंद्र प्रताप सिंह ने भी अपना नामांकन प्रांतीय संप्रेक्षक के पद पर कराया था। जिनको चुनाव में रिकार्ड मत मिले थे। चुनाव के बाद महेंद्र प्रताप सिंह जब अपने कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय पहुचे तो वहां स्टॉप के लोगों ने फूल मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया है और उनसे संघ के माध्यम से कर्मचारियों के हित मे कार्य करने की अपील की है। कार्यालय में स्टॉप द्वारा स्वागत कार्यक्रम किये जाने पर महेंद्र प्रताप सिंह ने सभी साथियों का आभार जताया है और आने वाले समय में सभी कर्मचारियों की हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया है। इस दौरान सीडीपीओ महेंद्र पटेल, वीरेंद्र कुशवाहा, अपर सांख्यकीय अधिकारी राजेश मिश्रा, प्रधान सहायक किशोरी लाल, व्यैक्तिक सहायक मुख्य विकास अधिकारी जय सोनी, प्रफुल्ल, संजीव कुमार, राजकुमार सिंह, निरपत सिंह, गुलाब सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर किया रक्तदान शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाडा कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया। प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मुन्नू कोरी) ने कहा कि रक्तदान सबसे बडा महादान होता है। इससे किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाडा के रूप में मनाया जा रहा उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि चित्रकूट जनपद एक आकांक्षात्मक जनपद है। इसमें गांव से लोग आते हैं, उनके साथ अच्छा व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी दवा हो आप लोग बाहर से नहीं लिखेंगे, किसी भी मरीज को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए, कोई भी गरीब किसान परेशान नहीं होना चाहिए। उन्होंने पर्चा काउन्टर पर लगे मरीजों से उनके स्वास्थ्य लाभ एवं समस्या के बारे में जानकारी ली। मुख्य चिकित्साधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने जिला अस्पताल के बारे में प्रभारी मंत्री को अवगत कराया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी व डॉ विवेक प्रताप सिंह ने रक्तदान किया। इस मौके पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला प्रभारी अनिल यादव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुरेश अनुरागी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक वंदना श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा विकास मिश्रा (हीरो), जिला महामंत्री भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रमेंद्र प्रताप सिंह, जिला महामंत्री भारतीय जनता युवा मोर्चा मोहित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### नगरीय समाधान दिवस में आवास समस्याएं लेकर पहुंची महिलाएं

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट :** नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी सभागार में नगरीय समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने फरियादियों की समस्याएं सुनी और उनका निस्तारण किया। इस अवसर पर बिजली, पानी, सडक, साफसफाई व प्रधानमंत्री आवास सम्बन्धी तमाम शिकायतें आई। जिनका उन्होंने निस्तारण करके लोगों को राहत देने का प्रयास किया। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि सबसे ज्यादा शिकायतें सडक व नाली की हैं। इन सब समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बजट का अभाव के आते ही नगर में सडक, नाली आदि विकास कार्यों पर फोकस किया जाएगा। तमाम महिलाएं प्रधानमंत्री आवास की समस्या को लेकर आई। उन्होंने बताया कि उन्होंने साल भर पहले फॉर्म भरे हैं, उन्हें अभी तक आवास नहीं मिला। अधिशासी अधिकारी ने इस पर जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया है।

# प्रभारी मंत्री ने ली विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार जनपद प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मुन्नू कोरी) की अध्यक्षता में एवं मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा के जिला सगठन प्रभारी अनिल कुमार यादव, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

प्रभारी मंत्री ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि जो विकास कार्यक्रम की बैठक हुई, उसमें जिन बिंदुओं पर प्रगति कम है, उन पर प्रगति कराएं। मुख्यमंत्री ने उन्हें जनपद का प्रभारी मंत्री बनाकर जनपद के विकास के लिए जिम्मेदारी दी है, जो कमियां हो उनको अवगत कराया जाए ताकि प्रदेश सरकार से निस्तारण कराया जा सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही नहीं होनी चाहिए अगर किसी विभाग की शिकायत मिली तो कार्यवाही की जाएगी।

मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि 60 वर्ष से ऊपर के वृद्धजनों को आयुष्मान कार्ड का लाभ दिलाए, कोई पात्र व्यक्ति छूटने न पाए। साथ ही सभी विभाग के अधिकारी अपने कार्यों को निष्ठा पूर्वक करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि जो विभाग तथा अधिकारी आपके कार्यों को न सुने तो अवगत कराया जाए, उनके खिलाफ कार्यवाही कराई जाएगी। अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि विद्युत बिलों में सुधार कराया जाए। उप निदेशक कृषि से कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि के जो लाभार्थी शेष हैं, उनको लाभ दिलाया जाए। साथ ही यमुना किनारे के गांव के किसानों की जो फसल बाढ से प्रभावित हुई है, उसकी जांच कराकर किसानों को फसल बीमा का लाभ दिलाया जाए। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में जो पर्यटन विकास के कार्य चल रहे हैं, उसकी सूची बनाकर जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि गोवंशों का संरक्षण शत प्रतिशत कराए ताकि किसानों की फसलों को बचाया जा सके। साथ ही पशुओं का नस्ल सुधार कराया जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज राजापुर तथा राजकीय इण्टर कॉलिज ममसी बुजुर्ग का जो निर्माण कार्य अधूरा है, उसकी जांच कराकर सम्बन्धित कार्यदाई संस्था से पूरा कराया जाए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए। लघु डाल के अधिकारियों से कहा कि पंप कैनाल का पानी टेल तक अवश्य पहुंचाया जाए ताकि किसानों को कोई समस्या न हो। उन्होंने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह से कानून व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही कहा कि महिला सम्बन्धी मामलों पर त्वरित कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि जो दिशा निर्देश दिए गए हैं, उसका अनुपालन अगली बैठक से पहले कराया जाएगा।

## जयकारों से गुंजायमान हुए मंदिर, दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

जन एक्सप्रेस । उरई



बुढवा मंगल का पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। हनुमान लला, मारुति नंदन के दर्शनों के लिए मंदिरों मे भारी भीड़ उमडी। भक्तों ने भगवान की सुंदर झांकी का दर्शन कर पूजा पाठ किया। सभी जगह पर अखंड रामायण तथा हवन किया गया। सुबह से देर रात तक वातावरण पवनसुत के जयकारों से गुंजायमान रहा। डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ दुर्गेश कुमार ने भारी पुलिस फ़ोर्स और प्रशासन के अधिकारियों के साथ मेले का जायजा लिया। शहर प्राचीन ठंडेश्वरी मंदिर मे महंत सिद्धाराम दास महाराज ने भगवान का भव्य शृंगार कर अलौकिक झांकी सजाई। बड़े मंगल का पर्व होने के कारण घरों व मंदिरों मे पूजा पाठ की तैयारी होने लगी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल मेले का आयोजन किया गया। लोगों ने खरीदारी की। बच्चों ने झूले के साथ चाट, पकौडी का जमकर लुत्फ उठाया। संकटमोचन मंदिर में आस पडोस के गांवों के लोग भारी संख्या में दर्शन करने पहुचें। बुढ़वा मंगल के पर्व पर कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। सुबह से शाम तक प्रसाद वितरण का क्रम चलता रहा। कही पर हलुआ पूरी, कही पर सब्जी पूडी तथा बूंदी का प्रसाद बांटा गया। मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां पर भक्तों ने जमकर प्रसाद ग्रहण किया। ठड़ेश्वरी मंदिर, चिंतापूर्ण, राधाकृष्ण मंदिर आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भंडारा आयोजित किया।

# बुढ़वा मंगल पर्व पर पहलवानों ने दिखाए अपने अपने दांव-पेंच

* किसी ने जीती बाइक, किसी ने नगदी तो किसी ने बुलेट पर किया कब्जा

जन एक्सप्रेस । उरई



शहर में बुढ़वा मंगल के पर्व पर घटिया वाले हनुमान मंदिर के नाम से कई वर्षो से दंगल का आयोजन किया जाता है, जहा हजारों रूपए ईनाम की कुश्ती होती है। जहा देश प्रदेश से बड़े बड़े पहलवान अपनी कुश्ती का प्रर्दशन करते और लाखो रुपए की इनाम जीतते है। इस विशाल दंगल को समिति द्वारा काफी लंबे समय से आयोजन किया जा रहा है, जहा दूर दूर से आकार पहलवान भाग लेते हैं और इस दंगल बड़े बड़े केशरी पहलवानों ने भाग लिया। इस दंगल मे जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की जाती है। बताया गया है कि आशीष पहलवान कुठौंदा, आजाद अवस्थी, जोल्हूपुर, ठाकुर विनाश पहलवान ताहरपुर, उत्तर प्रदेश केशरी, इन्होंने 150 सीसी पल्सर मोटर साइकिल जीती, हीरो मोटर साईकिल पंजाब मे जीती, और बुलट मोटर साईकिल देहली मे जीती, राजेश पहलवान आगरा , उत्तर प्रदेश केशरी, ने 5000 का ईनाम जीता, प्रशान्त पहलवान दिल्ली, मनमोहन पाल उरई ने अमर सिंह महोवा को हराया, विजय पहलवान राठ ने अंकित पहलवान गोरा झांसी को हराया, नेक सिंह दवोह को भरत पहलवान सदारा ने हराया, विपिन पहलवान ग्वालियर को बुंदेल खंड केशरी जीतू पहलवान ने हराया, बृज पहलवान दबोह को विकास पहलवान ने हराया, दंगल कार्यक्रम उप जिलाधिकारी उरई नेहा व्यानबाड़, व क्षेत्राधिकारी सदर उमेश चंद पांडेय की मौजूदगी मे दंगल का आयोजन किया गया।

### श्रीमद्भागवत कथा में सप्तम दिवस पर सुदामा चरित्र व्याख्यान के साथ हुई कथा विश्राम

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट :** बूढे हनुमान स्थली में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास ने सातवें दिन श्रीकृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मा देवकी को वापस देना, सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास मनोज महराज ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए। यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा से समझ सकते हैं। श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास ने बताया कि एक बार भगवान कृष्ण से द्वारपाल कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। द्वारपाल ने बताया कि सुदामा नाम बता रहे हैं। कृष्ण ने सुदामा को देखकर उन्हें अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कृष्ण को गले लगाया। दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। कृष्ण ने सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया, चरणारबिन्दों को अपने अश्रुओं से धुलकर उन्हें कुबेर का धन दिया। उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित ने व्यासपुत्र शुकदेव मुनि से भागवत कथा सुनने की मांग की थी।

## स्वच्छता कर्मचारियों को सेवा विभाग राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने किया सम्मानित




जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

सेवा विभाग राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ चित्रकूट द्वारा कर्मयोगी (स्वच्छता कर्मचारी) का सम्मान समारोह मंगलवार को सरस्वती शिशु मंदिर शंकर बाजार कर्वी में स्वच्छता कर्मचारी श्यामलाल की अध्यक्षता, कमलाकांत (विभाग संपर्क), महेन्द्र विभाग शारीरिक व संगीता करवरिया (जिला कार्यवाहिका) की विशेष उपस्थिति में हुआ। समारोह में श्यामलाल, छोटेलाल, भैरो, रज्जू, राकेश, ननकाई, रघुराई, मुन्ना, रानी, सुनीता को माल्यार्पण कर सुन्दर काण्ड भेंट कर सम्मानित किया गया। विभाग संपर्क प्रमुख कमलाकान्त ने कहा कि हम सभी हिन्दू बन्धु एक है। उन्होंने कहा कि कार्य करने की क्षमता के अनुसार वर्गीकरण आज भी होता है और पहले भी होता था। कुछ लोग इसको जातियों में बांट कर अलग करने का काम किया है। कार्यक्रम के संयोजक राजेश पाण्डेय (सह जिला सेवा प्रमुख) ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर संदीप, श्याम, विनोद, विनीत प्यासी, राहुल, अजय आदि मौजूद रहे।

## दो माह पूर्व विवाहिता के खुदकुशी मामले में सात लोगों पर मामला दर्ज

जन एक्सप्रेस । जालौन

लगभग दो माह पूर्व विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी करने के मामले में विवाहिता के मामा की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जिनमें पुलिस ने तीन आरोपियों पुलिस पहले की गिरफ्तार कर चुकी थी। इस मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भवानीराम निवासी शिवम पुत्र रामबिहारी की शादी लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम जैतपुरा निवासी मुस्कान (22) पुत्री सुरेश के साथ हुई थी। बीती सात जुलाई को जब घर के सदस्य काम के लिए चले गए थे। तब मुस्कान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। भारत सिंह उर्फ धन्नू निवासी थाना एरच जिला झांसी ने 10 जुलाई को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराकर बताया था कि उन्होंने वर्ष 2023 में अपनी भांजी की शादी की थी। शादी में उन्होंने लगभग छह लाख रुपये दिए थे। शादी के बाद सबकुछ ठीक ठाक चलता रहा। लेकिन छह माह पूर्व पति शिवम, सास रामरती, ननद स्नेह, ननदोई अखिलेश, ननद कुमारी धीरज, जेठ आशीष व जेठानी सुलपी ने अतिरिक्त दहेज के रूप में एक लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने भांजी की हत्या कर दी थी। जिसके बाद पुलिस ने मामले में आरोपी पति शिवम, सास रामरती और ननद धीरज को गिरफ्तार कर लिया था। इसी मामले में वांछित चल रहे जेठ आशीष व जेठानी सुलपी उर्फ शिल्पी निवासीगण भवानीराम को चुर्खी रोड से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

## पुलिस ने चोरी के माल सहित चोर को गिरफ्तार कर, भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । जालौन

सूने घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के जेवर के साथ 15 हजार रुपये नकद उड़ा लिए थे। पीड़ित बेवा महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। उक्त मामले में पुलिस मुखबिर की सूचना पर आरोपी चोर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गई दो पायल और 100 रुपये नकद बरामद किए हैं।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला घुआताल निवासी गिरिजा वर्मा बेवा सुरेशचंद्र ने पुलिस को बताया था कि उनका बेटा दिल्ली में रहकर काम करता है। बीती 16 जुलाई को वह अपने बेटे और पुत्रवधू से मिलने के लिए घर में ताला डालकर दिल्ली गई थी। कुछ दिनों तक उन्हें वहीं रूकना पड़ा। बीती 11 सितंबर को वह दिल्ली से वापस लौटी। तो अलमारी में रखी तीन सोने की अंगूठी, दो चांदी की पायल और 15 हजार रुपये नकद चोरी हो गए थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। इस मामले में कोतवाल वीरेंद्र पटेल को सूचना मिली कि चोरी जीतू बाथम निवासी मोहल्ला काशीनाथ ने की थी। जो कहीं बाहर भागने की फिराक में प्रतापपुरा मोड़ के पास खड़ा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रतापपुरा मोड़ के पास खड़े जीतू को पकड़कर जब उससे पूछताछ की तो उसने चोरी की बात कुबूल कर ली। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी गई दो चांदी की पायल व 100 रुपये नकद बरामद कर लिए। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया गया।

### केंद्र व प्रदेश की सरकार विकास के क्षेत्र में धरातल पर कर रही काम- संजय सिंह गंगवार

# मोदी के जन्मदिन पर सौगात, आवास की चाबी और मिली पहली किस्त

जन एक्सप्रेस । उरई




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर जब लाभार्थियों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास की चाबी के साथ चयनित लाभार्थियों को पक्का घर बनाने के लिए पहली किस्त की धनराशि खातों में पहुंची तो सभी के चेहरों पर खुशी की लहर देखी गई। जिले के विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में जहां झारखंड में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया वहीं उपस्थित लाभार्थियों का मुंह भी मीठा कराया गया। बता दे कि जिले के विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला पचांयत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री व जिला प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार विकास के क्षेत्र में धरातल पर काम कर रही है। कहा कि सरकार की मंशा है कि संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को पंक्ति के अंतिम पात्र व्यक्ति तक योजना का लाभ मिलना चाहिए। इसी के तहत आज जिले के सभी ब्लॉकों से लाभार्थियों को बुलाया गया था। इस प्रकार 9 ब्लॉकों पर कुल 560 लाभार्थियों को योजनाओ के तहत लाभान्वित किया गया है। इससे पहले कार्यक्रम को सदर विधायक गौरीशंकर बर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, पूर्व केंद्रीयमंत्री भानु प्रताप सिंह बर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने भी सम्बोधित किया। वही आये हुए अतिथियों का जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी संजय कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट अजीत जायसवाल, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

## अवध क्षेत्र में बाढ़ का कहर जारी, खतरे के निशान से ऊपर बह रही है सरयू, कई गांव पानी से घिरे, पलायन जारी

- नेपाल से सटे यूपी के कुछ जिलों में बाढ़ का कहर अभी बना हुआ
- पानी का लेवल कुछ कम तो हुआ है लेकिन सरयू नदी अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सरयू का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। सरयू के जलस्तर में पिछले 24 घंटे में मात्र तीन सेमी की कमी आई है। इसके बावजूद सरयू अभी भी लाल निशान से 56 सेमी ऊपर बह रही है। वहीं सरयू के विकराल रूप के चलते दो तहसीलों की करीब आठ हजार की आबादी बाढ़ की विभीषिका झेलने को विवश है। बढ़ी संख्या में ग्रामीण तटबंधों पर मौसम की मार झेल कर दिन बिता रहे हैं। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार की शाम छह बजे सरयू का जलस्तर 93.29 मीटर रिकॉर्ड किया गया जो कि लाल निशान 92.73 मीटर से 56 सेमी ऊपर है। वहीं पिछले 24 घंटे में सरयू के जलस्तर में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी है। उधर तटवर्ती इलाकों में कटान का भी खतरा बढ़ गया है। अयोध्याधाम में आरती घाट बाढ़ में डूब गया है जबकि गुप्तार घाट की सीढ़िया भी पानी में डूबी हुईं हैं। रामघाट हाल्ट स्टेशन के पीछे स्थित फटिक शिला आश्रम भी बाढ़ के पानी से घिर गया है। वहीं सदर तहसील के पिपरी संग्राम, मडना माझा, काजी पुर माझा और रामपुर पुवारी माझा गांव पूरी तरह से बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। मुख्य मार्गों पर पानी भर जाने से आवागमन ठप हो गया है। मुडाडिह के ग्राम प्रधान प्रसाद यादव ने बताया कि प्रशासन बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए सभी जरूरी इंतजाम कर रहा है। पशुओं के लिए चारे का वितरण किया जा रहा है और राहत शिविरों में ग्रामीणों के लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने नावों के जरिए प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का कार्य शुरू कर दिया है। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने मंगलवार को सदर तहसील के बाढ़ग्रस्त गांव मुडाडिहा ,पिपरी संग्राम, पूरे चेतन में जाकर पीड़ितों का हालचाल लिया। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री देने के साथ ही हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान एसडीएम सदर विकास दुबे, शंभू नाथ सिंह दीपू, पूरा मंडल अध्यक्ष वरूण चौधरी ने बाढ़ पीडितों को रहत समग्री बाटने में सहयोग किया। मरौचा निवासी सरौधे ने बताया कि रविवार की शाम को सरयू नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ता देख पहले किसी तरह रात में ही पशुओं को सुरक्षित स्थान तटबंध पर लेकर आ गए। जिन्हें तटबंध पर बांधकर घर पहुंचा तो देखा घर में काफी पानी भर गया। गृहस्थी का सामान छोड़ बच्चों को लेकर भागना पड़ा। बाढ़ आने से अपने ही गांव में शरणार्थी बन गये हैं। मरौचा निवासी राघवराम ने बताया कि परिवार के लोग भोजन करने के बाद सो गये मध्य रात में पानी इतना बढ़ गया कि खाट डूबने लगी। आंख खुली तो देखा घर में लगभग तीन फिट भरे पानी में कपड़े बर्तन तैर रहा है। अनाज गृहस्थी भी डूब गई। देखते ही नींद उड़ गयी। भोर होते ही सब कुछ छोड़कर नाव से तटबंध पहुंचे। मरौचा निवासी फूलकली ने बताया कि घर में भरा पानी देख बच्चे रो रहे थे। रात नहीं कट रही थी। गनीमत रही कि जलस्तर स्थिर हो गया था। कुछ घंटे और इसी तरह जलस्तर बढ़ता तो भारी तबाही हो सकती थी। भोर होते ही बच्चों को लेकर सुरक्षित स्थान की ओर पलायन करना पड़ा।

## पितृ पक्ष : आज से शुरू होगा श्राद्ध कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




पितृ पक्ष बुधवार से शुरू हो रहे हैं। श्राद्ध 30 सितंबर तक चलेंगे। दो अक्तूबर को सर्व पितृ अमावस्या होगीः इस दिन पितरों की विदाई होती है और जिन्हें अपने पूर्वजों की मृत्यु तिथि मालूम नहीं, या किसी कारणवश वे तय तिथि पर नहीं कर पाए, वो इस दिन श्राद्धकर्म कर सकते हैं। आइए, अपने व्यस्त समय से कुछ वक्त निकालकर अपने पुरखों को नमन करें और उनके आशीर्वाद से अपनी आत्म उन्नति की राह को प्रशस्त करें। पुरखों को नमन के का पखवारा बुधवार से शुरू हो रहा है। ज्योतिषाचार्य पंडित धीरेन्द्र पांडेय व एसएस नागपाल के मुताबिक पितरों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण, श्राद्ध,पिंडदान समेत अन्य अनुष्ठान किए जाते हैं। ज्योतिषाचार्य के मुताबिक, मान्यता है कि इन दिनों में पितरों की आत्मा धरती पर आती है। जिस तिथि को पितरों की मृत्यु हुई हो, उस तिथि को उनके नाम से श्रद्धा और यथाशक्ति ब्राहम्णों को भोजन करवाएं। गाय, कौवे, कुत्ते और चीटियों को भी खिलाया जाता है। गायत्री मंदिर इंदिरानगर के संयोजक उमानंद शर्मा ने बताया कि पूरे पक्ष में सुबह 5ः30 बजे हर दिन सामूहिक तर्पण होगा। दो अक्तूबर को सर्व पितृ अमावस्या होगीः इस दिन पितरों की विदाई होती है और जिन्हें अपने पूर्वजों की मृत्यु तिथि मालूम नहीं, या किसी कारणवश वे तय तिथि पर नहीं कर पाए, वो इस दिन श्राद्धकर्म कर सकते हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित धीरेन्द्र पांडेय के मुताबिक,पिंडदान, ब्राह्मण भोजन के अलावा पौधे लगाने व उनके पूजन से भी पूर्वज संतुष्ट होते हैं। पौधे पर्यावरण सुरक्षा तो करते ही हैं, इनके पूजन से हमारे पूर्वज भी संतुष्ट करते हैं। पितृ पक्ष में बेलपत्र लगाने से विवाह बाधाएं दूर होती हैं और आर्थिक संकट में कमी आती है। वहींतुलसी में दिव्य ऊर्जा समाहित होती है, इसका पौधा लगाने व जल देने से पितृ भी शांत होते हैं, खुद के मन को भी शांति मिलती है। ज्योतिषाचार्यों का मत है कि गया जाकर पिंडदान कर आए परिवार के लिए खरीदारी आदि करने की कोई मनाही नहीं है। मांस-मदिरा का सेवन करने से बचना चाहिए। जरूरत पर खरीदारी आदि निषेध नहीं है।

## कम से कम दो लेन चौड़ा होगा प्रदेश का हर स्टेट हाइवे, पीडब्लूडी की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ । यूपी में बनने वाला हर स्टेट हाइवे कम से कम दो लेन वाला होगा। अब प्रदेश का कोई हाइवे ऐसा नहीं होगा जो सिंगल लेन हों। यूपी के स्टेट हाइवे की गुणवत्ता अब बढ़ने जा रही है। पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव अजय चौहान ने मंगलवार को विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने कार्ययोजना की जानकारी ली। साथ ही निर्देश दिए कि शासन से समय से एस्टीमेट स्वीकृत कराए जाएं। प्रमुख सचिव ने कहा कि वर्तमान में ऐसे कितने राज्य राजमार्ग जो अभी तक दो लेन नहीं हुए हैं, उनकी सूची बनाएं और उनको भी जल्द चौड़ा किया जाए।प्रमुख सचिव ने इंटरस्टेट कनेक्टिविटी योजना के अंतर्गत चिह्नित सड़कों को भी दो लेन करने के निर्देश दिए। साथ ही इनके संबंध में बुधवार तक रिपोर्ट मांगी, ताकि आगामी कार्ययोजना तैयार हो सके।उन्होंने कहा कि अगर कहीं अंतर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर प्रवेश द्वार नहीं बना है, तो उनकी भी सूची तैयार कर ली जाए।

प्रदेश में जिन स्थानों पर अभी भी लकड़ी के अस्थायी पुल हों, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर चिह्नित करते हुए कार्ययोजना में शामिल किया जाए। अजय चौहान ने सुल्तानपुर रोड पर अर्जुनगंज में निर्माणाधीन चौड़ीकरण कार्य की समीक्षा करते हुए मुख्य अभियंता (मध्य क्षेत्र) को निर्देश दिया कि इसे जल्द पूरा कराया जाए।

लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी और ठेकेदार को भी ब्लैक लिस्ट किया जाए। बैठक में पीडब्ल्यूडी विभागाध्यक्ष योगेश पवार, सेतु निगम के प्रबंध निदेशक धर्मवीर सिंह भी उपस्थित थे।

## जनता का विश्वास खो चुकी है योगी सरकार : आराधना

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर मीडिया से मुखातिब नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना ने प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्था एवं पुलिसिया उत्पीड़न के मुद्दे पर सरकार को घेरा। प्रदेश की भाजपा सरकार पर अपराधियों में भेदभाव करने जाति और धर्म देखकर कार्यवाही करने व महिला अपराध करने वाले अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। प्रदेश सरकार अपराध को रोक पाने में विफल है। आराधना मिश्रा %मोना% ने कहा कि योगी सरकार जनता का विश्वास एवं अपराधियों में भय दोनों खो चुकी है। पिछले 7 साल से सत्ता में काबिज योगी आदित्यनाथ हमेशा जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं। आत्ममुग्ध होकर खुद ही हर मंच से कानून व्यवस्था पर अपनी तारीफ करते नज़र आते रहते हैं मगर सच्चाई इसके विपरीत है। सरकारी मशीनरी का अपराधियों और अपराध को समाप्त करने को लेकर ईमानदार नीयत न होने के कारण देश में जो महिलाओं के विरुद्ध जो अपराध दर्ज हो रहे है उनमें से 25 प्रतिशत अपराध अकेले उत्तर प्रदेश से हैं, गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में उत्तर प्रदेश में महिलाओं के विरुद्ध अपराध के 65,743 अपराध दर्ज हुए, जो अन्य किसी राज्य की तुलना में सर्वाधिक है जिनमें जघन्य, बलात्कार और बलात्कार के प्रयास, छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न, साइबर अपराध, पीछा करना जैसे अपराधों की देश भर में वर्ष 2023 में कुल 28,811 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 16,109 शिकायतें अकेले उत्तर प्रदेश से थी, जो सभी राज्यों में सबसे अधिक थी। यह हम नहीं बल्कि एनसीआरबी की ''क्राइम इन इंडिया रिपोर्ट 2022'' के आंकडें हैं कि उत्तर प्रदेश, हत्या, बलात्कार, अपहरण, बलात्कार के बाद हत्या, गैंगरेप और महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में नंबर 1 बना हुआ है। इससे ज्यादा शर्मनाक यह है कि इन आकड़ों के आने के बाद भी सरकार की तरफ से कोई ठोस पुख्ता इंतजाम अपराधों को रोकने के लिए न करके उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार जाति और धर्म देखकर कार्यवाही कर रही है, बुल्डोजर चला रही और फर्जी एनकाउंटर करवा रही है। मुख्यमंत्री मंचों से भाषण देते कि हमारी सरकार अपराधियों को पाताल से खोज लाएगी, लेकिन हकीक़त यह है।

## धार्मिक झंडे व बैनर लगाने के लिए दो समुदाय में विवाद, दोनों तरफ से केस हुए दर्ज




- एक धार्मिक झंडा लगाने के मामले में दो समुदायों के बीच विवाद हो गया दोनों तरफ से एफआईआर दर्ज हो गई

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ के रहीमाबाद इलाके में धार्मिक झंडे व बैनर लगाने के लिए दो पक्षों विवाद हो गया। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज किया है। पहला मुकदमा बलदेवखेड़ा निवासी चप्पल दुकानदार विशनू की तहरीर पर दर्ज किया गया है। उनका आरोप है कि सोमवार को वह बजरंग दल के भगवा झंडे लगा रहे थे। लालूहार गांव के आदिल और उनके साथियों ने इसका विरोध करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आदिल व उनके साथियों पर रहीमाबाद थाने में केस दर्ज किया गया। इसकी जानकारी पर मंगलवार को दूसरे समुदाय के लोग नाराज हो गए और धर्म कांटे पर एकत्र होकर हंगामा शुरु कर दिया। आरोप लगाया कि रहीमाबाद के रूसैना निवासी भूपेंद्र अर्कवंशी, तिलन गांव के विक्की और अज्ञात ने बारावफात पर धार्मिक झंडे व बैनर के ऊपर अपने धार्मिक झंडे लगा दिए। उनके बैनर फाड़ दिए। जुलूस न निकालने की धमकी दी। एसओ रहीमाबाद अनुभव सिंह ने कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। लालूहार निवासी आदिल के पिता उल्फ अली अंसारी ने तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। वीडियो कॉलिंग करते हुए युवती नदी में कूदी बंथरा के बनी गांव के पास मंगलवार की सुबह वीडियो कॉलिंग करते हुए युवती ने पुल से सई नदी में छलांग लगा दी। गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश की गई पर कुछ पता नहीं चल सका। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सुबह करीब साढ़े दस बजे 20 वर्षीय युवती लखनऊ से कानपुर जाने वाली सड़क पर ऑटो से उतरी। वह वीडियो कॉलिंग पर किसी से बात कर रही थी। बात करते हुए ही वह भागकर पुल के ऊपर चढ़ गई और छलांग लगा दी।

### फास्ट फॉरवर्ड

## इप्सेफ ने की राष्ट्रीय वेतन आयोग का गठन की मांग, प्रधानमंत्री को भेजा पत्र

**जनएक्सप्रेस/लखनऊ ।** 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर देशभर में इप्सेफ के आह्वान पर कर्मचारी सत्याग्रह कर संकल्प लेंगे।इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्रा ने प्रधानमंत्री को पत्र भेज कर आग्रह किया है कि एक देश एक चुनाव कराने की तरह एक देश एक वेतन भत्ते व सुविधाओं की समानता के लिए राष्ट्रीय वेतन आयोग का गठन किया जाए ।इससे देशभर में आंदोलन की समस्या समाप्त हो जाएगी। महासचिव प्रेमचंद ने प्रधानमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा है कि इप्सेफ की शेष दो मांगों पर भी जल्द निर्णय कराये जिससे की नाराजगी दूर हो जाए। पुरानी पेंशन की बहाली आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियुक्तियों में वरीयता देने एवं न्यूनतम वेतन व अन्य सुविधाएं देने की मांग है। उप महासचिव अतुल मिश्रा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने आउटसोर्स कर्मचारी को नियमित करने के लिए नीति बनाने का आदेश अधिकारियों को दिया है।

## भगवान विश्वकर्मा को माना जाता है ब्रम्हाण्ड का रचयिता–जयंत

**जनएक्सप्रेस/लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सृष्टि निर्माता एवं सृजनकर्ता विश्वकर्मा जयंती जिला कार्यालय लखनऊ में मनाई गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने की। भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को ब्रम्हाण्ड का रचयिता माना जाता है।विश्वकर्मा द्वारा इन्द्रपुरी, यमपुरी, वरूण पुरी, कुबेर पुरी एवं सुदामा पुरी के साथ ही तमाम निर्माण कराये गये। भगवान विश्वकर्मा से हम सभी को अपने-अपने चरित्र निर्माण की भी सीख मिलती है। इस मौके पर सांसद आरके चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव विजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष,जिला निर्वाचन प्रभारी टीबी सिंह, जिला उपाध्यक्ष जमालुद्दीन बेग 'कल्लू', वीरेन्द्र प्रताप सिंह, बचान सिंह यादव, इब्राहीम मंसूरी, आदिल इदरीश, रामप्रकाश यादव, जिला कोषाध्यक्ष इश्तियाक अहमद, जिला प्रवक्ता मीडिया प्रभारी रमेश सिंह 'रवि', जिला सचिव शगीर अहमद अंगूर, अकील गगचांद, अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष अंजनी प्रकाश, महिला सभा जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव, विजयश्री, सुधा जायसवाल, शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष दिवाकर यादव, महिला सभा प्रदेश सचिव हिना कुरैशी के साथ अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## निष्क्रिय नेताओं को किनारे लगायेगी सपा

**जनएक्सप्रेस/लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में सपा के कई नेताओं को अखिलेश यादव बाहर का रास्ता दिखा सकते हैं। उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने अपनी कमर कस ली है।लोकसभा चुनाव 2024 में 37 सीटें जीतने वाली समाजवादी पार्टी ने 2027 में विधानसभा चुनाव के लिए नई रणनीतियों पर काम करना शुरू कर दिया है।

## यागी के कमजोर होने के बावजूद यूपी में अच्छी बारिश, 20 से40 किलोमीटर की रफ्तार से चलीं हवाएं



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी में चक्रवाती तूफान यागी के कारण प्रदेश में 20 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। बुधवार के बाद मानसून में दोबारा सुस्ती के संकेत हैं। उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान यागी के कमजोर हो जाने के बावजूद उसके अवशेषों से विकसित कम दबाव क्षेत्र के असर से मंगलवार को यूपी के दक्षिणी व पूर्वी इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश देखने को मिली। इस नए विकसित वेदर सिस्टम का असर विंध्य क्षेत्र तक देखने को मिला। प्रयागराज, वाराणसी, सोनभद्र, मिर्जापुर, बांदा आदि में मंगलवार को अच्छी बारिश देखने को मिली। बदले हुए मौसम के बीच प्रदेश के दक्षिणी और पूर्वी इलाकों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं।

बुधवार को भी बुंदेलखंड व आगरा रीजन में अच्छी बारिश की संभावना जताई जा रही है। राजधानी की बात करें तो सोमवार की देर रात से 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। मंगलवार को दिन में तेज हवा और धूप छांव के साथ ही रुक रुक कर हुई छिटपुट बूंदाबांदी की वजह से मौसम खुशनुमा रहा। मौसम विभाग के मुताबिक लखनऊ में मंगलवार की शाम से बुधवार तक रुक-रुक कर बूंदाबांदी के आसार हैं। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक चक्रवाती तूफान यागी के अवशेष के झारखंड में सक्रिय होने के बाद तेजी से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की उम्मीद है जिससे दिल्ली, मध्य प्रदेश समेत कुछ राज्यों में बुधवार को भी अच्छी बारिश के आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश में मंगलवार व बुधवार को मध्य प्रदेश से सटे दक्षिणी इलाकों सोनभद्र, चित्रकूट, मिर्जापुर, प्रयागराज आदि के साथ बुंदेलखंड व आगरा रीजन में अच्छी बारिश की संभावना जताई है।

## भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण 06 कैटामारन बोट उपलब्ध करायेगा : जयवीर

**जनएक्सप्रेस/लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग निगम में भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण को पत्र लिखकर गोवा और केरल की तर्ज पर रोमांचक जल भ्रमण कराने की तैयारी कर रहा है। पर्यटन विभाग ने अयोध्या, काशी और मथुरा में ओपेन कैटामारन बोट संचालन का निर्णय लिया है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण से 06 कैटामारन बोट उपलब्ध कराने के लिए समझौता किया गया है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि समझौते के तहत अयोध्या, काशी, मथुरा में 02-02 बोट का संचालन किया जायेगा। अब तक अयोध्या और काशी में एक जैसे कैटामारन बोट की आपूर्ति की जा चुकी है। इस बोट में 50 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग अपने संसाधनों एवं सामर्थ्य का प्रयोग करके पर्यटन को नई ऊचाईयों तक ले जाना चाहता है।

## स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता अभियान का आगाज़

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के नगरों को स्वच्छ और सुन्दर बनाने, आम जनमानस को शुद्ध वातावरण व पेयजल की आपूर्ति करने के लिए नगर विकास विभाग प्रतिबद्ध है। नगरीय निकायों में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता अभियान तथा 25 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक ÷सतत् 155 घण्टे का स्वच्छता अभियान÷ चलाये जाने का आह्वान किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में स्वच्छता मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान की शुरुआत की। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने इस अभियान की शुरुआत जौनपुर की शाहगंज नगर पंचायत में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में प्रतिभाग और श्रमदान कर की। स्वच्छ को स्वभाव और संस्कार में स्थापित करना ही मुख्य उद्देश्य है, और यही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।स्वच्छता ही सेवा 2024 अंतर्गत ÷स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता÷ की थीम पर प्रदेश के सभी निकायों में जनप्रतिधियों के साथ ही जनमानस ने भी बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग कर रहे हैं। नगर आयुक्त, अधिशासी अधिकारी और स्वच्छता के कार्यों में तत्परता से जुटे कार्मिकों ने नगरीय निकाय निदेशालय से इस अभियान की हो रही ऑनलाइन मॉनिटरिंग में भी निकयों में हो रहे कार्यों को दिखाते हुए जानकारी दी। प्रदेश में चल रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों की सफाई कर उन्हें सुन्दर बनाने के साथ ही आम जनमानस के स्वभाव और संस्कार में भी स्वच्छता और उसके मूल्यों को स्थापित भी करना है। निदेशक नगरीय निकाय अनुज झा ने बताया कि प्रदेश में 114500 कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 53762 लक्षित इकाइयां व 47587 सीटीयू को चिन्हित किया गया है। अभियान में 57 हजार से अधिकारी लोगों ने प्रतिभाग किया है। सफाई मित्रों के लिए 4237 ÷सफाईमित्र सुरक्षा शिविर÷ का आयोजन कर स्वास्थ्य परीक्षण व सरकारी योजनाओं का लाभ देने की व्यवस्था की गयी है। लखनऊ में प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा कि इस अभियान अन्तर्गत निकायों में साफ-सफाई व्यवस्था, नाला-नालियों की सफाई, जल निकासी की समुचित व्यवस्था, शुद्ध पेय जल की उपलब्धता, मार्ग प्रकाश व्यवस्था को और सुदृढ़ करने का कार्य किया जायेगा। नियमित रूप से प्रातः 05 बजे से 08 बजे तक साफ-सफाई करायी जायेगी। माइक्रो प्लान बनाकर प्रत्येक मोहल्लों, वार्डो की सड़कों व गलियों की सफाई के लिए सफाई कर्मियों की बीट बनायें। नियमित ऑनलाइन व ऑफलाइन मॉनीटरिंग की जाए। मुख्य बाजारों, प्रमुख सार्वजनिक स्थलों बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों, शिक्षण संस्थानों इत्यादि के आस-पास के क्षेत्रों में शाम 04 बजे से 08 बजे के बीच भी द्वितीय पाली में सफाई का कार्य एवं कूड़े का उठान कराया जायेगा।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ÷बापू÷ के स्वच्छता के सन्देश को जन-जन तक पहुंचाने और उनको स्वाभाव और संस्कार में स्वच्छता को स्थापित करने के लिए प्रदेश के निकायों में एकजुटता के साथ विशेष अभियान की शुरुआत हुई। जौनपुर की शाहगंज नगर पंचायत में कार्यक्रम में नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने श्रमदान, स्वच्छता प्लेज, पौधोरोपण, स्वच्छ संवाद व सफाई मित्रों का सम्मान कर इस विशेष अभियान की शुरुआत की। वहीं अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप साही ने राम की नगरी में विशेष सफाई अभियान में प्रतिभाग करते हुए श्रमदान करते हुए जनमानस को बताया कि स्वच्छता ही सबसे बड़े सेवा है। उन्होंने कहा कि आज इस अभियान की शुरुआत सरयू नदी के तट पर गुप्तार घाट, श्रीराम की पैड़ी, रामघाट व मंडी स्थल पर सफाई अभियान से की। उसके पश्चात् प्लोग रन और विभिन्न स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत और स्वच्छ उत्तर प्रदेश की अवधारणा को साकार करना ही राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को सच्ची श्रद्धांजलि है। मथुरा के महापौर विनोद अग्रवाल जी और प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी ने भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर जनमानस को स्वच्छता का सन्देश दिया और जिले में आयोजित श्रमदान और अन्य कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया।जिलाधिकारी संभल राजेंद्र पेंसिया ने स्वयं श्रमदान करते हुए आरआरआर सेंटर और वेस्ट तो वंडर पार्क का शुभारंभ किया।

# स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का प्रभारी मंत्री ने किया शुभारंभ

**✻ जिला अस्पताल का निरीक्षण कर भर्ती मरीजों को वितरित किया फल व घड़ी**

जन एक्सप्रेस | अमेठी



राज्यमंत्री खाद एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग व जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा मंगलवार को अपने एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान अमेठी पहुंचे।जनपद के प्रभारी मंत्री बनने पर पहली बार आगमन पर कार्यकर्ताओं एवम पदाधिकारियों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका गौरीगंज वार्ड नंबर नौ मिश्रौली में सफाई कर स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया।इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों से वार्ताकर शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी ली।तथा उनकी समस्याओं को सुना एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।इस दौरान प्रभारी मंत्री ने सफाई कर्मियों की टोली बनाकर पूरे क्षेत्र की सफाई कराने का निर्देश दिया।इसके उपरांत जिला अस्पताल पहुंचकर पौधारोपण किया।और जनपद वासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि सभी लोग एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं।इसके उपरांत उन्होंने जिला अस्पताल में एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण कर, नवजात शिशुओं को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।उन्होंने भाजपा युवा मोर्चा द्वारा जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर का फीता काट कर उद्घाटन किया।इसके पश्चात उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल व घड़ी वितरित किया।साथ ही मरीजों से वार्ता कर उनका हाल-चाल जाना।एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रभारी मंत्री ने गौरीगंज के राजगढ़ में स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्ध जनों का हाल-चाल जाना एवं वृद्ध जनों को फल व घड़ी का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को वृद्धाश्रम में वृद्ध जनों को खाने-पीने, उनके इलाज की समुचित व्यवस्था,रहने इत्यादि के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिया।इस अवसर पर जिलाधिकारी निशा अनंत,पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह,मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, एसडीएम गौरीगंज दिग्विजय सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित,नगर पालिका गौरीगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री के जन्मोत्सव पर सीएचसी पूरा पर फल वितरण कार्यक्रम आयोजित

जन एक्सप्रेस | पूरा बाजार - अयोध्या



प्रधानमंत्री के जन्मोत्सव के अवसर पर आज पूरा बाजार में उल्लास का माहौल रहा। इस खास मौके पर प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने सीएचसी पूरा (कॉमन सर्विस सेंटर) पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री के समाज सेवा और जनहितकारी कार्यों को सम्मानित करते हुए लोगों के प्रति सेवा भाव प्रकट करना था।शिवेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन देश की सेवा और गरीबों के उत्थान के प्रति समर्पित रहा है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिससे मरीजों और ज़रूरतमंदों को कुछ राहत और सहायता मिल सके। उन्होंने प्रधानमंत्री की दीर्घायु और स्वास्थ्य की कामना की, साथ ही सभी को प्रधानमंत्री की नीतियों और विचारों से प्रेरणा लेने की अपील की इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी जिला महामंत्री शैलेंद्र सीएचसी अधीक्षक अमित वर्मा और गणमान्य लोग मौजूद थे।

# देश व प्रदेश के सर्वांगीण विकास हेतु भाजपा का सदस्य बनें: मधु पाठक

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



भारतीय जनता पार्टी की जिला शोध प्रमुख (अवध क्षेत्र) मधु पाठक के नेतृत्व में ऋषि टोला, फतेहगंज में भाजपा सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें सैकड़ों बहनों को अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ प्रत्येक वर्ग के उत्थान हेतु समर्पित भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई उक्त अवसर पर भाजपा जिला शोध प्रमुख (अवध क्षेत्र) मधु पाठक ने कहा कि देश व प्रदेश के सर्वांगीण विकास हेतु भाजपा का सदस्य बनें भाजपा की राष्ट्रवादी सोच को नई ऊंचाई देने के लिए 8800002024 पर मिस्ड कॉल करें और विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें एवं भारत को विश्व गुरु की पदवी पर सुशोभित करने में अपना योगदान दे। सदस्यता लेने वालों में प्रमुख रूप से सीमा पांडे, दिव्या पांडे,अमिता दुबे,मंजू दुबे, ममता सिंह, मालती गुप्ता, रंजना देवी,पूनम शर्मा,सम्पता देवी, अंशू यादव,शशिधर पाण्डेय, मार्कण्डेय पाण्डेय,नागेन्द्र पाण्डेय सहित सैकड़ों लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया।

# अयोध्या का यह महाधिवेशन मील का पत्थर साबित होगा: श्रीकांत मिश्रा

जन एक्सप्रेस | अयोध्या




नार्थ सेंट्रल ज़ोन इंश्योरेंस इम्प्लाइज फेडरेशन का 30 वां महाधिवेशन आज बड़े हर्षोल्लास के साथ तीसरे दिन आज सम्पन्न हुआ।महाधिवेशन के अंतिम दिन,द्धद्धश्च के राष्ट्रीय महासचिव कॉम श्रीकांत मिश्रा ने डेलीगेट्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज देश अंदर जरूरत है श्रमिक वर्ग को जागरूक होने की बेहद जरूरत है।सरकार सब सरकारी संस्थान बेच व प्राइवेट करके तानाशाही रवैया अपना रही है।आर्थिक संकट पैदा किया जा रहा है।किसानों के साथ धोखा दे रही है,मजदूरों को मिनिमम वेज नही दे रही है।आज अयोध्या का यह महाधिवेशन मील का पत्थर साबित होगा।सब को पूरी ताकत के साथ एकजुट होकर संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा।

बीमा कर्मचारी संघ फ़ैज़ाबाद डिवीजन के अध्यक्ष कॉम आरडी आनंद ने बताया कि आज सम्मेलन में प्रस्ताव आतंकवाद,,महिला हिंसा,बेरोजगारी और पुरानी पेंशन बहाली पर आया जिसमे सभी साथियों ने उस पर चर्चा करते हुए इस प्रस्ताव को पास किया गया।आने वाले समय मे केंद्र सरकार के सामने लागू कराने के लिए संघर्ष करेंगे।

सम्मेलन में 35 सदस्यीय कमेटी का सम्मलेन ने चुनाव किया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष कॉम संजीव शर्मा,महासचिव कॉम राजीव निगम को सर्वसम्मति से चुना गया है। अयोध्या से कॉम रविशंकर चतुर्वेदी को कमेटी सदस्य चुना गया।

महासचिव कॉम रविशंकर चतुर्वेदी ने कहा कि सम्मेलन बहुत सफलता पूर्वक सम्पन्न हो रहा है इस सम्मेलन से अयोध्या मंडल के साथियों को बड़ी ऊर्जा मिलेगी और संगठन और मजबूत होगा।सम्मेलन के अंत ÷हम होंगे कामयाब एक दिन,

मन मे हो विश्वास पूरा हो विश्वास एक दिन÷क्रांतिकारी गीत के साथ सम्पन्न हुआ।

सम्मेलन में संजीव सिंह, सीएम पांडेय, केके पांडेय,सीपी शुक्ला, बलदेव, शिवशंकर मौर्या, सहित दर्जनों साथी मौजूद रहे।

# जानकी घाट के पूर्वाचार्य स्वामी मैथिली रमण शरण जी महाराज को पुण्य तिथि पर संत धर्माचार्यों ने नमन कर पुष्पांजलि अर्पित की

जन एक्सप्रेस | अयोध्या




रसिक संप्रदाय की आचार्य पीठ श्री जानकी घाट,बड़ा स्थान के पूर्वाचार्य स्वामी मैथिली रमण शरण जी महाराज महाराज महाराज 33वी पुण्य तिथि मनाई गई। रसिकाचार्य महंत श्री जन्मे जय शरण जी महाराज की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में संत धर्मा चार्यी ने स्वामी मैथिली रमण शरण जी महाराज जी को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस पुनीत अवसर पर वृहद भंडारा संपादित हुआ जिसमे बड़ी संख्या में संत,महंतो,अतिथियों,भक्तो ने अमृतमई भोजन प्रसाद ग्रहण किया। रसिक पीठाधीश्वर स्वामी श्री जन्मेजय शरण जी महाराज द्वारा सभी समागत संतों, महंतो,अतिथियों को दक्षिणा भेंट प्रदान कर सम्मानित किया गया। देश के कोने,कोने से स्थान से संबद्ध भक्तो का पदार्पण हुआ। श्रद्धांजलि देने वाले प्रमुख संत,महंतो में विंदु गद्याचार्य स्वामी देवेन्द्र प्रसादा चार्य महाराज दशरथ महल,बड़ा स्थान, बड़ा भक्त माल पीठाधीश्वर अवधेश दास महाराज, महंत श्री अवध किशोर शरण महाराज,महामंडलेश्वर भानू दास महाराज,महंत राम शंकर दास शास्त्री,महंत पवन दास महाराज,महंत नागा राम लखन दास महाराज,नागा सूरज दास महाराज,महंत राम लखन शरण गहोई, डॉ प्रभाकर शरण ,पुजारी किशोरी शरण जी वैदेही मंदिर, नंद कुमार मिश्र पेड़ा महाराज, अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश महाराज,महंत रामदास करतलियां आश्रम सहित अन्य संत,महंत एवम भक्त शामिल हुए।

# बड़ा मठ में हिंदू बनकर दीक्षा लेने पहुंचा मुस्लिम युवक, आधार कार्ड मांगने पर हुआ फरार, साजिश विफल

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

रायबरेली के डलमऊ स्थित बड़ा मठ में बड़ी साजिश विफल हो गई। संदिग्ध युवक ने कहा कि महाराष्ट्र के संतों ने उसे दीक्षा लेने भेजा था। आतंकी साजिश की आशंका जताई जा रही है। बड़ा मठ डलमऊ में जम्मू कश्मीर के एक मुस्लिम युवक ने हिंदू बनकर दीक्षा लेने का प्रयास किया। आधार कार्ड मांगने पर उसने ड्राइविंग लाइसेंस दिखाया जिसमें उसका पता जम्मू कश्मीर लिखा था। इससे पहले कि मठ के साधु संत सूचना देकर पुलिस को बुलाते मुस्लिम युवक फरार हो गया। युवक आधा घंटे तक मठ में रुका था और पूछने पर बताया था कि महाराष्ट्र के साधु संतों ने उसे मठ दीक्षा लेने के लिए भेजा। मुस्लिम युवक की इस साजिश के पीछे बड़ा मठ को नुकसान पहुंचाने के रूप में देखा जा रहा है। साथ ही आतंकी कनेक्शन से भी इंकार नहीं किया जा सकता। मठ के साधु संतों व बच्चों में दहशत है। पुलिस युवक की तलाश कर रही है।

रायबरेली जिला मुख्यालय से करीब 30 किमी दूर गंगा नदी के किनारे डलमऊ कस्बा में बड़ा मठ स्थित है, जहां पर बच्चों को संस्कृत की दीक्षा दी जाती है। बड़ा मठ डलमऊ के स्वामी दिव्यानंद महाराज के मुताबिक 15 सितंबर की रात करीब आठ बजे 35 वर्षीय व्यक्ति साधु के भेष में मठ पहुंचा और बताया कि महाराष्ट्र के साधु संतों ने उसे यहां भेजा है और कहा कि डलमऊ बड़ा मत जाकर शिक्षा ग्रहण करो। इस पर युवक का स्वागत किया गया। उसे भोजन खिलाया गया। इसके बाद आधार कार्ड मांगा गया तो उसने ड्राइविंग लाइसेंस दिखाया। ड्राइविंग लाइसेंस जम्मू कश्मीर का था और उसमें मो. सलीम लिखा था। मामला संदिग्ध दिखने पर इसकी सूचना पुलिस को दी।

स्वामी दिव्यानंद के मुताबिक जिस तरह युवक हिंदू बनकर दीक्षा लेने यहां पहुंचा, उससे आशंका है कि उसका इरादा मठ को नुकसान पहुंचाना था। साथ ही उसने जिस तरह खुद को दीक्षा लेने की बात बताई उससे युवक के आतंकी कनेक्शन से इंकार नहीं किया जा सकता। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर भेजी गई थी लेकिन संदिग्ध युवक नहीं मिला था। उसके बारे में पड़ताल कराई जा रही है।

सफेद कुर्ती, भगवा रंग का पहने था अचला

बड़ा मठ आए युवक ने दाढ़ी रखी थी। सफेद कुर्ता, भगवा रंग का अचला पहने था साथ ही दाहिने हाथ में रुद्राक्ष की माला और बायें हाथ में टैटू गोदवा रखा था। रंग गोरा था। आधा घंटे तक ही वह मठ में रुका था। इसी दौरान आधार कार्ड मांगने पर वह फरार हो गया। संदिग्ध व्यक्ति के मठ जाने के बाद से हड़कंप मचा है। गंगा नदी के किनारे साल 1957 में बड़ा मठ की स्थापना हुई थी।

# सीएम योगी की मिल्कीपुर में प्रस्तावित जनसभा स्थल का मंडलायुक्त व पुलिस महानिरीक्षक ने किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस | अयोध्या

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मिल्कीपुर के विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के मैदान में प्रस्तावित जनसभा स्थल का मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सम्पूर्ण जनसभा स्थल के परिसर का निरीक्षण करते हुए सभी तैयारियों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री जी के राजकीय हेलीकॉप्टर के उतरने के लिए बनाये जा रहे अस्थायी हेलीपैड तथा आम जनमानस के आने के मार्ग व वाहनों के पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया तथा कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए सभी तैयारियों को पूर्ण किया जाए तथा मुख्यमंत्री की सुरक्षा मानकों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रतन सिंह, पीडब्लूडी के अधिशाषी अभियन्ता, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाई गई पेरियार ई. वी. रामास्वामी नायकर की 145वीं जयंती



जन एक्सप्रेस | अयोध्या

पेरियार ई. वी. रामास्वामी नायकर की 145वीं जयंती अयोध्या प्रेस क्लब में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहुजन समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत रामास्वामी नायकर के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इस दौरान कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए, जिसमें डॉक्टर बैजनाथ पाल, जयप्रकाश पाल और मनोज पाल रामप्रकाश पाल उमाशंकर पाल जेपी पाल संत शरण पाल डॉक्टर रन पाल निर्मल पाल आदि शामिल रहे।

# बच्चो को जिंक, ओ0आर0एस0 देकर दस्त से होगा बचाव: नीरज मौर्य

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

डायरिया नेट जीरो के तहत अंबेडकर नगर जिले के बसखारी ब्लॉक के उमरापुर गांव रैकिट इंडिया और डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम ÷डायरिया नेट जीरो÷ के अंतर्गत जीडी नीरज मौर्य बीसी राम गोविंद मौर्य और डीसी विनोद कुमार श्रीवास्तव के साथ समुदाय की मीटिंग कराया गया जिसमें सभी को जागरण पहल के कार्यक्रम डेटॉल डायरिया नेट जीरो के अंतर्गत 0 से 5 साल तक के बच्चो में होने वाले दस्त के बचाव और जिंक और ओ आर एस की उपयोगिता पर जानकारी दिया गया स्वच्छ जल, सुरक्षित शौचालय,स्तनपान, टीकाकरण,20 सेकेंड तक साबुन से हाथ धोना, ओ आर एस,और जिंक का टेबलेट पर चर्चा किया गया । टीम जागरण पहल अंबेडकर नगर द्वारा किया गया।

# अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर चला स्वच्छता और सेवा अभियान

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

**✻ प्रभारी मंत्री के बिगड़े बोल,सवाल पूछने पर पत्रकार को बताया समाजवादी**

**✻ श्रीराम अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी ने मंत्री का पैर छूकर लिया आशीर्वाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर रामनगरी अयोध्या में विशेष स्वच्छता और सेवा अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सरयू के घाटों पर सफाई अभियान का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सफाई में हिस्सा लिया। इसके साथ ही, श्रीराम अस्पताल और दशरथ मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीजों के बीच फल वितरण किया गया।इह कार्यक्रम में प्रदेश के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विशेष भूमिका निभाई। उन्होंने श्रीराम अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए और उनकी कुशलक्षेम पूछी। उनके साथ अयोध्या के नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और भाजपा के कई अन्य प्रमुख नेता भी मौजूद थे।

प्रभारी मंत्री के बिगड़े बोल,सवाल पूछने पर पत्रकार को बताया समाजवादी

फल वितरण के दौरान, अस्पताल में बाहर की दवाइयां लिखने के सवाल पर मंत्री सूर्य प्रताप शाही पत्रकारों से नाराज हो गए और उन्होंने एक पत्रकार को समाजवादी मानसिकता का बताकर उसे फटकार लगाई। इस घटना ने कार्यक्रम के दौरान एक छोटा विवाद खड़ा कर दिया।

श्रीराम अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी ने मंत्री का पैर छूकर लिया आशीर्वाद इसके अलावा, श्रीराम अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी द्वारा प्रभारी मंत्री का पैर छूकर आशीर्वाद लेने की घटना भी चर्चा का विषय रही। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा और स्वच्छता के संदेश के साथ मनाया गया, जिससे समाज में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।

# ऑपरेशन में बंद कर दी यूरिन नली, प्रसूता की मौत

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में चिकित्सकों की लापरवाही ने एक प्रसूता की जान ले ली। सिजेरियन के समय महिला की यूरिन नली ही बंद कर दी। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। गंभीर हालत में प्रसूता को लखनऊ ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पति ने नर्सिंगहोम संचालक को फोन किया तो उसने धमकाया। मामले में पति ने डीह थाने में तहरीर दी है। अस्पताल संचालक फरार हो गया है।

परशदेपुर चौकी क्षेत्र के वीरपुर मजरे बरावां गांव निवासी अनिल कुमार ने गत रविवार को प्रसव पीड़ा होने पर पत्नी संजू देवी (27) को मटियारा चौराहा स्थिति एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया। स्टाफ ने नार्मल डिलीवरी होने की बात कही, लेकिन बाद में सिजेरियन प्रसव के नाम पर 25 हजार रुपये की मांग की गई। पति ने 15 हजार रुपये देने के बाद शेष रुपये सुबह देने का वादा किया। ऑपरेशन के बाद प्रसूता की हालत बिगड़ गई। उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ में प्रसूता ने दम तोड़ दिया। नवजात का जन्म निजी अस्पताल में हुआ। उसे बचा लिया गया है।

लखनऊ में जांच के दौरान पता चला कि सिजेरियन प्रसव के दौरान प्रसूता की यूरिन नली को ही बंद कर दिया गया था। इसके कारण उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलने पर पति ने अस्पताल के संचालक को फोन कर गलत इलाज करने का आरोप लगाया तो संचालक ने अभद्रता करते हुए धमकी दी और फोन काट दिया।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनाँक 17 से 21 अगस्त, 2024 के मध्य तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.4 (+3.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 27.4 (+1.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 82 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 63 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# बुढ़वा मंगल पर कुड़नी मंदिर मे देखने को मिली भक्तों की भारी भीड़, पुलिस बल भी रहा तैनात







जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बुढ़वा मंगल के दिन घाटमपुर तहसील के भीतरगांव ब्लॉक मे स्थित कुड़नी का प्रसिद्ध हनुमान मंदिर ब्रह्ममुहूर्त मे मंगल आरती के बाद से भक्तों से भर गया जिसको देखते हुए कल शाम तक लगभग एक लाख श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने का अनुमान लगाया गया था। भीड़ के कारण सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल को तैनात किया गया और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी गई।

## पनकी में काम नहीं करेगा वीआईपी पास




कानपुर में बुढ़वा मंगल पर मंगलवार को हनुमान मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ पहुंच रही है। मंदिरों की भव्य सजावट की गई। भक्तों ने मंगला आरती के बाद पहले दर्शन के लिए सोमवार रात से ही लाइन लगा ली थी। वे हनुमान चालीसा का पाठ करते रहे। वहीं, पनकी मंदिर के महंत ने बताया कि इस बार बाबा के दरबार में सभी को भक्त बनकर आना होगा। कोई वीआईपी पास नहीं जारी किया गया है। भीड़ को देखते हुए मेला भी नहीं लगेगा। शहर के प्रसिद्ध मंदिर पनकी धाम, जीटी रोड स्थित दक्षिणेश्वर बाल हनुमान मंदिर, कंपनी बाग चौराहा स्थित संकटमोचन मंदिर, मौनीघाट, श्री बालाजी मंदिर नेहरूनगर व किदवईनगर स्थित सोटेबाबा हनुमान मंदिर में सोमवार को दिनभर बुढ़वा मंगल की तैयारियां होती रहीं। मंदिर को फूल, मालाओं, रोशनी से सजाया गया है। महिला व पुरुष भक्तों को अलग-अलग लाइन में लगकर दर्शन करने की व्यवस्था के लिए बैरिकेडिंग की गई है। बुढ़वा मंगल पर मंदिर के बाहर मेला लगाने पर पाबंदी है। मंदिर प्रबंधन ने 200 मीटर दूर दुकानें लगाने को कहा है। पनकी मंदिर के महंत जितेंद्र दास महाराज ने बताया कि इस बार वीआईपी पास की व्यवस्था नहीं की गई है। सभी को लाइन में लगकर दर्शन करने होंगे। भक्तों के लिए डेढ़ लाख पानी के पाउच की व्यवस्था की गई है। भक्तों को 50-50 की टोली में दर्शन के लिए अंदर भेजा जाएगा।

### विभिन्न स्थानों पर तैनात की गई है पुलिस

इसे लेकर साढ़ थाना प्रभारी केपी सिंह ने बताया कि मेला के सुचारू संचालन के लिए पुलिस को विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया था। भक्तों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए थे। इसके अलावा कमेटी के सदस्य भी पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर व्यवस्था मे सहयोग कर रहे थे। कल शाम तक लगभग एक लाख श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने का अनुमान लगाया गया था। भीड़ के कारण सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल को तैनात किया गया था और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जा रही थी।

### सुरक्षा को लेकर अलर्ट दिखी पुलिस

बुढ़वा मंगल के अवसर पर कुड़नी हनुमान मंदिर मे रात से ही भक्तों की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। मंगला आरती के बाद श्रद्धालु लगातार दर्शन के लिए पहुंच रहे थे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंदिर परिसर मे महिला और पुरुष भक्तों के लिए अलग-अलग लाइनें बनाई गई थीं। इसके अलावा सादी वर्दी मे पुलिसकर्मी भी तैनात किए गए थे ताकि किसी भी अराजकता को रोका जा सके जैसे छेड़खानी या चेन-पर्स छिनना।

### बैरिकेडिंग व भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियां

महंत कृष्ण दास महाराज ने बताया कि मंगला आरती के बाद भक्तों के लिए मंदिर के पट खोल दिए गए। श्री बालाजी मंदिर नेहरूनगर में बुढ़वा मंगल पर बाबा का भव्य श्रृंगार व संगीतमय सुंदरकांड का पाठ का आयोजन होगा। श्री बालाजी मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि सुबह मंगला आरती के बाद देर रात तक भक्त बाबा के दर्शन कर सकेंगे। बैरिकेडिंग व भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियां पूरी हैं।

### शहर भर में 1100 भंडारे

शहर भर में बुढ़वा मंगल पर 1100 से अधिक भंडारे होंगे। प्रमुख मंदिरों के बाहर करीब 500 से अधिक भंडारे होंगे। पनकी धाम में 100 से अधिक भंडारे व प्रसाद वितरण होगा। इसके लिए सोमवार को ही भक्तों ने अपने लिए जगह निर्धारित कर ली। कई लोगों ने टेंट भी लगा दिए हैं। गली-मोहल्लों में करीब 600 से अधिक भंडारों का आयोजन होगा।

# कानपुर में फर्जी दरोगा गिरफ्तार





जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में फर्जी दरोगा गिरफ्तार हुआ है दरोगा ने फर्नीचर कारोबारी से 15 लाख रुपए की वसूली की फिर धमका रहा था कारोबारी ने कल्याणपुर थाने में संपर्क किया सामने आया है।
कि ऐसा कोई दरोगा थाने में तैनात ही नहीं है पुलिस में फर्रुखाबाद के रहने वाले फर्जी दरोगा संजीव कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

### संजीव की कार में मिली वर्दी आई कार्ड

पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो सामने आया कि संजीव कुमार यादव नाम का कोई दरोगा ही नहीं है संजीव खुद को एसीपी दफ्तर में तैनाती बताता था सामने आया है कि यह फर्जी दरोगा है इसके बाद कल्याणपुर पुलिस ने संजीव को दबिश देकर कर से भगाने के दौरान ही दबोच लिया कर से वर्दी के साथ ही पी कैप पुलिस विभाग का आई कार्ड समेत अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं फर्जी दरोगा संजीव को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। कानपुर पुलिस संजीव से पूछताछ करके जानने का प्रयास कर रही है कि फर्जी दरोगा बनाकर संजीव आखिरकार करता क्या था वह किन लोगों को गुमराह कर रहा था इस बारे में फर्रुखाबाद पुलिस को भी पूरी डिटेल भेजी गई है ताकि वहां से इनपुट मिल सके पुलिस संजीव के खिलाफ मजबूत केस डायरी बनाने की तैयारी कर रही है।

### जमीन खरीदने का उधार लिया फिर धमकाने लगा।

कल्याणपुर के सीटीएस में रहने वाले चंद्रेश सिंह ने बताया 15 सितंबर 2024 को कल्याणपुर थाने में फिर चलाई है आप था कि खुद को दरोगा बताने वाला फर्रुखाबाद के संजीव कुमार यादव ने जमीन खरीदने का झांसा देकर 15 लाख रुपए उधार लिया था वह हमारे दामाद का नजदीकी था जब चंद्रशेखर ने रुपए वापस मांगे तो वह जेल भेजने की धमकी देने लगा था इसमें उसका साल हर्ष यादव और उसका साथी सागर सोनकर भी शामिल था कल्याणपुर पुलिस ने तीनों के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कराई है।

# कल्याणपुर विकासखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना का गृह प्रवेश चाबी वितरण कार्यक्रम हुआ आयोजित

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



विकास खण्ड कल्यानपुर के सभागार में जनपद स्तरीय प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का गृह प्रवेश, चाबी वितरण तथा आवास स्वीकृत कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीमती सरोज कुरील विधायक घाटमपुर तथा विषिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती अनुराधा अवस्थी ब्लाक प्रमुख, कल्यानपुर एवं श्रीमती दीक्षा जैन मुख्य विकास अधिकारी कानपुर नगर की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन परियोजना निदेषक, डी0आर0डी0ए0 प्रदीप नरायण दीक्षित व जिला विकास अधिकारी गजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अनिल खान एवं श्रीमती सरिता अली को आवास स्वीकृति पत्र तथा श्रीमती लक्ष्मी देवी एवं गोपाल शाह को आवास की चाभी दी गयी। विषिष्ट अतिथि व मुख्य विकास अधिकारी, कानपुर नगर द्वारा संयुक्त रूप से श्रीमती पिंकी, श्रीमती गुड्डी, हुसैन अली, रवी, श्रीमती अनीसा, संजय खान सहित 13 लाभार्थियों को आवास स्वीकृत प्रमाण पत्र तथा श्रीमती सविता शर्मा, श्रीमती आरती, श्रीमती नीलम, श्रीमती तारादेवी सहित 27 लाभार्थियों को आवास की चाभी वितरित किया गया। विषिष्ट अतिथि श्रीमती अनुराधा अवस्थी ने कहा की देश के मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा उडीसा के भुवनेश्वर में लाभार्थियों को आवास की चाभी वितरण कर गृह प्रवेश करा रहे है। मा0 प्रधानमंत्री व मा0 मुख्यमंत्री जी के द्वारा लाखो लाभार्थी अपने घर के मालिक बन रहे है। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती जैन ने कहा कि गरीब पात्र को आवास दिये जा रहे है यदि कोई पात्र वंचित रह जाता है अथवा किसी प्रकार की शिकायत है तो विकास भवन आकर मुझसे मिल सकते है। इस अवसर पर प्र0 खण्ड विकास अधिकारी पंकज सहाय, ए0डी0ओ0 (पंचायत) अतुल शुक्ला, जे0ई0 (आर0ई0डी0) रवीन्द्र कुमार पालीवाल, जे0ई0 (एम0आई0) श्रीमती प्रिया मिश्रा एवं सहायक विकास अधिकारी (आई0एस0बी0) अनुज मिश्रा आदि उपस्थित रहें।

# सनातन मंदिर चेतना सोसायटी के सदस्यों ने गौ माता की प्राणों की रक्षा की



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

14 सितंबर को कानपुर के पनकी बी ब्लॉक में एक टीन के डिब्बे में फेंके गए खाद्य पदार्थ को भूँख से व्याकुल गाय ने खानें का प्रयास किया उसके बाद टीन का डिब्बा उसके गले में फंस गया। जिसके कारण उसके प्राण संकट में पड़ गये और गाय छटपटाने लगी। पनकी बी ब्लॉक के सनातन मंदिर चेतना सोसायटी के सदस्य ब्रिजेन्द्र मिश्रा यह देखकर गाय को बचाने का प्रयास करने लगे। परन्तु यह कठिन काम था क्योंकि कष्ट होने के कारण गाय एक जगह नही रुक रही थी बल्कि लगातार दौड़ रही थी जिससे बचाने वाले को भी चोट लगने का अंदेशा था।
फिर भी कुछ और साहसी नवयुवकों ने मिलकर प्रयास किया और किसी तरह गाय को काबू में करके उसके गले में फंसे डिब्बे को निकाल कर उसकी जान बचा ली। सनातन मंदिर चेतना सोसायटी के सचिव एवं सनातन वैदिक रामराज परिषद् के अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्य करने की प्रेरणा दी जिससे गौ सेवा एवं रक्षा का कार्य जनता एक अभियान बनाकर करें क्योंकि गौ रक्षा से ही सनातन धर्म की रक्षा होती है।

# महावीर दरबार में हुआ भंडारे का आयोजन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चौबेपुर। रौतापुर कलां गांव स्थित महाबीर दरबार में मंगलवार तड़के मन्दिर कृष्ण कुमार बाजपेई द्वारा सुन्दर कांड और आरती करने के बाद से ही दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर में प्रसाद वितरण में जूटे राघव बाजपेयी,सागर बाजपेई, ऋषभ मिश्रा, प्रांशु तिवारी, सौरभ शुक्ला,आन्नद बाजपेयी,बाबू मिश्रा आने वाले सभी श्रद्धालुओं को दर्शन कराने के बाद सभी को भंडारे का प्रसाद खिलाते रहे। क्षेत्रीय भक्त घनश्याम मिश्र बताते श्री हनुमान जी को चोला व बेसन के लड्डू समर्पित करने से सभी मनोकामनाये पूर्ण होती है। मंदिर में सुबह नौ बजे से लेकर देर रात तक भंडारा चला।

# शातिर की तलाश में मुंड़ेरी गांव के पांच संदिग्धों से पूछताछ

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कालिंदी एक्सप्रेस को डिरेल करने की साजिश के मामले की जांच में जुटी पुलिस ने मुंड़ेरी गांव के पांच संदिग्धों को उठाकर पूछताछ शुरू की है। यह सभी संदिग्ध भूमिगत शातिर के करीबी बताए जा रहे हैं। इसके अलावा पुलिस की दो टीमें शातिरों की तलाश में दबिश दे रही हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार शातिरों की तलाश में जुटी पुलिस की टीमें अब तक 100 से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी है। मगर किसी से भी कोई ऐसा तथ्य नहीं मिल सका है जिससे घटना में कोई लीड मिल सके। पुलिस जिस शातिर की तलाश में जुटी है वह अपराधियों का मददगार रहा है। वह वारदात के बाद से गायब है। पुलिस

**✱ सूत्रों के अनुसार पुलिस ने शातिर की आखिरी लोकेशन निकलाने का प्रयास किया**

ने मंगलवार को शातिर की तलाश में मुंड़ेरी गांव से ही उसके रिश्तेदारों और मिलने वाले पांच लोगों को उठाकर पूछताछ शुरू की। हालांकि देर रात तक सभी को थाने से छोड़ दिया गया। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने शातिर की आखिरी लोकेशन निकलाने का प्रयास किया तो पता चला कि घटना से चार दिन पहले से ही उसका मोबाइल बंद जा रहा था। घटना के बाद फोन एक दिन के लिए खुला भी तो लोकेशन मुंड़ेरी गांव की ही मिली। इसके बाद अब तक फोन बंद ही जा रहा है।

# मासूम संग उसी के स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे ने की गलत हरकत



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर में काकादेव स्थित एक निजी स्कूल में मासूम के साथ उसी के स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे ने गलत हरकत कर दी। मासूम के आपबीती बताने के बाद परिजनों ने स्कूल में जमकर हंगामा काटा। इंस्पेक्टर काकादेव मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि मंगलवार दोपहर थाने में एक शिकायत प्राप्त हुई थी। इसमें चार साल की बच्ची से उसी के साथ पढ़ने वाले एक सात साल के बच्चे ने कुछ गलत हरकत कर दी थी। इस पर परिजनों ने हंगामा किया था। हंगामे की सूचना पर पुलिस टीम को भेजा था। हालांकि स्कूल का स्टाफ घर जा चुका था। वहीं सीसीटीवी कैमरे का कंट्रोल रूम भी बंद मिला। इंस्पेक्टर के मुताबिक परिजनों से कहा गया है कि वह बच्ची के साथ बैठकर घटना को अच्छी तरह से समझ लें। इसके बाद बुधवार को स्कूल आएं। पुलिस स्कूल पहुंचकर जांच पड़ताल करेगी। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए जाएंगे। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भौती से विजयनगर की सड़क होगी सौंदर्यीकरण और हरियाली के साथ फोर लेन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

विकास की दिशा मे एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। जाजमऊ के बाद अब भौंती प्रवेश द्वार से विजय नगर चौराहे तक की सड़क को फोरलेन मे तब्दील किया जाएगा। जिसमे चौड़ीकरण के साथ-साथ सौंदर्यीकरण और हरियाली को भी प्राथमिकता दी जाएगी। यह सड़क शहर के प्रमुख प्रवेश बिंदुओं मे से एक है और इसके चौड़ीकरण से न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होगी बल्कि शहर की खूबसूरती भी बढ़ेगी। भौंती से विजय नगर चौराहा तक की आठ किलोमीटर लंबी सड़क को फोरलेन मे तब्दील करने की योजना है।
वर्तमान मे यह सड़क अव्यवस्थित और संकरी हो चुकी है जिसके कारण यातायात मे काफी बाधाएं आती हैं। विशेष रूप से ट्रकों और अतिक्रमणकारियों द्वारा सड़क पर कब्जा किया गया है। जिससे यह और भी संकरी हो जाती है। इस कारण से यहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है जो स्थानीय निवासियों और आने-जाने वालों के लिए एक बड़ी परेशानी का कारण है।
चौड़ीकरण की योजना के तहत सड़क को 14 मीटर से अधिक चौड़ा किया जाएगा। इस काम को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए सबसे पहले सड़क के किनारों पर फैले अतिक्रमण को हटाया जाएगा। अरमापुर नहरिया पुल के किनारे और अन्य क्षेत्रों मे लगी दुकानों और ट्रक पार्किंग से बची हुई जगह को खाली कर उसे यातायात के लिए उपयुक्त बनाया जाएगा।

### हरियाली और लाइटिंग से होगा सौंदर्यीकरण

सिर्फ चौड़ीकरण ही नही बल्कि इस योजना का उद्देश्य सड़क के दोनों ओर हरियाली और आधुनिक लाइटिंग व्यवस्था भी करना है। योजना के अनुसार सड़क के किनारे पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। जिससे न केवल पर्यावरण को लाभ होगा बल्कि सड़क का सौंदर्य भी बढ़ेगा। इससे बाहर से आने वाले लोगों को कानपुर का एक सकारात्मक और सुंदर चेहरा देखने को मिलेगा। शहर के प्रवेश द्वार को हरा-भरा और आकर्षक बनाने के साथ ही सड़क पर लाइटिंग की आधुनिक व्यवस्था भी की जाएगी। एलईडी लाइट्स के जरिए सड़क को रोशन किया जाएगा। जिससे रात के समय यातायात और भी सुरक्षित और सुगम हो सकेगा।

### इस कार्य की शुरुआत से पहले और बाद मे होगी अतिक्रमण मुक्त सड़क

सबसे बड़ी समस्या जो इस परियोजना के सामने आ रही है वह है सड़क पर किए गए अतिक्रमण ट्रक वालों और दुकानदारों द्वारा सड़क के किनारे अतिक्रमण कर लिया गया है।खासकर अरमापुर नहरिया पुल के किनारे खाद्य सामग्री की दुकानों के कारण वहां खड़े वाहन जाम की स्थिति पैदा करते हैं। इस अतिक्रमण के चलते सड़क की चौड़ाई घटकर मात्र 14 मीटर तक रह गई है जबकि इसका पूरा उपयोग किया जा सकता था।
इस समस्या से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण हटाकर उसे पूरी तरह से यातायात के लिए सुचारू किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य यह है कि सड़क का इस्तेमाल केवल आवागमन के लिए हो और कोई भी अनाधिकृत रूप से सड़क पर कब्जा न करे।

# प्लास्टिक फैक्ट्री मे लगी भीषण आग को फायर बिग्रेड ने किया रेस्क्यू, सात कर्मचारीयों को निकाला गया बाहर

**✱ फायर ब्रिगेड और पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू**

**✱ आग मे फंसे सात कर्मचारियों को पुलिस प्रशासन और फायर ब्रिगेड की मदद से निकाला गया सुरक्षित बाहर**



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते दिन मगंलवार को एक बार फिर से आग लगने की घटना घटी जो फजलगंज स्थित एक प्लास्टिक फैक्ट्री मे हुई। इस भीषण आग ने इलाके मे अफरातफरी मचा दी और आसपास के लोग तुरंत मौके पर जुट गए। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। फैक्ट्री के भीतर सात लोग फंस गए थे जिन्हें बचाने के लिए तुरंत बचाव कार्य शुरू किया गया।
फायर ब्रिगेड की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर एक घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। इसके साथ ही फैक्ट्री के अंदर फंसे सात कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। आग की शुरुआत शॉर्ट सर्किट से होने की आशंका जताई जा रही है जो फैक्ट्री के अगले हिस्से मे फैल गई थी। इस घटना के तुरंत बाद फजलगंज फायर स्टेशन से चार गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग को बुझाने मे जुट गईं।

### पुलिस प्रशासन के कार्य की जमकर हुई सराहना

फजलगंज थाने के दरोगा लोकेंद्र कुमार और उनके सहयोगी रविंद्र खटाना ने भी इस रेस्क्यू ऑपरेशन मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने फोर्स के साथ मिलकर फैक्ट्री के भीतर फंसे कर्मचारियों को बचाने मे मदद की। इस घटना के बाद इलाके मे राहत की सांस ली गई और कर्मचारियों की जान बचाने के प्रयास की सराहना की गई।

## भारत बंगलादेश टेक्स्ट मैच को लेकर यू.पी.सी.ए. ने जारी की ऑनलाइन टिकट रेट लिस्ट

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। भारत और बांग्लादेश के बीच 27 सितंबर को खेले जाने वाले टेस्ट मैच को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम मे टिकट बिक्री की प्रक्रिया बीते दिन मंगलवार शाम 5 :00 बजे से शुरू हो गई है। यूपीसीए ने इस मैच के टिकटों की कीमतों की सूची भी जारी कर दी है। वेन्यू डायरेक्टर डॉक्टर संजय कपूर और यूपीसीए के कोषाध्यक्ष प्रेम मनोहर गुप्ता ने जानकारी दी कि टिकटों की बिक्री बुक माय शो पर मगंलवार साम से शुरू हो गई है। इस बार दर्शक प्रतिदिन के हिसाब से टिकट खरीद सकेंगे। इसमे सबसे सस्ता टिकट 200 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से उपलब्ध होगा। जबकि बी गर्ल्स सेक्शन के लिए स्टूडेंट्स को 300 रुपये चुकाने होंगे। इसके अलावा मैच के शुरू होने से पांच दिन पहले स्टेडियम और शहर के कुछ स्थानों पर टिकट काउंटर भी लगाए जाएंगे। इन काउंटरों की स्थानों की घोषणा एक-दो दिन मे की जाएगी। डॉक्टर संजय कपूर ने बताया कि इस बार स्टूडेंट्स के लिए टिकट की कीमतें बढ़ाई नही गई हैं और पांच दिनों के टिकट एक साथ खरीदने पर काफी छूट मिलेगी। वहीं सी बालकनी की कुल क्षमता अभी तय नही हो पाई है इसलिए टिकटों की संख्या और दर्शक क्षमता के बारे मे अंतिम निर्णय एच.बी.टी.यू. की रिपोर्ट के आधार पर लिया जाएगा। जो मगंलवार शाम तक उपलब्ध होगी। इस अवसर पर यू.पी.एस.सी. के सी.ई.ओ. अंकित चटर्जी, नोडल अधिकारी सुजीत श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी अहमद अली खान तालिब, के.सी.ए. जी.एम. दिनेश कटियार और कार्तिकेय उपाध्याय भी मौजूद रहे।

| गैलरी | प्रतिदिन का मूल्य | पांचों दिन का मूल्य |
|---|---|---|
| पवेलियन बालकनी | 1500 | 6000 |
| पवेलियन ग्राउंड | 1500 | 6000 |
| पवेलियन बालकनी -ए | 2000 | 6000 |
| बी-जनरल | 300 | 1000 |
| बी गर्ल्स | 200 | 700 |
| सी बालकनी | 500 | 2000 |
| सी स्टॉल | 400 | 1600 |
| डी चेयर्स | 600 | 2400 |
| फिजीकली चलेंजेड इक्लोजर | 600 | 2400 |
| ई पब्लिक | 300 | 1000 |
| वीआईपी | 2000 | 8000 |

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

## मोदी सरकार की सौ दिन की उपलब्धियां भी कम नहीं

**मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन में महिलाओं के लिए जहां दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत दस करोड़ महिलाओं को संगठित करके 90 लाख स्वयंसहायता समूह बनाने का लक्ष्य पूरा किया है, वहीं 11 लाख नई लखपति दीदियों प्रमाण पत्र दिया है। मोदी सरकार ने इस अवधि में आदिवासियों की सामाजिक स्थिति में सुधार को लेकर भी कदम उठाए हैं। आदिवासी समुदाय के लिए जारी नमस्ते योजना का विस्तार किया गया है। वहीं साठ साल से अधिक उम्र वाले दिव्यांग लोगों को एक लाख 17 हजार नए दिव्यांग कार्ड दिए गए हैं।**

*संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी सरकार के लिए सौ दिनों का समय बहुत ज्यादा नहीं होता। हां, अगर शपथ ग्रहण से पहले भी उसी दल और नेतृत्व की सरकार हो तो सौ दिन के कार्यकाल में बहुत कुछ किया जा सकता है। इन अर्थों में देखें तो मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के खाते में कई उपलब्धियों का बोलबाला है। मोदी सरकार ने अपनी उपलब्धियों का खुद भी एक लेखा-जोखा पेश किया है। जिसमें सामाजिक, आर्थिक और कूटनीतिक तीनों तरह की कामयाबी शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल के नवंबर महीने में विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए चार जातियों का उल्लेख किया था। उनकी नजर में अब चार जातियां हैं, गरीब, युवा, महिला और किसान हैं, जिन पर उनका पूरा ध्यान है। कहना न होगा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में इन चारों जातियों को लेकर तमाम योजनाएं बनाई और शुरू की गई हैं। वहीं बुनियादी ढांचा के विकास, पिछड़ी जातियों, दलितों, आदिवासियों को लेकर भी कई योजनाएं मंजूर की गई हैं। मोदी सरकार ने अपने पहले सौ दिन के कार्यकाल में कानून व्यवस्था को सुधारने, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति को आगे बढ़ाने के साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के मोर्चे पर कई कदम उठाए हैं। जहां तक बुनियादी ढांचे के विकास की बात है तो मोदी सरकार ने अपने पहले सौ दिन के कार्यकाल में सड़क विकास, रेल मार्ग, हवाई सेवा और बंदरगाह के विकास को लेकर तीन लाख करोड़ की योजनाओं को स्वीकृति दी है। इस दौरान आठ हाई स्पीड कारीडोर बनाने की मंजूरी दी गई है। जाहिर है कि अगर ये योजनाएं जमीनी हकीकत बनीं तो जहां लाखों नए रोजगार का सृजन होगा, वहीं कारोबार को नई गति मिलेगी और किसानों को उनकी उपज के बाजार तक सीधी और तीव्र पहुंच मिलने का योग बनेगा। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में ही देशभर के पात्र किसानों को किसान सम्मान निधि की उन्नीसवी किश्त जारी की गई, जिसके तहत नौ लाख तीस हजार किसानों के खाते में बीस हजार करोड़ की रकम सीधे पहुंचाई गई है। मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिनों में पर्यावरण केंद्रित ऊर्जा संरक्षण और उत्पादन की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत देश के पूर्वोत्तर इलाके में 41 सौ करोड़ की लागत से पनबिजली, सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा की योजनाएं मंजूर की हैं। इसके साथ ही राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन भी चालू किया गया है। मोदी सरकार का दावा है कि उसने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिनों में मध्यम वर्ग को भी बहुत राहत दी है। अब सात लाख तक की आय पर टैक्स नहीं लेने का फैसला किया गया है। वहीं मानक कर कटौती की सीमा 75 हजार कर दी गई है। जबकि पारिवारिक पेंशन की छूट का दायरा 25 हजार किया गया है। हालांकि इसका फायदा अगले वित्त वर्ष से ही मिल सकेगा। वैसे यहां एक बात और ध्यान रखने की है कि मध्य वर्ग ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में कर छूट में और वृद्धि की उम्मीद लगाए बैठा था। मानसून के दौरान भारी बारिश के चलते खाद्यान्न और सब्जियों की महंगाई ने मध्यम वर्ग पर नया बोझ भी बढ़ाया है। जिसकी तरफ अभी सरकारी तंत्र का ध्यान नजर नहीं आ रहा। मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल में 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' यानी कारोबार को सहज एवं आसान बनाने की दिशा में भी बड़ी पहल की है। देश में विदेशी निवेश बढ़ सके, इस दिशा में सरकार ने विदेशी कंपनियों के लिए कारपोरेट टैक्स को चालीस प्रतिशत से घटाकर 35 प्रतिशत कर दिया है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**गीता प्रेस गोरखपुर ने भी अपनी एक किताब परलोक और पुनर्जन्मांक में ऐसी कई घटनाओं का वर्णन किया गया है, जिससे कि पुनर्जन्म की पुष्टि होती है। इस बच्चे की उम्र केवल चार साल थी, तबसे कहीं बड़ी उम्र के महिला-पुरुष इसे पिता और ससुर के रूप में सम्मान दे रहे हैं। बच्चा भी उनके साथ उसी तरह का व्यवहार करता है जैसे वह उनका पिता और सुसुर हो। इसका कारण इस बच्चे का इन लोगों से पिछले जन्म का रिश्ता होना है। यह घटना मध्य प्रदेश के सीहोर जिले से 10 किलोमीटर दूर बसे लसूड़िया गांव की है। इस गांव में 11 अगस्त 2008 को आत्माराम के घर एक बालक का जन्म हुआ। परिवारवालों ने इस बालक का नाम विशाल रखा।**

# पूर्वजों को जल देने का भारतीय विधान सिर्फ कर्मकांड नहीं, विज्ञान भी !



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**गीताप्रेस गोरखपुर से प्रकाशित कल्याण पत्रिका में इस घटना का उल्लेख किया गया है। अमेरिका की वर्जीनिया यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक डॉ. इयान स्टीवेंसन ने 40 साल तक इस विषय पर शोध करने के बाद एक किताब रिइंकार्नेशन एंड बायोलॉजी लीखी थी जिसे सबसे महत्वपूर्ण शोध किताब माना गया है।**

भारतीय ऋषियों ने अपने तमाम शोधों में से एक अनुसंधान देह की समाप्ति (मृत्यु) के बाद के दूसरे संसार पर भी किया है, जिसे हम आत्माओं का घर भी कहते हैं। जिस प्रकार मनुष्य अनेकानेक जीवाणुओं और विषाणुओं को अपनी खुली आंखों से देख नहीं सकता, किंतु उनका अस्तित्व है, उसी प्रकार से आत्माओं का जगत है, जहां से मृत्युलोक में ये आत्माएं नाना प्रकार के शरीरों में बार-बार आती हैं। कुछ हमारे आस-पास भी रहती हैं। इनमें से कुछ ऐसी भी हैं जोकि लम्बे समय तक जन्म नहीं लेतीं, क्योंकि उनका पूर्व जन्म का बंधन जोकि मन से जुड़ा है वह जागृत रहता है, स्वभाविक है, वे आत्माएं अपने कुल-परिवार से इतनी अपेक्षा जरूर करेंगी कि वे उनके वर्तमान में भौतिक अस्तित्व का कारण हैं, इसलिए कम से कम कुछ दिन ही सही उनके प्रति श्रद्धा का संस्कार तो पूर्ण करेंगे ही। वास्वत में श्राद्ध की मूलभूत परिभाषा यह है कि प्रेत और पितर के निमित्त, उनकी आत्मा की तृप्ति के लिए श्रद्धापूर्वक जो अर्पित किया जाय वही श्राद्ध है। यह श्राद्ध ठीक आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से पितृपक्ष प्रारंभ होता है और 15 दिन शुक्ल प्रतिपदा तक चलता है। पितृपक्ष में पुत्र या उसके नाम से उसका परिवार जो यव (जौ) तथा चावल का पिण्ड देता है। इस संबंध में श्रीमद्भागवत में भगवान श्री कृष्ण का कथन है-

***जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च***
***तस्माद्परिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि***
***श्रीमद्भगवत गीता अध्याय 2, श्लोक 27***

अर्थात जन्म लेने वाले की मृत्यु और मृत्यु को प्राप्त होने वाले का जन्म निश्चित है। यह प्रकृति का नियम है। शरीर नष्ट होता है मगर आत्मा कभी भी नष्ट नहीं होती है। वह पुनः जन्म लेती है और बार-बार जन्म लेती है। इस पुनः जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धदि कर्म का विधान निर्मित किया गया है। हालांकि श्राद्ध कर्म, तर्पण विधि की वैज्ञानिकता और अवैज्ञानिकता के अपने तर्क हो सकते हैं, किंतु इसे कुछ इस तरह समझना होगा जैसा कि हमारे आस-पास अनेकों पाई जानेवाली ध्वनि तरंगे हैं। इन तरंगों को आप महसूस नहीं कर सकते, किंतु हर तरंग आपकी ली गई सांसों से शरीर के अंदर और बाहर स्वतः हो रही हैं। इस संपूर्ण प्रक्रिया में जैसे ही एक निश्चित तरंग को उसकी संचारक गति पर स्थिर किया जाता है, सामने से आवाजें सुनाई देने लगती हैं। बोलते चित्र भी प्रकट हो जाते हैं। भारतीय ऋषि परंपरा



**वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने एक किताब लिखी है, पुनर्जन्म एक ध्रुव सत्य। इसमें पुनर्जन्म के बारे में अच्छी विवेचना की गई है। लखनऊ लिट्रेचर फेस्टिवल-2018 में पूर्वजन्म की अवधारणा पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन किया गया।**

है पूरी तरह वैज्ञानिक वस्तुत जो भी लोग श्राद्ध पक्ष को लेकर अविश्वास व्यक्त करते हैं, उन्हें यहां समझ लेना होगा कि अपनी ऋषि परंपरा पर अविश्वास करने का कोई कारण नहीं। अब तक हिन्दू जीवन की जीतनी भी परंपराएं पाई गई हैं, उसके पीछे कोई न कोई वैज्ञानिकता सामने आती रही है। हिन्दू शास्त्रकारों ने इस विषय की ऐसी बारीकी से खोज की है कि मनुष्यों को अपने सब प्रकार के भले बुरे कर्मों के परिणामों का भली प्रकार ज्ञान हो जाता है और वे परलोक के स्वरूप को बहुत अच्छी तरह समझ सकते हैं। उदाहरण के तौर पर मृत्यु के बाद दाह संस्कार ही क्यों किया जाता है तब इसका उत्तर होगा कि कोई भी मनुष्य हो, वह प्रकृति से जीवन भर लेता है, यदि कोई इंसान अत्यधिक कंजूस है, सिर्फ लेने पर ही भरोसा रखता है, उससे भी जीवन के अंत के बाद पांच तत्वों में भौतिक शरीर के विलीन हो जाने पर शेष अस्थियों में बचे अगनि के ताप से पवित्र कैलशियम और फास्फोरस को बहते हुए नदी जल में विसर्जति कर जीव-जगत की सेवा करने का विधान है। गंगा, यमुना, गोदावरी, कावेरी या अन्य नदी के एक घाट पर अस्थिविसर्जन चल रहा होता है तो दूसरे घाट से नदी के पवित्र जल को अनेक मनुष्य एवं नाना प्रकार के जीव-जन्तु पीकर अपनी प्यास बुझा रहे होते हैं। स्वभाविक है कि विसर्जति अस्थियों का जल उन तमाम शरीरों में जाता है जोकि नदी के जल का सेवन करते हैं या वह जल कृषि कार्य में उपयोग लिया जा रहा है। इस पूरे चक्र में आप देखेंगे कि विसर्जति अस्थियों का कैल्शयिम जल के पीने के साथ अनेक जीवों के शरीर में जाकर उनके जीवन को पुष्टता प्रदान करता है और शरीर में प्राकृतिक रूप से कैलशियम की कमी को दूर करने का कारण बनता है। इसी प्रकार के अनेकों उदाहरण वनस्पतियों, औषधि, धातु, सौरमण्डल, खगोल विज्ञान, वास्तु विज्ञान समेत हर क्षेत्र में आज प्रमाणित हो चुके हैं, जिन्हें कल तक सिर्फ धारणा कहकर या हिन्दू माइथोलॉजी (मिथ) कहकर आविश्वास प्रकट करते हुए उनके होने पर ही प्रश्न खड़ा किया जाता था, उन्हें सही होने के बाद भी नकार दिया जाता था, किंतु आज वे शतप्रतिशत सही सिद्ध हो चुके हैं। कहना होगा कि मृत्यु के बाद जीवन का विषय भी कुछ इसी प्रकार का है। भारतीय संदर्भ में मृत्यु के बाद नए जीवन लेने के कई उदाहरण वर्तमान में हमारे सामने हैं, जोकि अन्य मत, पंथ, रिलीजन की धारणाओं के उलट हैं, जैसेकि बेंगलुरु की नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेज में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट के रूप में कार्यरत डॉ. सतवंत पसरिया द्वारा इस विषय पर लम्बे समय तक किए गए शोध के आधार पर पुनर्जन्म पर प्रकाशित %श्क्लेम्स ऑफ रिइंकार्नेशनरू एम्पिरिकल स्टी ऑफ कैसेज इन इंडियास% पुस्तक लिखी गई। इसमें उन्होंने 1973 के बाद से भारत में हुई 500 पुनर्जन्म की घटनाओं का उल्लेख किया है। यह पुस्तक तथ्यों के साथ यह प्रमाणित कर देती है कि मृत्यु के बाद पुनर्जन्म है और पुनर्जन्म होने के पहले पितर, प्रेत योनी भी है, जहां कई बार पुन~ जन्म लेनेवाली आत्मा को कई वर्षों तक रुकना पड़ा था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक बिकने वाली किताबों में शामिल मैनी लीव्स मैनी मास्टर्स है, जिसके लेखक डॉ. ब्रायन वीस एक मरीज की सच्ची कहानी के बारे में लिखते हैं। ब्रायन वीस अपने मरीज से सवाल पूछते हैं। उक्त महिला मरीज जब इन सवालों के जवाब देती है तो वीस हैरान रह जाते हैं। क्योंकि इन समस्याओं के तार पिछले जन्म से भी जुड़े रहते हैं।

## एक्सप्रेस कविता

*मानवीय संवेदनाओं को जिंदा रखिए,*
*रिश्तो की भावनाओं को जिंदा रखिए।*
*संबंधों की नर्म ऊष्मा जिंदा रखिए,*
*अहसासों के दर्द को जिंदा रखिए,*
*चुप्पी दफ़्न करती कोमल रिश्तों को,*
*लफ्जों की आकांक्षाओं को जिंदा रखिए।*

*घरों में बटवारे की खिची हैं तलवारे,*
*दिल के कोने में मोहब्बतों को जिंदा रखिये,*
*लालच ने लगाई सगे रिश्तों में सेंध,*
*बाल मन की शरारतों को जिंदा रखिए,*
*दुष्कर हो आशाओं का सफर जिंदगी में,*
*साथ अनंत मां की दुआओं को रखिए.*
*गुरुर की भला क्या कीमत है जिंदगी में मित्रों,*
*दिलों में मासूम बच्चों को जिंदा रखिए*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*किसी का अपमान करने से पहले एक बार अवश्य सोचना चाहिए, उसके स्थान पर यदि आप होते तो कैसा लगता*




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पूर्णिमा 08:04 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वभाद्रपदा 10:52 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | बुधवार |
| योगः | गांदा, 23:25 |
| सूर्योदयः | 06:11 |
| सूर्यास्तः | 18:18 |
| चंद्रमाः | मीन राशि में |
| राहुकालः | 12:14-13:45 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### सौंप दी कमान !

*मिला नया चेहरा ।*
*सौंप दी कमान ।।*
*देखते हैं इस्तीफे से ।*
*आती कितनी जान ।।*
*घटनाक्रम जो है घटित ।*
*है कितना स्वीकार ।।*
*आ रहे वो दिन ।*
*बस थोड़ा सा इंतज़ार ।।*
*उठापटक के चलते ।*
*प्रतिक्रिया थी आनी ।।*
*पल पल और आगे ।*
*बननी तय कहानी ।।*
*मास्टरस्ट्रोक धीरे धीरे ।*
*बना हंसी का पात्र ।।*
*मिली पूरी शक्ति ।*
*या बस कुर्सी मात्र ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# पिग्मेंटेशन और डार्क स्पॉट्स दूर करता है कैस्टर ऑयल



**खानपान** पर ध्यान न देना, हार्मोनल बदलाव और गंदगी आदि के कारण त्वचा पर कई तरह की समस्याएं शुरु हो जाती है। वैसे तो चेहरे पर कील मुंहासे, दानें, पिग्मेंटेशन और डार्क स्पॉट्स होना आम बात हैं। लेकिन, कई बार यह चेहरे की त्वचा को परमारमेंट खराब करने का कारण बन सकते हैं। धूप और पसीने की वजह से स्किन पर इंफेक्शन होने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में आपको त्वचा की साफ-सफाई पर पूरा ध्यान देना चाहिए। साथ ही, कुछ घरेलू उपायों से आप पिग्मेंटेशन और डॉर्क स्पॉट्स की समस्या को आसानी से दूर कर सकते हैं। आपको बता दें कि कैस्टर ऑयल में एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ और सुंदर बनाने में मदद करते हैं।

**मेलेनिन को बैलेंस करने में सहायकः** पिग्मेंटेशन एक आम त्वचा समस्या है जिसमें त्वचा के कुछ हिस्सों में मेलेनिन का उत्पादन अधिक हो जाता है, जिससे त्वचा का रंग गहरा दिखने लगता है। कैस्टर ऑयल में रिकिनोलिक एसिड होता है, जो मेलेनिन के उत्पादन को नियंत्रित करने में मदद करता है। यह त्वचा की रंगत को समान बनाकर पिग्मेंटेशन के धब्बों को हल्का करता है।

**फैटी एसिड और विटामिन ई से भरपूरः** कैस्टर ऑयल में विटामिन ई और फैटी एसिड्स होते हैं, जो डार्क स्पॉट्स को हल्का करने और स्किन को रिपेयर करने में मदद करते हैं। यह तेल त्वचा की गहराई में जाकर डैमेज स्किन को हील करता है और समय के साथ डार्क स्पॉट्स को कम करता है।

**त्वचा को नमी और पोषण प्रदान करता हैः** ड्राई और डिहाइड्रेटेड स्किन पर पिग्मेंटेशन और डार्क स्पॉट्स की अधिक होती है। कैस्टर ऑयल में पाए जाने वाले ओमेगा-9 और ओमेगा-6 फैटी एसिड्स त्वचा की नमी को बनाए रखते हैं और उसे गहराई से पोषण देते हैं। साथ ही, यह त्वचा की सतह को मुलायम और हाइड्रेटेड रखते हैं, जिससे त्वचा की चमक और टोन सुधरती है।

**एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूरः** कैस्टर ऑयल एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है, जो फ्री रेडिकल्स से त्वचा को सुरक्षित रखते हैं। फ्री रेडिकल्स त्वचा को डैमेज कर सकते हैं और पिग्मेंटेशन और डार्क स्पॉट्स का कारण बन सकते हैं। कैस्टर ऑयल त्वचा को इन हानिकारक तत्वों से बचाता है, जिससे त्वचा का स्वास्थ्य बेहतर होता है।

**पिग्मेंटेशन और डॉर्क स्पॉट होने पर कैस्टर ऑयल का इस्तेमाल कैसे करें?:** रोजाना रात में सोने से पहले आधा चम्मच कैस्टर ऑयल लें और इसे सीधे पिग्मेंटेशन वाली जगह पर लगाएं। हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन पर मसाज करें और अगली सुबह चेहरा धो लें। एक कॉटन बॉल को कैस्टर ऑयल में डुबोकर इसे डार्क स्पॉट्स पर लगा सकते हैं। करीब 15-20 मिनट के बाद हल्के गर्म पानी से चेहरे साफ कर लें। कैस्टर ऑयल को नारियल तेल या बादाम तेल में मिलाकर चेहरे पर लगाएं और 20-30 मिनट तक छोड़ दें। इससे त्वचा की रंगत में निखार आएगा और असमानता दूर होगी।

## एक्सप्रेस विशेष

# भारत के आर्थिक विकास को बढ़ावा दे रही है नवीकरणीय ऊर्जा



प्रह्लाद जोशी

**सरकार नवीकरणीय ऊर्जा खरीद दायित्व और नवीकरणीय उत्पादन दायित्व के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दे रही है। ये शासनादेश हरित विकास की दिशा में आगे बढ़ने और दायित्वों के पालन की राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुकूल हैं।**

**भारत 2030 तक अपनी संचयी विद्युत स्थापित क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित ऊर्जा संसाधनों से हासिल करना चाहता है। हर साल कम से कम 50 गीगावॉट क्षमता बोली लगाने की योजना है। सरकार ने सौर, पवन, सौर-पवन हाइब्रिड, आरटीसी आरई ऊर्जा आदि की बोलियां आमंत्रित करने के लिए एसजेवीएन को नवीकरणीय ऊर्जा कार्यान्वयन एजेंसियों के रूप में अधिसूचित किया है।**

**भारत** का 2070 तक नेट -जीरो कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के विस्तार और एकीकरण पर केंद्रित है जो सतत विकास पथ के प्रति देश की प्रतिबद्धता का प्रमुख घटक है। तेजी से बढ़ती आबादी के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में से एक के रूप में भारत कार्बन उत्सर्जन कम करते हुए बढ़ती ऊर्जा खपत की मांग पूरा करने की संयुक्त चुनौती का सामना कर रहा है। इन कारकों को संतुलित करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा सबसे व्यवहार्य समाधान को दर्शाती है। विश्व में सबसे कम प्रति व्यक्ति उत्सर्जन वाले देशों में से एक होने के बावजूद भारत न केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ ऊर्जा के मुद्दे की वकालत कर रहा है बल्कि अन्य देशों को भी इस मुहिम में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहा है। ग्लासगो में कॉप26 में अपनी घोषणा में जलवायु परिवर्तन से निपटने के भारत के संकल्प पर जोर दिया गया, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंचामृत पहल के तहत पांच प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए। उनमें नवीकरणीय ऊर्जा महत्वपूर्ण घटक है। देश ने 2030 तक 500 गीगावॉट गैर जीवाश्म ईंधन ऊर्जा क्षमता हासिल करने और उसी वर्ष तक अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 50 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा से पूरा करने का संकल्प लिया है जिसमें सौर ऊर्जा का योगदान 58 प्रतिशत और पवन ऊर्जा का योगदान लगभग 20 प्रतिशत है। ये लक्ष्य 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को अनुमानित एक अरब टन तक कम करने और अपनी अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता में 45 प्रतिशत की कमी करने के भारत के व्यापक उद्देश्य के अनुरूप हैं। नवीकरणीय ऊर्जा ऐसा क्षेत्र है जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने पिछले 10 वर्षों में परिवर्तनकारी बदलाव किए हैं। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र पर प्रधानमंत्री के विशेष ध्यान ने भारत को वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता में चौथे, पवन स्थापित क्षमता में चौथे और सौर क्षमता में पांचवें स्थान पर लाने में मदद की है। सौर ऊर्जा क्षमता में भारत 2014 तक केवल 12.5 गीगावॉट तक पहुंच पाया था लेकिन अब लगभग 89 गीगावॉट हासिल रहा है, जो केवल 10 वर्षों में 30 गुना से अधिक हो गई है। यहां तक कि पवन स्थापित क्षमता में भी 10 वर्षों में 2.2 गुना वृद्धि हुई है जो 21 गीगावॉट से बढ़कर 47 गीगावॉट हो गई है। वहनीयता के मामले में ग्रिड कनेक्टेड सौर ऊर्जा संयंत्रों के टैरिफ में 76 प्रतिशत की कमी आई है जो 2010.11 के टैरिफ 10.95 रुपये की तुलना में घटकर 2023.24 के दौरान 2.60 रुपये हो गया। प्रधानमंत्री ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है और हमें नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में दिशा दिखाई है, जिससे अब देश को काफी लाभ मिल रहा है। पिछले 10 वर्षों में ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का विकास एवं क्रियान्वयन मिशन मोड में किया गया है। देश में नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता 200 गीगावॉट का लगभग 55 प्रतिशत सौर ऊर्जा से आता है। लगभग 30 प्रतिशत का एक और बड़ा हिस्सा पवन ऊर्जा से आता है। भारत ने सौर मॉड्यूल के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने और आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन; पीएलआईद्ध योजना जैसे कार्यक्रम भी लागू किए हैं। घरेलू सेल उत्पादन के लिए प्रोत्साहन भारत में हरित विकास के लिए वरदान साबित हुआ है, जिससे इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। इसके साथ हीए ग्रीन हाइड्रोजन में ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांजिशन (साइट) कार्यक्रम के लिए रणनीतिक उपाय इलेक्ट्रोलाइज़र के विनिर्माण और हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन प्रदान करते हैं। भारत की हरित हाइड्रोजन की विकास गाथा प्रेरणादायक है। भारत ने कोविड से निपटने हेतु अपनी स्वयं की वैक्सीन का उत्पादन करके जो हासिल किया, ठीक उसी तरह भारत हरित हाइड्रोजन क्रांति का नेतृत्व कर रहा है। इसका उद्देश्य विश्व में उत्पादन और निर्यात का केंद्र बनना है। यहां भी पीएम मोदी द्वारा उठाए गए कदमों ने ही इस परिवर्तन को संभव बनाया! दरअसल, जब देश में ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर अपनाने की बात आती है तो प्रधानमंत्री भविष्य में ईवी वाहन चार्जिंग के लिए केवल नवीकरणीय स्रोतों का उपयोग करने का मार्ग प्रशस्त करने की बात करते हैं, ताकि जीवाश्म ईंधन ऊर्जा स्रोतों का उपयोग न करना पड़े। पीएम सूर्य घर योजना सौर छतों का उपयोग करने वाले नागरिकों के साथ उनके वाहनों को बिजली उपलब्ध कराने के जरिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। भारत जिस पैमाने और गति से नवीकरणीय यात्रा को आगे बढ़ा रहा है वह बेजोड़ है और यह प्रधानमंत्री मोदी के सीधे हस्तक्षेप का परिणाम है।

# खीरी पहुंचे प्रभारी मंत्री, विश्वकर्मा पूजन कर लाभार्थियों को दी योजनाओं की सौगातें

- पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों को स्वीकृति, गृह प्रवेश हेतु चाबी का किया वितरण
- नगर के मुख्य मार्गो से निकली रैली, दिया स्वच्छता का संदेश

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



मंगलवार को जिले के प्रभारी मंत्री और राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग, उप्र नितिन अग्रवाल अपने निर्धारित दो दिवसीय कार्यक्रम पर जनपद खीरी पहुंचे, जहां उनके जनपद आगमन पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पुष्पगुच्छ देकर उनके जनपद आगमन पर स्वागत किया।

सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने जनप्रतिनिधियों, अफसरो संग मा. पीएम नरेंद्र मोदी के कृतित्व, व्यक्तित्व पर लगी चित्र प्रदर्शनी का फीताकाट कर शुभारंभ करते हुए अवलोकन किया। इस दौरान थारू जनजाति की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में पुष्प वर्षा कर प्रभारी मंत्री का स्वागत व अभिनंदन किया। इसके बाद कलेक्ट्रेट में निर्माण व सृजन के अधिष्ठाता, देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पावन जयंती के उपलक्ष्य में दीप प्रज्वलन, पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न लाभकारी योजनाओं के लाभार्थियों को योजनाओं की लाभ प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने मौजूद जनप्रतिनिधियों, अफसरो, लाभार्थियों एवं आमजन को स्वच्छता का संकल्प भी दिलाया। इस दौरान पीएम के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई।प्रभारी मंत्री ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की कृपा सभी पर बनी रहे, सभी के जीवन में सुख, शांति व समृद्धि का वास हो, यही प्रार्थना है। पीएम की प्रेरणा से देशभर में स्वच्छता अभियान के जरिए लोगों को जागरुक किया जा रहा है। आज यह जनादोलन के रूप में परिवर्तित हो चुका है। सजग रहकर अपने घर, मोहल्ले, शहर को साफ रखें। जीवन में स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता जरूरी है। मुझे खुशी है कि पीएम, सीएम की प्रेरणा से आज विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत लाभार्थियों को उनके हुनर के हिसाब से टूलकिट वितरित की जा रही। हुनर की धरोहर जरूरी है,आने वाली पीढ़ी को कलाओं हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। भारत कला के जरिए विश्वपटल पर अपनी नई पहचान बना रहा। प्रदेश में 50 लाख से ज्यादा परिवारों को पीएम आवास से जोड़ने का काम किया। उन्हें पीएम सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया।उन्होंने कहा कि सरकार ने वंचित,शोषित वर्ग एवं अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्तिओ को लाभकारी योजनाओं से जोड़कर उनके जीवन को सरल बनाने का काम किया है। थारू समाज एक संघर्षशील समाज है। प्रदेश सरकार ने बलरामपुर जिले में थारू समाज की कला को प्रोत्साहित करने के लिए म्यूजियम बनाया है, ताकि प्रदेश, देश और विश्व उनकी संस्कृति जान सके। उन्होंने थारू समाज के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। हकदारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी सरकार संकल्पित होकर काम कर रही।

कार्यक्रम में विधायक विनोद शंकर अवस्थी, योगेश वर्मा, जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त रखें।

### प्रभारी मंत्री ने लाभार्थियों को योजनाओं की सौगातें

प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने जनप्रतिनिधियों, अफसरो की मौजूदगी में ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान के 26 लाभार्थियों को टूलकिट प्रदान की। माटीकलां टूल किट्स वितरण रोजगार योजना के पांच केलाभार्थियों को इलेक्ट्रिक चाक का वितरण किया। पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के 20 लाभार्थियों को चाबी व स्वीकृत पत्र प्रदान किया। जनजाति क्षेत्र में संचालित कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी कंप्यूटर ट्रेड के 02, ब्यूटीशियन, टेलरिंग, हैंडीक्राफ्ट और एंब्रॉयडरी ट्रेड की एक- एक प्रशिक्षार्थियों को टूलकिट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। स्वच्छता अभियान के तहत सफाई कर्मचारियों को किट वितरण भी किया। कार्यक्रम में पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### नगर के मुख्य मार्ग से निकली रैली दिया स्वच्छता का संदेश

- इसके बाद प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर आधारित स्वच्छता पखवाड़ा 2024 का कलेक्ट्रेट से शुभारंभ किया। उन्होंने विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, नपाप अध्यक्ष डॉ इरा श्रीवास्तव, डीएम, एसपी, सीडीओ संग स्वच्छता रैली को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।
- कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि जन भागीदारी को मजबूत करने हेतु 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा' का पखवाड़ा मनाया जा रहा है। हम सभी मिलकर स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं और मा. प्रधानमंत्री जी के स्वच्छ भारत के लक्ष्य को साकार करने में अपनी भूमिका निभाएं। आईए, मिलकर स्वच्छता की ओर कदम बढ़ाएँ। बताते चले कि इस स्वच्छता रैली में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स, नगर निकाय में कार्यरत स्वच्छता दूतों सहित बड़ी संख्या में स्वच्छता जागरूकता रथ भी शामिल हुए। यह जागरूकता रैली नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई पुनः कलेक्ट्रेट में विसर्जित हुई।

# गणेश उत्सव कमेटी के लोगो ने नहर में पानी न होने के कारण सदर चौराहे पर मानव श्रृंखलाा बनाकर सदर चौराहा जाम किया

- उपजिलाधिकारी के नहर में पानी छोड़े जाने के आश्वासन पर माने लोग

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी




गणेश उत्सव कमेटी के लोगों ने खीरी ब्रांच में नहर में पानी न होने से नाराज होकर सदर चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर जाम लगा दिया। उप जिलाधिकारी ने नहर में पानी छोड़े जाने का आश्वासन दिया तब माने। गणेश उत्सव समिति के लोगों का कहना है कि इन दिनों गणेश उत्सव चल रहा था। समापन पर प्रतिमाओं का विसर्जन अलीगंज रोड पर खीरी ब्रांच नहर में किया जाता है। नहर बंद होने के कारण पानी नहीं है। इसके लिए कई दिन पहले ही प्रशासन को पत्र देकर नहर में पानी छुड़वाए जाने की मांग की गई थी। मंगलवार को गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया जाना था। इससे पहले ही समिति के लोगों दीपक रस्तोगी, पूर्व सभासद रामरक्षपाल, रघुवीर राजपूत, श्रीराम शाह बालाजी मराठा, लकी गुप्ता, विकास सोनी, दुर्गेश सोनी, रोली शुक्ला, सोनू राजपूत, राम प्रकाश सोनी, अशोक जोशी समेत तमाम लोगों ने सदर चौराहा पहुंच गए और नहर में पानी छुड़वाए जाने की मांग को लेकर मानव श्रृंखला बना कर जाम लगा दिया। लगभग 1 घंटे चौराहा जाम रहा। लोग गली मोहल्लों से होकर गुजरे तो गली मोहल्ले की गलियां भी जाम हो गई। लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतें हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचे प्रदर्शन कर रहे समिति के लोगों को समझने की कोशिश की, पर वह नहीं माने। तब एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचे उन्होंने आश्वासन दिया कहा कि एक युवक की मौत के कारण नहर का पानी बंद कराया गया था।जिसे चालू कर दिया गया है। मूर्ति विसर्जन में कोई दिक्कत नहीं होगी। तब लोग माने और जाम खत्म किया।

## भगवान विश्वकर्मा का पूजन अर्चन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया

जन एक्सप्रेस । खंभारखेडा खीरी



बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल, आसवनी एवं बजाज एनर्जी लिमिटेड में भगवान विश्वकर्मा का पूजन अर्चन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। इसके उपरांत प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।संपूर्ण सृष्टि के निर्माण कर्ता भगवान विश्वकर्मा की पूजा बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड के वर्कशॉप में परंपरागत रूप से विधि विधान पूर्वक की गई। मंदिर के पुजारी ने भगवान विश्वकर्मा सहित अन्य देवी- देवताओं का पवित्र मंत्रों से आवाहन कर पूजा -अर्चन किया और छोटी-बड़ी सभी मशीनों की चीनी मिल के यूनिट हेड अवधेश गुप्ता ने पूजा की। इस अवसर पर हवन में मिल के अधिकारी पुष्पेन्द्र ढाका, अरुण प्रताप सिंह, आशीष श्रीवास्तव, राजेश दूवे, अनिल सिंह, राजेश पांडे, देवेन्द्र सिंह, अतुल मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या मे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने यज्ञ कुंड में आहुति डाली तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

# बड़े ही धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा भगवान की जयंती



जन एक्सप्रेस । अमीर नगर खीरी

विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर मंगलवार को भोगियापुर में बड़ी ही धूमधाम के साथ विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। इस दौरान यहां पर जगह-जगह दुकानों और संस्थानों पर मशीनरी की पूजा अर्चना करने के साथ प्रसाद वितरण किया गया भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। भोगियापुर गांव के कुलदीप शर्मा ने बताया की हिंदू धर्म में विश्वकर्मा पूजा का विशेष महत्व होता है। हर साल 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। कहा जाता है कि इस दिन सृष्टि के रचयिता ब्रम्हा जी के सातवें पुत्र विश्वकर्मा भगवान का जन्म हुआ था। धार्मिक मान्यता है, कि भगवान विश्वकर्मा ऐसे देवता हैं, जो हर काल में सृजन के देवता माने जाते हैं। सृष्टि में जो भी चीजें सृजनात्मक हैं। जिनसे जीवन संचालित होता है। वह सब भगवान विश्कर्मा की देन है। यानी भगवान विश्वकर्मा ही दुनिया के पहले शिल्पकार थे।

ब्रम्हा जी ने श्रृष्टि को सजाने-संवारने का काम विश्वकर्मा भगवान को दिया था। मान्यता है कि जब ब्रम्हा जी ने सृष्टि की रचना की तो उसे सजाने-संवारने का काम विश्वकर्मा भगवान ने किया था। इस मौके पर गांव के रमाकांत शर्मा राजेश शर्मा सर्वेश शर्मा बलबीर यादव प्रधान मोहर सिंह यादव कमलेश शर्मा सर्वेश कुमार शर्मा वीरपाल शर्मा कप्तान सिंह यादव त्रिमोहन लाल मिश्रा आदि भक्त मौजूद रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को वितरित की चाभी और स्वीकृति पत्र




जन एक्सप्रेस । सीतापुर

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत राष्ट्रीय कार्यक्रम मा प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में उड़ीसा के भुवनेश्वर में आयोजित किया गया, जिसका सजीव प्रसारण विकास भवन सभागार में किया गया, जहां उपस्थित लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री जी के विचारों को सुना एवं लाभान्वित हुये। लाभार्थियों को आवास के स्वीकृत पत्र एवं चाभी भी वितरित की गयी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये बताया कि जिन्होंने अपने आवास पूर्ण कर लिये है, उनको चाभी वितरित की गयी है एवं जिनको आज प्रधानमंत्री जी के द्वारा प्रथम किश्त दी जा रही है, उन्हें स्वीकृति पत्र वितरित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में लगभग 2047 लोगों को आवास स्वीकृत करते हुये पहली किश्त अंतरित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम में आवास पूर्ण कर चुके 07 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाभी एवं 22 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किये गये। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम ब्लॉकों और ग्राम पंचायतों पर भी आयोजित किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने चाभी एवं स्वीकृति पत्र वितरित करते हुए महिलाओं से वार्ता की। उन्हें आर्थिक स्वावलंबन, स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु अनेक योजनाएं संचालित हैं, महिला सशक्तिकरण हेतु आर्थिक सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ने से महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित किए जाने हेतु आर्थिक संबल प्रदान करने के दृष्टिगत रिवाल्विंग फंड, क्रेडिट लिंकेज आदि सुविधाएं प्रदान की जाती है, जिससे वह अपना रोजगार स्थापित कर सकती हैं। युवाओं को भी मुख्य विकास अधिकारी ने कौशल विकास करने एवं स्वरोजगार स्थापित करने हेतु प्रेरित किया।

### मुख्य विकास अधिकारी ने दिलायी स्वच्छता शपथ

विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने सभी को स्वच्छता शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि आगामी 02 अक्टूबर तक निर्धारित कलेण्डर के अनुसार गतिविधियां संचालित कर लोगों को स्वच्छ आदतें अपनाये जाने हेतु प्रेरित किया जायेगा तथा सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान भी संचालित होगा। कार्यक्रम के दौरान जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापित, जिला पंचायत राज अधिकारी डा0 निरीश चन्द्र साहू सहित संबंधित अधिकारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

# सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के नेतृत्व में भाजपा ने किया सेवा पखवारा का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र के मोदी के 74वे जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवारा मनाया जा रहा है इस सेवा पखवारा का शुभारंभ प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर द्वारा किया गया, मंत्री जेपीएस राठौर के नेतृत्व में भाजपा जिलाअध्यक्ष राजेश शुक्ला, जिला पदाधिकारियों व भाजपा के समर्थकों सहित रसयोरा स्थित वाल्मीकि आश्रम में स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई की गई इस दौरान सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि आज हम सबके नेता व भारत माता को परम वैभव दिलाने का संकल्प लेने वाले महामानव देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस है और हम सब पार्टी के कार्यकर्ता उनके जन्म दिवस से आगामी 15 दिवस तक सेवा पखवारा मना रहे हैं इसी के तहत आज प्रभु वाल्मीकि के आश्रम की साफ सफाई की गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र सेवा के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख किया इसके पश्चात नगर के एक निजी होटल में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया गया एवं रक्तदानियों को प्रोत्साहित भी किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि आज का दिन बड़ा गौरवशाली दिन है क्योंकि हम सब के सर्वमान्य नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस है और सीतापुर जनपद में आज हम सबके मार्गदर्शक संरक्षक और उत्तर प्रदेश शासन के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर हम सबके साथ उपस्थित हैं। इस अवसर पर मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, महोली विधायक शशांक त्रिवेदी पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी, विश्राम सागर राठौर, जिला सदस्यता प्रमुख सुधाकर शुक्ला, संजय मिश्रा, नैमिष रत्न तिवारी विष्णु मौर्य, आकाश अग्रवाल, संदीप अवस्थी अंकित दीक्षित, मनोज तिवारी, परीक्षित त्रिपाठी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन मिश्रा, अनूप विश्वकर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष कंचन प्रभा पांडे, सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

# दहेज के लिए एक ओर बेटी की गयी जान पिता ने कार्रवाई हेतु पुलिस से लगाई गुहार

जन एक्सप्रेस । सिद्धार्थ अवस्थी



**सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र लहरपुर के शिवराज किशोर पाण्डेय पुत्र श्याम मनोहर पांडेय ने थाना रेउसा में प्रार्थना पत्र देकर अपनी पुत्री के ससुराली जनों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुत्री के गर्भ में पल रहे शिशु की हुई मौत के बाद कार्यवाही की मांग की जानकारी के अनुसार जिले की लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के चंदेसुआ निवासी शिवराज किशोर पाण्डेय पुत्र श्याम मनोहर पांडेय ने थाना रेउसा पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने वर्ष 2019 में अपनी पुत्री नीलम की शादी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार यथा सामर्थ्य दान दहेज देकर थाना रेउसा क्षेत्र के ग्राम बुढ़नपुर निवासी रोहित मिश्र पुत्र महेश प्रसाद मिश्र के साथ की थी। शिवराज किशोर पाण्डेय ने बताया कि शादी के समय अपनी हैसियत के अनुसार स्प्लेंडर प्रो गाड़ी एवं पांच लाख रुपए नगद दिया था दिये गये दान दहेज के बावजूद दहेज को लेकर सुरसा की भांति मुंह फैलाकर रोहित मिश्रा पुत्र महेश प्रसाद,साधना मिश्रा पत्नी महेश प्रसाद, महेश प्रसाद पुत्र अज्ञात हरिशंकर पुत्र राजकुमार अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे शिवराज किशोर पांडे ने बताया कि मांगे गए दहेज की पूर्ति करने में असमर्थता जताने पर उनकी पुत्री के साथ सासुराली जन सौतेला व्यवहार करने लगे। दहेज की मांग पूरी ना होने पर उनकी पुत्री जो गर्भ से थी उसका समुचित इलाज ससुरालीजनों के द्वारा नहीं कराया गया। समुचित इलाज के अभाव में मेरी पुत्री व उसके पेट में पल रहे शिशु की मौत दिनांक 12 सितम्बर 2024 को हो गयी शिवराज किशोर पाण्डेय ने बताया कि घटना के बाद थाना रेउसा में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई थी पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज किया था लेकिन एक सप्ताह बीत जानें के बाद भी अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई गांधी बाबा की चमक के आगे पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करना उचित नहीं समझा शिवराज किशोर पाण्डेय ने बताया कि एक सप्ताह बीतने को है लेकिन पुलिस ने अभी तक किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं की वहीं इस सम्बन्ध में जब थाना अध्यक्ष रेउसा हनुमन्त लाल तिवारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तहरीर प्राप्त है, तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन पर विश्वकर्मा मंदिर में की साफ सफाई



जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

दुनिया में भारत माता की ख्याति को फैलाने वाले करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा मनाती है। उसी क्रम में पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के नेतृत्व में श्री विश्वकर्मा मंदिर मो0 तीर्थ पर स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा प्रभु से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की गई। इसके साथ ही पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने नगर पालिका परिषद में देवताओं के वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की।इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, नगर महामंत्री राजेश राठौर, नगर मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, वरिष्ठ नेता अशोक सक्सेना, शक्ति केन्द्र संयोजक राहुल बाल्मीकि, बूथ अध्यक्ष सचिन गुप्ता, पिछड़ा वर्ग मोर्चा नगर संयोजक अंकुर वर्मा, किसान मोर्चा नगर महामंत्री गौरव ज्ञान त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता विश्वकर्मा, सीमा वर्मा, सरिता गौढ,राम कुमार भदौरिया, ऋषभ मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# बड़े मखदूम साहब का 524 वां उर्स सितंबर माह से प्रारंभ : नजमुल हसन शोएब मियां सज्जाद नशीन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**खैराबाद।** स्थानीय दरगाह हजरत बड़े मखदूम साहब में 524 में उर्स 18 सितंबर से प्रारंभ हो रहा है इसका समापन 20 सितंबर की रात्रि में होगा उक्त उर्स के संबंध में समस्त तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं तथा श्रद्धालुओं का आना प्रारंभ हो गया है दरगाह के सज्जाद मशीन उस्मानी नजमुल हसन उर्फ शोएब मियां ने बताया की 524 वें उर्स का शुभारंभ 18 सितंबर की सांय ख्वाजा कुतुब साहब के फातिहा से होगी तत्पश्चात 6:30 बजे और रात्रि 8:30 बजे पुनः फातिहा होगा 19 सितंबर को प्रातः 9:00 बजे गुसल मजार शरीफ होगा तत्पश्चात ख्वाजा कुतुब साहब का कुल संपन्न होगा, 3:00 बजे अपराहन सज्जाद मियां पूर्व सज्जादा नशीन की चादर पेश की जाएगी तथा 7 बजे से जलसा सीरत पाक पर दरगाह में स्थित मस्जिद में आयोजित किया जाएगा इसके बाद रात 9:00 बजे छोटे मखदूम साहब की दरगाह से जुलूस गागर उठेगा जो विभिन्न मार्गो से होता हुआ दरगाह बड़े मखदूम साहब पहुंचेगा जहां देर रात तक कव्वाली होगी 20 सितंबर को प्रातः कुरान ख्वानी तथा जुमे की नमाज़ के बाद महफिले समा शुरू होगा और शाम 6:00 बजे बड़े मखदूम साहब का 524 व कुल शरीफ होगा इसी रात मखदूम साहब के भाई शेख अबू मोहम्मद साहब की चादर पेश की जाएगी इस कार्यक्रम के उपरांत 524 में उर्स का समापन हो जाएगा दरगाह के सज्जादा नशीन शोएब मियां ने जनमानस से अपील करते हुए कहा की यहां सभी धर्म संप्रदाय के लोग आते हैं आपस में सामंजस बनाकर शांतिपूर्वक उर्स को संपन्न कराने में विगत वर्षों की भांति अपना सहयोग प्रदान करें क्योंकि मखदूम साहब सभी के लिए हैं किसी एक के नहीं हैं। दरगाह कमेटी अध्यक्ष सैय्यद आमिर मियां रिज़वी और सचिव जावेद मुसतफा टीटू खान ने बताया कि हमारी सभी तैयारी पूर्ण हैं और दरगाह पर ज़ायरीन के ठहरने तथा भोजन की व्यवस्था कमेटी के द्वारा की जा चुकी है।

# सड़क दुर्घटना में दो घायल

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

गोला शाहजहांपुर रोड पर महेशपुर के पास हुई सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए, जिन्हे एम्बुलेंस से सीएचसी भर्ती कराया गया। पीलीभीत जिले के माधोटांडा निवासी गुड्डू (40) पुत्र हीरालाल बाइक से अपनी ससुराल गोला आ रहे थे, तभी हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव परेली निवासी संजय (45) किसी काम से साईकिल से जा रहे थे, गोला शाहजहांपुर रोड पर महेशपुर के निकट बाइक और साईकिल की हुई में दोनों गंभीर घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें एम्बुलेंस से सीएचसी भर्ती कराया गया, जहा दोनों का इलाज चल रहा है।

# देर शाम विसर्जन के लिए निकाली गई गणेश प्रतिमा

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



नगर के सदर चौराहे पर अलग-अलग गणपति बप्पा का मूर्तियां विसर्जन के लिए गाजे बद्धजे के साथ पूरे नगर में यात्रा निकाली गई।नगर में गणपत बप्पा का गणेश उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास से सात दिनो तक मनाया गयाद्य सात दिनो तक सायां कालीन कार्यक्रम के तहत झांकी और नाटक करने के बाद गणेश प्रतिमा को विसर्जन के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूरे नगर के प्रमुख मार्गों पर यात्रा निकाली गईद्य नहर में पानी न होने के कारण देर शाम फिर नहर में मूर्ति को विसर्जित किया गयाद्य इस अवसर पर उपजिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता नायक तहसीलदार सर्वेश यादव अपरपुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह क्षेत्रद्धधिकारी गविंद्र पाल सिंह कोतवाली प्रभारी रमेश चंद पांडे क्राइम इंस्पेक्टर रविंदर कुमार पांडे यातायात निरीक्षक योगेंद्र पाल सहित समस्त पुलिस पुलिस बल मौजूद रहा।

## भगवान विश्वकर्मा की पूजा बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड के वर्कशॉप में परंपरागत रूप से विधि विधान पूर्वक की गई



जन एक्सप्रेस । गोला गोकरण नाथ खीरी। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल एवं आसवनी में भगवान विश्वकर्मा का पूजन अर्चन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। इसके उपरांत प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। संपूर्ण सृष्टि के निर्माण कर्ता भगवान विश्वकर्मा की पूजा बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड के वर्कशॉप में परंपरागत रूप से विधि विधान पूर्वक की गई ।मंदिर के पुजारी दयानन्द पांडेय ने भगवान विश्वकर्मा सहित अन्य देवी- देवताओं का पवित्र मंत्रों से आवाहन कर पूजा -अर्चन किया और छोटी-बड़ी सभी मशीनों की चीनी मिल के वरिष्ठ प्रधान प्रबंधक इंजीनियरिंग के के तिवारी ने पूजा की। इस अवसर पर हवन में मिल के यूनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन, वरिष्ठ प्रधान प्रबंधक गन्ना- प्रेम शंकर चतुर्वेदी,आर के मिश्र, संदीप कटियार,रितेश दूवे सहित कर्मचारी संगठन पदाधिकारियों ने यज्ञ कुंड में आहुति डाली तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

# नोएडा की तर्ज पर अब गोरक्षनगरी में भी फ्लैटेड फैक्टरी, गीडा में निर्माण काम भी शुरू

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



प्रदेश सरकार ने पिछले साल गीडा में भी फ्लैटेड फैक्टरी लगाने का निर्णय लिया था। यह एक ऐसी बिल्डिंग होगी, जिसमें 80 फ्लैट बनाए जाएंगे। प्रत्येक फ्लैट एक हॉल जैसा होगा, जिसमें फिनिशिंग के सारे काम पूरे होंगे, यहां तक कि बिजली का स्वीच भी लगा होगा। इसमें रेडिमेड गारमेंट्स से जुड़ी सिलाई, सफाई, पैकिंग आदि का काम करने वाली छोटी इकाइयां अपना कारोबार शुरू करेंगी।

नोएडा की तर्ज पर गीडा में भी फ्लैटेड फैक्टरी बनाई जा रही है। नवंबर में इसके लिए बन रहे भवन का काम पूरा हो जाएगा। इसमें 80 फीसदी फ्लैट रेडिमेड गारमेंट्स और शेष 20 फीसदी अन्य उद्योगों को दिए जाएंगे। यहां सभी प्रदूषण मुक्त फैक्टरियां होंगी। दिसंबर में इन फ्लैट्स का आवंटन होगा। उम्मीद है कि नए साल में यहां नई फैक्टरियों से उत्पादन शुरू हो जाएगा।

प्रदेश सरकार ने पिछले साल गीडा में भी फ्लैटेड फैक्टरी लगाने का निर्णय लिया था। यह एक ऐसी बिल्डिंग होगी, जिसमें 80 फ्लैट बनाए जाएंगे। प्रत्येक फ्लैट एक हॉल जैसा होगा, जिसमें फिनिशिंग के सारे काम पूरे होंगे, यहां तक कि बिजली का स्वीच भी लगा होगा। इसमें रेडिमेड गारमेंट्स से जुड़ी सिलाई, सफाई, पैकिंग आदि का काम करने वाली छोटी इकाइयां अपना कारोबार शुरू करेंगी। पूरी तरह से तैयार इस फैक्टरी में उद्यमी पहले दिन से ही उत्पादन शुरू करने की स्थिति में होंगे।

सेक्टर 13 में स्थापित यह फैक्टरी 10,800 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में है। इसकी कुल लागत करीब 34 करोड़ रुपये है। भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय और प्रदेश सरकार के सहयोग से इसका निर्माण कार्य चल रहा है। इस बिल्डिंग में 80 फैक्टरियों की स्थापना होगी, जिसमें करीब 2000 लोगों को रोजगार मिलेगा।

चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आरएन सिंह ने बताया कि गीडा बोर्ड की पिछली बैठक में यह तय किया गया था कि 80 फीसदी फ्लैट रेडिमेड गारमेंट्स और 20 फीसदी अन्य उद्यमियों को आवंटित किया जाएगा। सीईओ गीडा अनुज मलिक ने बताया कि इसका निर्माण कार्य नवंबर तक पूरा करा लिया जाएगा।

## विकराल होती जा रही सरयू, खतरे के निशान से 34 सेमी ऊपर

जन एक्सप्रेस । देवरिया

सरयू नदी विकराल रूप लेती जा रही है। पिछले 24 घंटे से नदी के जल स्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। इससे तटवर्ती गांवों के लोगों की दुश्वारियां बढ़ती जा रही है। नदी का पानी रिहायशी इलाकों में घुसने लगा है। नदी के उग्र रूप धारण करने से बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। शनिवार दोपहर में खतरे से 45 सेमी नीचे बह रही नदी ने शाम पांच बजे से रफ्तार पकड़ ली और चार सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ोतरी शुरू हो गई। रविवार शाम को पांच बजे तुर्तीपार रेगुलेटर पर नदी का जलस्तर 64 मीटर 64 सेमी रिकार्ड किया गया। 24 घंटे के दौरान नदी के जल स्तर में 80 सेमी की बढ़ोतरी हुई है। नदी के इस विकराल रूप से किनारे बसे गांवों के लोगों की नींद उड़ गई है। नदी का पानी रिहायशी इलाकों में घुसने लगा है। पानी इसी तरह बढ़ता रहा तो तबाही मचना तय है। एसडीएम बरहज अंगद यादव ने बताया कि नेपाल के पानी से नदी के जलस्तर में वृद्धि हो रही है। बाढ़ चौकियों को फिर से अलर्ट कर दिया गया है। तहसील कर्मचारियों को मौजूद रहने को कहा गया है।द्य

# दिल्ली से गोरखपुर आ सकती है स्वास्थ्य मंत्रालय की जांच टीम, लगे हैं भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

एम्स में भ्रष्टाचार का मामला दूसरी बार सार्वजनिक हुआ है। सात महीने पहले जब पूर्व कार्यकारी निदेशक डॉ. सुरेखा किशोर को यहां से हटाया गया था तो उस वक्त भी खरीद और निर्माण में गड़बड़ी की चर्चा चली थी। हालांकि, उन पर लगे आरोपों की जांच में क्या हुआ, यह आज तक सार्वजनिक नहीं हो पाया। कार्यकारी निदेशक डॉ. जीके पॉल ने भी इसका खुलासा किया था। एम्स के कार्यकारी निदेशक के बयान के बाद से परिसर में हड़कंप मचा हुआ है। हर विभाग के जिम्मेदार अंदर ही अंदर अपने बिल बाउचर दुरुस्त करने में लगे हैं। शीर्ष अफसर के इस तरह से सार्वजनिक बयान के बाद सभी को वृहद जांच का अंदेशा सता रहा है।

बताया जा रहा है कि दिल्ली से एक जांच टीम जल्द ही एम्स पहुंचने वाली है। उधर, एम्स में करीब डेढ़ महीने से सारे काम की निगरानी के लिए बनी छह कमेटियों को लेकर भी खूब चर्चा चल रही है। फिलहाल इस मामले पर अब सभी बड़े अफसरों ने चुप्पी साध ली है, लेकिन अंदर ही




अंदर बेचैनी बढ़ी हुई है।

एम्स में भ्रष्टाचार का मामला दूसरी बार सार्वजनिक हुआ है। सात महीने पहले जब पूर्व कार्यकारी निदेशक डॉ. सुरेखा किशोर को यहां से हटाया गया था तो उस वक्त भी खरीद और निर्माण में गड़बड़ी की चर्चा चली थी। हालांकि, उन पर लगे आरोपों की जांच में क्या हुआ, यह आज तक सार्वजनिक नहीं हो पाया।

कार्यकारी निदेशक डॉ. जीके पॉल ने भी इसका खुलासा किया था। उन्होंने आते ही कई महत्वपूर्ण बदलाव किए थे। इसके अलावा करीब डेढ़ महीने पहले छह अलग-अलग कमेटियां भी गठित की थीं। अब यही कमेटियां सारी निगरानी कर रही हैं। एम्स सूत्रों का कहना है कि ओपीडी से लेकर आईपीडी, एमएनसी बिल्डिंग, नर्सिंग कालेज तथा ब्वायज व गर्ल्स हास्टल एवं इमरजेंसी वार्ड तक हर जगह काम की निगरानी के लिए कमेटी बनी हुई है।

ओपीडी क्वालिटी सर्किल पहली कमेटी है। दूसरी व तीसरी कमेटी आईपीडी ईस्ट एंड वेस्ट है। चौथी एमएनसी बिल्डिंग कमेटी है। पांचवीं नर्सिंग हास्टल कमेटी और छठीं ब्वाज एंड गर्ल्स हॉस्टल कमेटी है। हर कमेटी अलग-अलग काम देखती है। कमेटी के सदस्य मौके पर जाकर समस्या के बारे में पता करके समाधान कराते हैं।

इसके अलावा एम्स प्रेसिडेंट देश दीपक वर्मा ने भी कमेटी गठित कर चल रही समस्याओं के निस्तारण की बात कही है। परिसर में सबसे अधिक चर्चा भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच को लेकर है। कहा जा रहा है कि कार्यकारी निदेशक के खुलकर आरोप लगाने के बाद अब एम्स में हर खरीद की जांच होनी चाहिए।

# झाड़ू लगाकर विधायक और डीएम ने स्वच्छता पखवाड़ा का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

स्वच्छता ही सेवा है। 2024 पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को महराजगंज बस स्टेशन से स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ विधायक नौतनवा और जिलाधिकारी अनुनय कुमार झा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने झाड़ू लगाकर किया। अभियान दो अक्तूबर तक चलेगा।

इस वर्ष लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के ध्येय वाक्य के साथ वृहद स्वच्छता अभियान ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में संचालित किया जा रहा है। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन, स्वच्छता शपथ, दौड़, रैलियां, मानव श्रृंखला, प्रभात फेरी आदि जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। स्वच्छता की भागीदारी पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्वच्छता ही सेवा 2024 योजनाओं की घोषणा, स्वच्छ भारत के लिए सार्वजनिक भागीदारी, जागरुकता और अन्य गतिविधियां भी आयोजित होंगी।

बस स्टेशन पर सफाई के उपरांत विधायक नौतनवा द्वारा जीएसवीएस इंटर कॉलेज में चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन और उपस्थित लोगों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। विधायक नौतनवा ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 05 लाभार्थियों को आवास की चाबी भी प्रदान की गई। जिलाधिकारी अनुनय झा ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत अगले 15 दिनों तक विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

स्वच्छता अभियान में अध्यक्ष नगर पालिका महराजगंज डॉ. पुष्पलता मंगल, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, एसडीएम सदर रमेश कुमार, पूर्व भाजपा अध्यक्ष परदेशी रविदास, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका कृष्ण गोपाल जायसवाल मौजूद रहे।बस स्टेशन पर सफाई के उपरांत विधायक नौतनवा द्वारा जीएसवीएस इंटर कॉलेज में चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन और उपस्थित लोगों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। विधायक नौतनवा ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 05 लाभार्थियों को आवास की चाबी भी प्रदान की गई। जिलाधिकारी अनुनय झा ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत अगले 15 दिनों तक विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## समाज के लोग एकजुट होकर मदद के लिए आगे आएं: विधायक

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

सोशल नेशनल रेनेसा पार्टी के दूसरे स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय सोनार एकता परिषद के कार्यकर्ताओं की बैठक स्थानीय मैरिज हाल में हुई, जिसमें भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पूजन डॉ. श्रवण कुमार वर्मा व प्रदेश महासचिव कृष्ण कुमार वर्मा ने किया। बैठक में समाज के एकजुट होने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाटा विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि समाज के लोग संगठित होकर एक दूसरे की मदद के लिए आगे आए। समाज के लोगों को विश्वकर्मा समाज से भी जोड़े। सभी समाज के लोगों को एक साथ लेकर चले, जिससे एक दूसरे की मदद किया जा सके। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश जायसवाल ने कहा कि सोनार समाज का समाज के उत्थान में विशेष योगदान रहा है।

# सामाजिक समरसता का लक्ष्य पाना है ऋषियों-संतों की परंपरा से प्रेरित: प्रो. ईश्वर

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

प्रो. विश्वकर्मा मंगलवार को युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 55वीं और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की 10वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में समसामयिक विषयों के सम्मेलनों की श्रृंखला के तीसरे दिन %सामाजिक समरसता ः महायोगी गोरखनाथ और नाथपंथ के विशेष संदर्भ सन्दर्भ में' विषयक सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा ने कहा कि भारत सिर्फ एक देश नहीं है बल्कि यह पूरे विश्व का मार्गदर्शन करने के लिए एक अपरिहार्य आवश्यकता भी है, इसलिए इसका समर्थ और सशक्त होना अति आवश्यक है। भारत के समर्थ और सशक्त होने के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि जहां सामाजिक समरसता अपने उच्च स्तर पर दिखे। सामाजिक समरसता का भारत पूरे विश्व की आवश्यकता है। सामाजिक समरसता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें अपने ऋषियों और संतों की उस परंपरा से प्रेरित होना होगा, जिन्होंने हमें समरस और समर्थ समाज की विरासत दी थी। यह सबके लिए गौरवपूर्ण अनुभूति है कि समरस समाज के लिए नाथपंथ, इसके आभिर्भावक शिवावतार महायोगी गोरखनाथ और इस परंपरा के संवहन से अहर्निश एवं अद्यतन जुड़ी गोरक्षपीठ की मार्गदर्शक भूमिका इस लक्ष्य की ओर उन्मुख है। विश्वकर्मा मंगलवार को युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 55वीं और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की 10वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में समसामयिक विषयों के सम्मेलनों की श्रृंखला के तीसरे दिन %सामाजिक समरसता ः महायोगी गोरखनाथ और नाथपंथ के विशेष संदर्भ सन्दर्भ में'विषयक सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। सभ्यता के प्रादुर्भाव काल से ही भारत पूरी दुनिया में अन्य देशों से बिल्कुल भिन्न रहा है। महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण, अर्जुन से कहते हैं कि भारतवर्ष पूरे विश्व में श्रेष्ठतम है। इसका कारण यह है कि एकमात्र ऐसा देश है जिसके समाज का निर्माण ऋषियों, मुनियों एवं संतों की चिंतन परंपरा से हुआ है। संतों की चिंतन परंपरा ने ही मनुष्य को एक समाज के रूप में सबसे विचारवान प्राणी बनाया। मनुष्यता को केंद्र में रखकर हमारे ऋषियों और संतों ने समाज को जो विरासत दी, उसकी सबसे अमूल्य निधि रही समरसता। संतो द्वारा बनाए गए हमारे समाज की ही विशेषता थी कि हमें वसुधैव कुटुंबकम का दर्शन विरासत में प्राप्त हुआ। प्रो. विश्वकर्मा ने कहा कि जब हमारी विरासत सामाजिक समरसता को लेकर इतनी समृद्धि थी तो यह विचारणीय प्रश्न है।

## बहन की हत्या के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

भठही खुर्द में नौ सितंबर को 16 वर्षीय किशोरी की हत्या कर उसके शव को गन्ने के खेत में फेंकने के मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर बेटे पर हत्या का केस दर्ज किया था। सोमवार को आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया।

भठही खुर्द के संवरू कुशवाहा नौ सितंबर को पत्नी के साथ कहीं गए थे। रात में घर पर उनका बेटा गोविंद कुशवाहा, बेटी माधुरी कुशवाहा के अलावा दो छोटे बच्चे थे। आपस में विवाद के बाद गोविंद ने रात में दुपट्टे से गला कसकर माधुरी की हत्या कर दी थी।

शव को अवधेश यादव के गन्ने के खेत में फेंक दिया था। सुबह के सभासद जयप्रकाश राव ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला कसने से माधुरी की मौत की पुष्टि हुई। सोमवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया पीएम का जन्मोत्सव, लगाई झाड़ू, की साफ-सफाई

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को जगह-जगह सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। रोडवेज परिसर में भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने न केवल हाथों में झाड़ू लेकर सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई की, बल्कि नागरिकों को भी इसके लिए प्रेरित किया।

नौतनवां विधायक ऋषि त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र सशक्त हुआ है। विश्व में भारत का डंका बज रहा है। आज देश भी विकास नई ऊंचाई छू रहा है। आम नागरिकों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई है, जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का जीवन का क्षण क्षण अपने देश के लिए समर्पित है। उन्होंने 2047 तक देश् को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जो संकल्प लिया है उसकी बानगी उनके तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन में दिखती है।

## लिपिक के खिलाफ शिक्षकों ने खोला मोर्चा, जेडी से कार्रवाई की मांग

जन एक्सप्रेस । देवरिया

विकास खंड क्षेत्र के सहायता प्राप्त एक हाईस्कूल के शिक्षकों ने अपने ही विद्यालय के लिपिक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने संयुक्त शिक्षा निदेशक को शिकायत देकर लिपिक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। विद्यालय के शिक्षक लव कुमार व राजकुमार ने संयुक्त शिक्षा निदेशक सप्तम मंडल गोरखपुर को शिकायती पत्र दिया है। कहा है कि विद्यालय में तैनात महिला लिपिक कभी अपने कार्यालय में नहीं बैठतीं। वह अपना काम खुद न करके एक प्राइवेट व्यक्ति से कराती हैं, जो टीसी, स्कॉलर रजिस्टर से संबंधित सभी कार्य करता है। वहीं, लिपिक के पति उपस्थिति पंजिका सहित सभी अभिलेखों पर उनका फर्जी हस्ताक्षर बनाते हैं। आरोप है कि वह कॉलेज कैंपस में निवास करती हैं और एचआरए भी लेती हैं।

# तहरीर देने के बाद कार्रवाई नहीं होने पर अधिशासी अभियंता से की शिकायत

जन एक्सप्रेस । देवरिया

देवरिया-कसया मार्ग पर करमैनी नाला पर अवैध रूप से बांध बनाकर मछली मारने की शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने अभी तक मुकदमा नहीं दर्ज किया है। यही नहीं दो दिन पूर्व अवर अभियंता ने मौके का निरीक्षण कर पानी को रोकने के लिए लगाए गए अवरोध को अभी तक नहीं हटाया है। यह देख भाजपा के जिला महामंत्री रमेश सिंह ने बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता से शिकायत की है। उन्होंने दोषी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

करमैनी नाला पर अवैध रूप से बांध बना करके मछली मारने की शिकायत कार्यवाहक जिलेदार अभिषेक सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर की थी। उनका था कि गणेश चौहान, बंगाली, सूचित चौहान, राम लखन सिंह, कमलेश प्रजापति सहित अन्य लोग दर्जनों लोग मछली मारने के लिए नाले में जगह-जगह बांस-बल्ली तथा बांस-चितवन लगा करके नाले के पानी को रोक दिया है। जिससे अगल-बगल के धान की फसल के अलावा अन्य फसलें जलमग्न हो गई है।

पानी की नहीं होने से फसलों को नुकसान पहुंच रहा है।

इसके बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। दो दिन पूर्व बाढ़ खंड विभाग के विभाग के अवर अभियंता ने मौके पर पहुंच कर मछली मारने वाले लोगों को अवरोध हटाने का निर्देश दिया था, लेकिन अभी तक अवरोध नहीं हटाया जा सका है। इस समस्या को ले भाजपा नेता ने भी नाराजगी जताई है और अधिशासी अभियंता से शिकायत की है। थानाध्यक्ष नंदा प्रसाद ने कहा कि तहरीर मिली है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। करमैनी नाला पर अवैध रूप से बांध बना करके मछली मारने की शिकायत कार्यवाहक जिलेदार अभिषेक सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर की थी। उनका था कि गणेश चौहान, बंगाली, सूचित चौहान, राम लखन सिंह, कमलेश प्रजापति सहित अन्य लोग दर्जनों लोग मछली मारने के लिए नाले में जगह-जगह बांस-बल्ली तथा बांस-चितवन लगा करके नाले के पानी को रोक दिया है। जिससे अगल-बगल के धान की फसल के अलावा अन्य फसलें जलमग्न हो गई है। पानी की नहीं होने से फसलों को नुकसान पहुंच रहा है।

# जीप और डीसीएम भिड़ंत में महिला की हुई मौत

जन एक्सप्रेस । देवरिया

सवारी जीप और डीसीएम में हुई आमने-सामने भिड़ंत में एक महिला की मौत हो गई। महिला भभौली चौराहे से सवारी जीप से अपने किसी रिश्तेदार के घर जा रही थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने को भेज दिया।

नगर के पश्चिमी तिवारी टोला निवासी सुगिया देवी 55 वर्ष अक्सर अपनी बहन कोइलगढ़हा गांव के घर रहती थी। रविवार को वह रुद्रपुर गई थी। जिसके बाद भभौली चौराहे से सवारी जीप में बैठ कर बड़हलगंज जा रही थी। मदनपुर चौराहे के समीप पेट्रोल पंप के सामने डीसीएम ने सवारी जीप को टक्कर मार दी। महिला वाहन में बेतरतीब तरीके से बैठी हुई बताई जा रही है, डीसीएम से टक्कर के बाद महिला सड़क पर गिर गई।

अन्य किसी यात्री को चोट नहीं आई। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। सोशल मीडिया पर मृतका का फोटो वायरल होने के बाद उसकी शिनाख्त हुई। उसके पति इंद्रजीत की करीब 15 साल पहले मौत हो गई। जिसके बाद वह बहन के घर ही रहने लगी। उसके पति इंद्रजीत की करीब 15 साल पहले मौत हो गई। जिसके बाद वह बहन के घर ही रहने लगी। उसे एक बेटा मिथुन और तीन बेटियां हैं। जिसमे से दो बेटियों की शादी हो चुकी है। घर पर उसके ससुर कुक्कुर साहनी और सास सुखिया देवी रहती हैं।

# पुलिस छावनी में तब्दील रहा अमवा दुबे गांव, पुलिस ने दर्ज किया केस

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

तुर्कपट्टी थाने की पुलिस ने रविवार को चोरी के आरोप में चार युवकों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में अमवा दुबे गांव के एक आरोपी युवक की पुलिस कस्टडी में मौत अफवाह फैल गई थी। लोग सड़क पर उतर आए थे। पुलिसकर्मियों से भी नोकझोंक हुई थी। पीआरवी के जवानों को भीड़ ने दौड़ा लिया था और उनकी बाइक व हेलमेट को भी छीन लिया गया था। रविवार की रात अमवा दुबे गांव पुलिस छावनी में तब्दील रहा। डॉयल 112 पुलिसकर्मी की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अफवाह फैलाने वालों की पुलिस तलाश कर रही है। वीडियो के सहारे पीआरवी के जवानों से अभद्रता करने और बाइक व हेलमेट छीनने वाले लोगों को भी चिह्नित किया जा रहा है। दूसरी तरफ, अभद्रता करने के मामले में अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किए जाने के बाद गांव के युवक कहीं चले गए हैं।

रविवार को तुर्कपट्टी थाने की पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में अमवा दुबे गांव के दो युवक भी गिरफ्तार किए गए थे। शाम करीब साढ़े चार बजे के आसपास किसी ने गांव वालों को यह सूचना दे दी कि अमवा दुबे गांव निवासी राजन शर्मा की पुलिस कस्टडी में मौत हो गई है। जब इसकी सूचना गांव वालों को मिली तो वे आक्रोशित होकर सड़क पर उतर गए। गांव के सामने तुर्कपट्टी-कसया मार्ग को लोगों ने जाम कर दिया और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान वहां आये डॉयल 112 के पुलिसकर्मियों को देख भीड़ उग्र हो गई। भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों को दौड़ा लिया और उनसे हेलमेट और बाइक छीन ली थी। देर शाम सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय और एसओ संजय कुमार ने वीडियो कॉलिंग पर आरोपी युवक से बातचीत करा लोगों को संतुष्ट करते हुए उसकी मौत को अफवाह बताया। इसके बाद लोगों का गुस्सा शांत हो सका था। वहीं, इस मामले में देर रात पीआरवी के जवान अरविंद यादव की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। एसओ संजय कुमार ने बताया कि पुलिस के पास कुछ वीडियो और फोटो उपलब्ध है। इसमें से दोषियों की पहचान की जा रही है। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अफवाह फैलाने वालों की भी तलाश की जा रही है।

सड़क जाम कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर रहे लोगों को रविवार की देर शाम सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय ने समझा-बुझाकर और आरोपी युवक से वीडियो कॉलिंग पर बातचीत करा उनके गुस्से को शांत तो करा दिया, लेकिन मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया। खुद भी वह देर रात तक अमवा दुबे गांव में जमे रहे। गांव में शांति व्यवस्था कायम होने के बाद वे वहां से मुख्यालय की ओर लौट आये। हालांकि, पुलिस टीम पूरी रात गांव में गश्त करती रही।

मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज होने के बाद गांव के लोग डरे हुए हैं। उन्हें आशंका है कि कहीं पुलिस की कार्रवाई की जद में वह न आ जाय। देर रात कई घरों के युवक भी घर छोड़कर कहीं चले गए हैं। जो लोग घर पर हैं, वे बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं।

# विवाहिता को प्रताड़ित करने पर पति समेत चार पर केस

जन एक्सप्रेस । देवरिया

क्षेत्र के बैठवलिया निवासी विवाहिता को दहेज की मांग को लेकर ससुराली प्रताड़ित करते रहे। 45 बार पंचायत के बाद भी अपनी आदत से बाज नहीं आए। पुलिस ने रविवार को पीड़िता की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ संबंधित संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

क्षेत्र के बैठवलिया गांव निवासी मंशा मद्धेशिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 अप्रैल 2017 को उनकी शादी दुर्गेश कुमार गुप्ता निवासी गौरी खुर्द टाउन एरिया गौरी बाजार धर्मकांटा के सामने जिला देवरिया के साथ हुई थी। शादी के बाद जब ससुराल पहुंची तो चंद दिनों के बाद पति परिजनों के साथ मिलकर दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। इसकी जानकारी वह मायके में माता-पिता को दी। उसके बाद ससुराल वालों को माता-पिता, भाई व अन्य सम्मानित लोगों ने समझाया, लेकिन वह लोग अपनी आदत से बाज नहीं आए।

दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। 45 बार पंचायत भी हुई। इसी दौरान दोनों के बीच से एक बच्ची भी जन्म ले ली।

इस संबंध में थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया की पीड़िता मंशा मद्धेशिया की तहरीर पर आरोपी पति दुर्गेश कुमार गुप्ता, ससुर दिनेश कुमार गुप्ता, सास माया और ननद नेहा के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## जटपुरा-खातीपाड़ा की प्राचीन दशहरा शोभायात्रा समिति के पदाधिकारी नियुक्त

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** जटपुरा-खातीपाड़ा स्थित श्रीरामचंद्र महाराज के प्राचीन मंदिर से लगभग 400 वर्ष से निकलने वाली शोभायात्रा 12 क्टूबर को धूमधाम से निकलेगी। इसके लिए लोहामंडी स्थित महाराजा अग्रसेन सेवा सदन में बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से प्रमुख पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष विनय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष तरुण सिंह को चुना गया। बैठक का शुभारम्भ सियाराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। चुनाव अधिकारी रामदास कटारा व विनोद अग्रवाल के नेतृत्व में चुनाव सम्पन्न हुए। सर्वम्मति से अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष के साथ महामंत्री राजपाल यादव, शोभायात्रा संयोजक हेमन्त प्रजापति, कोषाध्यक्ष अमित बंसल, को चुना गया। बैठक की अध्यक्षता महेन्द्र खंडेलवाल ने की। महेन्द्र खंडेलवाल व राहुल चतुर्वेदी को संरक्षक चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने बताया कि शीघ्र की कार्यकारिणी का गठन कर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। वहीं महिला संयोजक क्षमा जैन सक्सेना को नियुक्त किया गया। विनय अग्रवाल ने शासन प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि दशहरा शोभायात्रा मार्ग को दुरुस्त किया जाएगा।

# जीएसटी के अधिकारी नहीं पुलिसकर्मी करते हैं वाहनों, पेपरों की चेकिंग, वीडियो वायरल

**पुलिसकर्मियों से करवाते हैं चेकिंग, विभाग में चरम पर भ्रष्टाचार, योगी सरकार की मंशा पर पलीता लगा रहे जीएसटी के अधिकरी**

जन एक्सप्रेस। आगरा

सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ जीरो भ्रष्टाचार नीति का दावा करते हैं, लेकिन उनके मातहत उनके इन दावों की हवा निकाल रहे हैं। ताजा मामला जीएसटी (राज्य कर विभाग) का है। वाहनों की चेकिंग करने वाले सचल दल के प्रभारी की बजाए उनके साथ रहने वाले पुलिसकर्मी काजगों को चेक करते हैं। इसका जीता जागता प्रमाण सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो से मिल सकता है। जो कि फतेहपुर सीकरी के कौरई टोल का है। प्रदेश सरकार ने प्रत्येक मोबाइल यूनिट (सचल दल) को राजस्व प्राप्ति के लिए 85 लाख रुपये का लक्ष्य दिया है। मगर सचल दल राजस्व प्राप्ति के स्थान पर अपनी जेबें भर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो 27 जुलाई 24 का बताया जा रहा है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि फतेहपुर सीकरी के कौरई टोल प्लाजा पर सचल दल-3 की टीम चेकिंग के लिए पहुंची थी। चेकिंग असिस्टेंट कमिश्नर या सीटोओ की बजाए उनके साथ आए पुलिसकर्मी कर रहे थे। वे चालकों से गाड़ी में लदे माल के कागज चेक कर रहे थे। बिना किसी अधिकारी को दिखाए बगैर ही वे कागज लेकर वापस चालक को देकर उन्हें छोड़ रहे थे। जबकि सचल दल की सरकारी गाड़ी में बैठा अधिकारी उसमें से बाहर ही नहीं निकला। पुलिस कर्मियों ने ऐसा कई बार किया।





### एप में चेक किए बिना छोड रहे गाड़ी

नाम ना छापने की शर्त पर जीएसटी के एक अधिकारी ने बताया कि पेपर चेक करने का अधिकार पुलिस को नहीं है। उन्हें ये पता नहीं चलेगा कि जो पेपर उसने दिखाए हैं वे असली हैं या फिर फर्जी। सीटीओ या असिस्टेंट कमिश्नर सरकारी एप के बिल संख्या और वाहन संख्या अपलोड करके पेपरों की सत्यता पता कर सकता है। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। फतेहपुर सीकरी टोल पर दुकान चलाने वाले कई दुकानदारों ने बताया कि यहां तो जीएसटी अधिकारियों ने भ्रष्टाचार का अड्डा बना रखा है।

### सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो

फतेहपुर सीकरी के कौरई टोल पर पुलिसकर्मियों द्वारा वाहन और पेपर चेकिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस बारे में जानकारी करने के लिए सचल दल-3 के प्रभारी असिस्टेंट कमिश्नर सतीश कुमार से सत्यता जानने का प्रयास किया गया तो वह आग-बबूला हो गए। उन्होंने कहा कि ये वीडियो बनाने वाले इसकी जानकारी लीजिए उन्हें कुछ नहीं पता। इस दौरान सचल दल के प्रभारी राम नरेश वर्मा यूनिट 1 भी मौजूद थे, लेकिन वे भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इस संबंध में एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-1 मारुती शरण चौबे से संपर्क करने का प्रयास किया गया। मगर उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## फास्ट फॉरवर्ड

### उटंगन में घटने लगा जलस्तर ग्रामीण ने ली राहत की सांस

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** राजस्थान में हुई बारिश के चलते करौली के आंगई बांध में उटंगन नदी में भारी मात्रा में पानी छोड़ा गया था।तटवर्ती इलाकों के करीब तीन दर्जन से अधिक गांव में बाढ़ जैसे हालात बन गए थे। तटवर्ती इलाकों के कछार के गांव के मार्गों पर पानी भर गया। हजारों बीघा जमीन में खड़ी फसल में बाढ़ का पानी भरने भारी नुकसान हुआ है। सोमवार को नदी का पानी धीरे-धीरे शांत हुआ और बाहर में भी तेजी कम हुई। मंगलवार को नदी के उफान में कमी आई अब धीरे-धीरे पानी घटने लगा है। जिस पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। मगर कछार के खेतों में पानी भरने और गांव तक पानी पहुंचाने के बाद अब सदन दौड़ने से ग्रामीणों को संचारी रोगों का डर सताने लगा है जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया है और लगातार कैंप लग रहा है।

### युवक को टक्कर मारने के मामले में केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** थाना बासौनी क्षेत्र के अंतर्गत गांव पुरा कनेरा में कृष्णा अपने नाना के घर आया हुआ था। बीते एक सप्ताह पूर्व युवक कृष्णा खेत पर जा रहा था तभी कार ने युवक को चपेट में लेकर टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। परिजनों ने इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा था। युवक के नाना विद्यार्थी शिकायत पर पुलिस ने कार संख्या डीएल 1 जेडडी 7665 के अज्ञात चालाक के खिलाफ केस र्दकर जांच शुरू कर दी है।

### ईंट भट्ठे से अज्ञात चोरों ने ट्रैक्टर किया चोरी

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत गांव ट्यूबवेल पुरा के पास ईट भट्टे पर खड़ा ट्रैक्टर को अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। ट्रैक्टर चोरी होने पर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। क्षेत्र के गांव ट्यूबवेल पुरा गांव के पास स्थित खाटू श्याम ईट भट्टा पर स्वराज ट्रैक्टर खड़ा हुआ था।बीते 3 दिन पूर्व रात के समय अज्ञात चोर आए और भट्टे पर खड़े ट्रैक्टर को चोरी करके चोर ले गए। जिसकी भनक किसी को भी नहीं लग सकी भट्टे पर ट्रैक्टर को नहीं पाकर चारों तरफ खोजबीन की गई मगर ट्रैक्टर का कोई अता-पता नहीं चल सका। जिस पर भट्टा स्वामी मनीष शर्मा ने थाने में पहुंचकर पुलिस को मामले से अवगत कराया और अज्ञात ट्रैक्टर चोरों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सीलन के कारण नलकूप का कमरा गिरा

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** क्षेत्र में बीते दिनों हुई बारिश की सीलन अभी मकान में खत्म नहीं हो पाई है। मंगलवार को अचानक दोबारा से शुरू हुई रिमझिम बारिश हो गई क्षेत्र के गांव पुरा सुताहरी निवासी अंगूरी देवी पत्नी स्वर्गीय बंगाली बाबू के खेत पर नलकूप लगा हुआ है। जहां एक कमरा बना हुआ था। बारिश की सीलन के कारण कमरा अचानक भरवारा कर गिर पड़ा जिससे कमरे में रखा आप पूरा सामान दब गया।गनीमत रही उस वक्त मौके पर कोई मौजूद नहीं था अन्यथा हादसा होने से इनकार नहीं होने से हो सकता था। पीडिता महिला ने प्रशासन से मुआवजे की गुहारलगाई है।

### हल्दी के दिन पीली और मेहंदी के दिन हरी पोशाक पहनेंगी मिथिला की महिलाएं

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** महिलाओं ने भी हर मंगल कार्य के अनुसार अलग-अलग ड्रेस पहनने की सूची तैयार कर ली है। श्रीजनकपुरी आयोजन समिति की संरक्षक मधु बघेल व अध्यक्ष प्रीति उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी महिलाएं हल्दी के दिन पीली और मेहंदी के दिन हरे रंग की पोशाक पहनेंगी। वहीं सीता जी की सखियों के लिए एक समान ड्रेस तैयार की गई है। सियाराम के विवाह को लेकर जनकपुरी की महिलाओं में काफी उत्साह है। जनकपुरी को सजाने के साथ खुद भी सजने संवरने की तैयारियां चल रही हैं। आज माधवी मण्डल की सदस्याओं ने श्रीजनकपुरी महोत्सव आयोजन समिति के कार्यालय में आयोजित आरती में भाग लिया। जिसमें आयोजन समिति के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, गौरव राजावत, राहुल चतुर्वेदी, हेमन्त भोजवानी, राहुल सागर, मुनेंद्र जादौन, बल्ले भाई, अनुराग उपाध्याय, राजीव शर्मा के साथ उषा बंसल, आभा जैन, पुष्पा अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, रजनी गोयल, शिल्पी अग्रवाल, उषा मित्तल, माधवी अग्रवाल, मधु गोयल, वंदना अग्रवाल आदि उपस्थित थीं।

### प्रभारी मंत्री जयवीर से विधायक पक्षालिका ने की मुलाकात, फसलों के नुकसान का किसानों को मिले मुआवजा

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह को आगरा क्षेत्र का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। जिस पर प्रभारी मंत्री बनने के बाद जयवीर सिंह भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के कार्यों में जुट गए हैं। विधायकों कार्यकर्ताओं और जिला अध्यक्षों के साथ लगातार बैठक भी की जा रही है। मंगलवार को प्रभारी मंत्री के आगरा आगमन पर विधानसभा बाह क्षेत्र की विधायक रानी पक्षालिका सिंह उनसे मिलने पहुंची और मुलाकात करते हुए निम्न विषय पर चर्चा की साथ ही विधानसभा क्षेत्र में लगातार हुई बारिश से गरीबों के गिरे मकान और बारिश से किसानों की बर्बाद हुई फसल किसी समस्या से अवगत कराया। एवं फसलों के नुकसान को लेकर किसानों को मुआवजा दिलवाई जाने की मांग की गई। गरीबों के बारिश के चलते मकान गिरने पर प्रशासन द्वारा समस्या समाधान के लिए भी अवगत कराया गया। इस दौरान उनके साथ चंदू भदोरिया, धर्मेंद्र भदोरियाआदि लोग मौजूद रहे।

### आनंत चौदस पर लोगों ने रखा व्रत हाथों में बांधे धागे

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** ब्लॉक क्षेत्र में मंगलवार को अनंत चौदस का त्यौहार लोगों ने मनाया और मौके पर व्रत रखकर भगवान श्री विष्णु की पूजा अर्चना की गई हाथों में रंग-बिरंगे धागे बांधे गए। मान्यता है कि भगवान विष्णु सृष्टि, पालन और संहार की प्रक्रिया को नियंत्रित करने वाले देवता हैं।और अनंत रूप में वह सम्पूर्ण ब्रह्मांड का संचालन करते हैं। इस दिन भक्त भगवान विष्णु की पूजा कर उनसे अपने जीवन में सुख समृद्धि,और शांति की कामना करते हैं।हिन्दू धर्म में इस दिन बहुत ही महत्व है। अनंत भगवान की पूजा करके संकटों से रक्षा करने वाला अनन्तसूत्रबांधा जाता है। प्राचीन काल द्वापर युग में जब पाण्डव धृत क्रीड़ा में अपना सारा राज-पाट हारकर वन में कष्ट भोग रहे थे। तब भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें अनन्त चौदस का व्रत करने की सलाह दी थी। जिस पर पांडवों द्वारा व्रत रखा गया और भगवान दोनों ने उनके सारे कष्ट दूर किए।

### बसई अरेला थाने पर आयोजित हुआ सुंदरकांड

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** बसई अरेला थाना परिसर में सुंदरकांड पाठ के साथ भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है। मंगलवार को थाना बसई अरेला परिसर में थाना अध्यक्ष अभिषेक तिवारी के द्वारा गीत संगीत के साथ सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा गायन का कार्यक्रम आयोजित कराया गया।

## वृहद ऋण एवं टूलकिट वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए जिले से रवाना हुए लाभार्थी




जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

आयुक्त एवं निदेशक उद्योग, ओ0डी0ओ0पी0 प्रकोष्ठ कैसरबाग, लखनऊ के एवं हस्तकला अनुभाग- कानपुर के निर्देशानुसार विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्वकर्मा दिवस के शुभ अवसर पर एक वृहद ऋण एवं टूलकिट वितरण समारोह का आयोजन मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार के कर कमलों द्वारा इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर लखनऊ में आयोजित किया गया था इस कार्यक्रम के आयोजन में जनपद से निम्नलिखित योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतिभाग कराये जाने के निर्देश दिये गये जिसमें रूचि शर्मा पुत्री ललित शर्मा निवासी ग्राम-दुल्लापुर, पोस्ट प्रतापपुर चमुर्खा कटेहरी का चयन विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत दर्जी ट्रेड में किया गया था इन्हें मुख्यमंत्री के द्वारा टूलकिट प्रदान किया गया

वहीं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत चयनित लोहार ट्रेड के कुल 50 लाभार्थियों को टूलकिट वितरित किया गया

और ओ0डी0ओ0पी0 प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजनान्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त 40 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया

आयोजित कार्यकम में लाभार्थियों को प्रतिभाग कराये जाने हेतु समस्त तैयारियों के साथ जनपद मुख्यालय से दो बसें इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर लखनऊ में मुख्यमंत्री के आयोजित कार्यकम में प्रतिभाग के लिए रवाना की गयीं।

## गुलाबी परिधान में सजकर स्वागत करेंगे मिथिलावासी श्रीराम बारात का

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** श्रीराम की बारात का स्वागत मिथिलावासी गुलाबी रंग की पोशाक में करेंगे। सभी घराती (श्रीजनकपुरी महोत्सव आयोजन समिति के पदाधिकारी व सदस्य) जनकपुरी महोत्सव के तीनों दिन समान रंग की पोशाक में अलग ही नजर आएंगे। सिया को ब्याहने आ रहे श्रीराम की बारात के लिए जनकपुरी में बेहद उत्साह है। घर-घर को सजाने से लेकर खुद संजने संबरने की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। हर वर्ष से कुछ अलग करने का प्रयास है, जिससे कोठी मीना बाजार में सज रही जनकपुरी इस वर्ष कुछ खास रहे और कुछ अलग छाप छोड़कर जाए, जो यादगार रहे।

आयोजन समिति के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल व महामंत्री राहुल सागर ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी सदस्यों के परिधानों का नाम लेकर ड्रेस बनने के लिए भेजी जा चुकी हैं। जनकपुरी के पहले दिन 29 सितम्बर को सभी घराती गुलाबी रंग के कुर्ते के ऊपर सफेट जेकेट में बारात का स्वागत करेंगे।

## एनटीपीसी टांडा में विश्वकर्मा पूजा का हुआ भव्य आयोजन



जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद के एनटीपीसी टांडा में विश्वकर्मा पूजा धूम-धाम से मनाया गया। उत्पादकता बढ़ाने तथा उच्च गुणवत्ता को बनाए रखने के साथ काम करने के लिए कर्मचारियों एवं कारीगरों ने परियोजना स्थित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अग्निशमन सेवा केंद्र में वास्तुकला और इन्जीनियरिंग के देवता भगवान विश्वकर्मा की भव्य प्रतिमा की पूजा अर्चना की। 17 सितम्बर को आयोजित इस पूजा कार्यक्रम में महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) नील कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (परियोजना) अतुल गुप्ता, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) वी पी दुबे, महाप्रबंधक (प्रचालन) अभय मिश्रा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रजनीश कुमार खेतान, समस्त विभागाध्यक्षगण, समस्त कर्मचारी एवं निविदा कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

## बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर यूनिवर्सिटी में छात्रों को फ्यूचर टेक स्किल्स का सर्टिफिकेट मिला



जन एक्सप्रेस। आगरा

सैमसंग इंडिया के प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम सैमसंग इनोवेशन कैंपस ने लखनऊ में अपने पहले बैच के 450 छात्रों के लिए कोडिंग और प्रोग्रामिंग और बिग डेटा कोर्स का सफलतापूर्वक समापन किया। यह कार्यक्रम सैमसंग की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें वह युवाओं को स्किल्स देने और रुडिजिटलइंडिया अभियान को मजबूत करने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है।

समापन समारोह में छात्रों को सर्टिफिक्रेट दिए गए। इस मौके पर उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी, सैमसंग के अधिकारी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया (ईएसएससीआई) के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

इस साल, कार्यक्रम के समापन पर हर डोमेन के टॉपर्स को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा और उन्हें दिल्लीध्एनसीआर में सैमसंग के केंद्रों को देखने का मौका भी मिलेगा। इस यात्रा के दौरान, वे सैमसंग की लीडरशिप टीम से मिल सकेंगे और उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। इसके साथ ही, राष्ट्रीय स्तर पर टॉपर्स को सैमसंग गैलेक्सी बड्स और सैमसंग गैलेक्सी स्मार्टवॉच जैसे आकर्षक प्रोडक्ट्स भी दिए जाएंगे।

# बेमिसाल हैं मोदी सरकार 3.0 के पहले 100 दिन

जन एक्सप्रेस। खुर्जा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 17 सितंबर को 74 वर्ष के हो गए है। सौभाग्य से आज ही उनकी सरकार के 100 दिन पूरे हो गए हैं। इस पर यहां पॉटरी नगरी के भाजपा नेता और कार्यकर्ता बेंहद खुश हैं। उनका मानना है कि मोदी 3.0 के पहले सौ दिन बेमिसाल रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के उस आत्मविश्वास की भी मुक्त कंठ से सराहना की है कि जिसके बूते उन्होंने आम चुनाव में उतरने से पूर्व ही अपने मंत्रियों और अधिकारियों के साथ बैठक कर तीसरे कार्यकाल के 100 दिन के रोडमैप पर काम करने के लिए कह दिया था।

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष और पूर्व पालिकाध्यक्ष राजीव बंसल मोदी सरकार 3.0 के पहले 100 दिन के कार्यकाल से बेहद खुश हैं। उनका मानना है कि मोदी 3.0 के पहले 100 दिन बेमिसाल रहे हैं। उनका कहना है कि यह प्रधानमंत्री का तीसरी बार सरकार बनाने का आत्मविश्वास ही था जिसके बल पर उन्होंने लोकसभा चुनाव में उतरने से पूर्व ही बैठक कर अधिकारियों और मंत्रियों से तीसरे कार्यकाल के रोड मैप पर काम करने के लिए कह दिया था। बोले, मोदीजी बधाई हो। भाजपा के नगर महामंत्री नवीन कुमार माहौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसेरे कार्यकाल के पहले 100 दिन ऐतिहासिक और बेजोड़ हैं। प्रधानमंत्री युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए कार्य कर रहे है। उनका सपना है कि भारत विश्व गुरु और विकसित राष्ट्र बने। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने 100 दिन के कार्यकाल में युवाओं में रोजगार और कौशल विकास को दो लाख करोड़ के पैकेज की घोषणा की और दीन दयाल अंत्योदय योजना के तहत 90 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह बनाए। भाजपा के वरिष्ठ नेता और आर्य समाज मुंदिर के प्रधान विजय सोलंकी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि अद्वितीय है। तभी तो उन्होंने लोकसभा के चुनावों में उतरने से पूर्व ही बैठक कर अधिकारियों और मंत्रियों से अपने तीसरे कार्यकाल के लिए पहले 100 दिन के लिए रोड मैप बना होमवर्क करने को कहा था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का आंकलन सही निकला और तीसरी बार मोदी 3.0 सरकार बनी। भाजपा नेता ने कहा कि मोदी टीम को बधाई। भाजपा के युवा नेता और पालिका सभासद अभिषेक गोस्वामी का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन मील का पत्थर साबित हुए हैं। पालिका सभासद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उनमें गजब का आत्म विश्वास हैं। तभी तो प्रधानमंत्री ने तीसरी बार सत्तासीन होने का पूर्व अनुमान जता दिया था। इतना ही नहीं पीएम ने मंत्रियों और अधिकारियों से तीसरी सरकार के पहले 100 दिन के लिए होम वर्क करने को कह दिया था। मोदी जी बधाई। युवा उद्यमी और भाजपा के वरिष्ठ नेता अंकित गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आत्मविश्वास बेजोड़ है। जब लोकसभा चुनाव के कैंपेन में समूचे विपक्ष को नरेन्द्र मोदी की हार दिखाई दे रही थी। उस समय प्रधानमंत्री का आत्मविश्वास हिलोरें मार रहा था। आज से करीब पांच माह पूर्व प्रधान मंत्री ने अधिकारियों और केन्द्रीय मंत्रियों से तीसरे कार्यकाल का 100 दिन को रोड मैप तैयार करने को कह दिया था। वाह मोदीजी वाह ! बहुत बहुत बधाई।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **कार्य का नामः** रिहैबिलिटेशन/ओवरहालिंग ऑफ एल. एच. बी. कोचेस टू रिड्युस साइकिल डाउनटाइम ड्यूरिंग मेजर अटेंशन। | |
| 2. | **कार्यस्थलः** सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ | |
| 3. | **अनुमानित लागतः** रु. Rs.4,55,26,647.00 मात्र | |
| 4. | **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य। | |
| 5. | **बिड सिक्युरिटीः** रु. 3,77,600/- मात्र (नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के द्वारा) | |
| 6. | **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 01 वर्ष | |
| 7. | **निविदा जमा करने की तिथि एवं समयः** दिनांक 27.09.2024 से 11.10.2024 समय 15:00 बजे तक | |
| 8. | **प्रमाणपत्रः** फर्म के सभी members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनूरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। | |
| 9. | **खुलने का समयः** निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। | |
| 10. | **कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है।** | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11. | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है।** | |

संख्याः 2024-ए.एम.वी.- सी एंड डब्लू ईनिविदा-25 दिनांकः 14.09.2024 2890/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## त्योहारों का जशन मनाएं बजाज आरई ई-टेक 9.0 के साथरू रुपए 22,500६- तक का कैश डिस्काउंट

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** दुनिया की सबसे वैल्यूअबल टू व्हीलर और थ्री व्हीलर कंपनी, बजाज ऑटो लिमिटेड ने अपने नए इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन आरई ई-टेक 9.0 पर त्योहार से पहले का खास ऑफ्र दिया है। इस सीमित समय के ऑफ्र के तहत, उत्तर प्रदेश के ग्राहक हर खरीदारी पर रुपए 15,000 का फ्लैट कैश डिस्काउंट पा सकते हैं। इसके अलावा, ई-रिक्शा एक्सचेंज पर रुपए 7,500 का अतिरिक्त डिस्काउंट मिलेगा, जिससे कुल बचत रुपए 22,500 तक हो सकती है। 'फुल मेटल बॉडी'

शहरी परिवहन को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए तैयार किया गया, आरई ई-टेक 9.0 इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन को विश्वसनीयता और उत्कृष्ट परफॉर्मेंस के लिए डिजाइन किया गया है।

# जय श्रीराम के उद्घोष के साथ संपन्न हुआ भूमि पूजन

जन एक्सप्रेस। खुर्जा

श्रीरामलीला महोत्सव के शुभारंभ से पूर्व सोमवार की सुबह जंक्शन रोड स्थित श्रीराम लीला मैदान पर भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। आचार्य वेद प्रकाश शर्मा और पंडित प्रेम प्रकाश शर्मा के सानिध्य में मंत्रोच्चार और भगवान श्रीराम के जयघोष के बीच मुख्य अतिथि विधायक मीनाक्षी सिंह, विशिष्ठ अतिथि ठाकुर सत्यप्रकाश सिंह और श्रीरामलीला कमैटी के प्रधान पुनीत साहनी ने भूमि पूजन किया। इस दौरान श्रीरामलीला मैदान भगवान श्रीराम की जयजयकार से गुंजायमान हो उठा।



खुर्जा जंक्शन रोड स्थित श्रीरामलीला मैदान पर गत वर्षों की तरह इस बार भी भव्य श्रीरामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। श्रीराम लीला महोत्सव से पूर्व आज सुबह श्रीराम लीला मैदान पर भूमि पूजन का कार्यक्रम पूर्ण हर्षोल्लास और विधि विधान के अनुसार मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। भगवान श्रीराम के भारी जयघोष के बीच आचार्य वेद प्रकाश शर्मा और पंडित प्रेम प्रकाश शर्मा के सानिध्य में मुख्य अतिथि भाजपा विधायक मीनाक्षी सिंह, विशिष्ठ अतिथि सांसद प्रतिनिधि ठाकुर सत्यप्रकाश सिंह और श्रीरामलीला कमैटी के प्रधान पुनीत साहनी ने भूमि पूजन किया। बड़ी संख्या में श्रीरामलीलाम कमैटी के पदाधिकारी और सदस्यं भूमि पूजन में शामिल होकर पुण्य के भागीदार बने। भूमि पूजन के दौरान श्रीरामलीला मैदान भगवान श्रीराम की जयजयकार से गुंजायमान हो उठा। श्रीरामलीला कमैटी के मीडिया प्रभारी वंद्र प्रकाश तायल ने बताया कि श्रीरामलीला मैदान पर भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न होने के साथ ही श्रीरामलीला महोत्सव का शुभारंभ हो गया है।

श्रीरामलीला कमैटी के जनरल मैनेजर दीपक गर्ग ने बताया कि इस बार जंक्शन रोड स्थित श्रीराम लीला मैदान पर आयोंजित होने वाला श्रीरामलीला महोत्सव 26 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर को नगर में भगवान श्रीरामचंद्र जी महाराज की वरयात्रा पूर्ण हर्षोल्लास और बैंड बाजों के साथ निकाली जाएगी। श्रीरामलीला कमैटी के प्रधान पुनीत साहनी ने क्षेत्र के धर्म प्रेमी लोगों से श्रीराम लीला महोत्सव को भव्य और दिव्य बनाने में सहयोग करने की अपील की है। भूमि पूजन कार्यक्रम में श्रीराम लीला कमैटी के प्रधान पुनीत साहनी, जनरल मैनेजर दीपक गर्ग, सचिव संचित गोविल, कोषाध्यक्ष सचिन बंसल, रामौतार सिंह, ऋषभ पंडित, डीसी अग्रवाल, दिनेश चैधरी, मुकेश सोलंकी, सभासद चमन जुनेजा, अशोक टिम्मी, वासुदेव शर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष हरजीत सिंह टीटू, प्रेम प्रकाश अरोरा, ललिलित गुप्ता, राजीव वार्ष्णेय, विशाल वाधवा, भारत पोद्दार, दीपक बाटला, उमाशंकर अग्रवाल, अरुण गर्ग, बब्बू प्रधान, महेश चैधरी, रोहताश चैहान, शुभम गुप्ता, सतीश शर्मा, नवीन कुमार, बंटी आर्य, देवेन्द्र आर्य समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता के संदेश को क्रियान्वित कर रहे हैं : ए.के.शर्मा






**मंत्री ने अपने हाथों से 21 दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित किया**

- प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने अपने हाथों 21 मोटराइज्ड साईकिल के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के 51 लाभार्थियों को आवास की सांकेतिक चाबी और 11 को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। 10 स्वच्छ सारथी क्लब के सदस्य भी सम्मानित किए गए। प्रभारी मंत्री के द्वारा रक्तदान शिविर का भी फीता काटकर उद्घाटन किया गया। शाहगंज में स्वच्छता ही सेवा सप्ताह अभियान के तहत प्रभारी मंत्री द्वारा विधायकगण तथा अन्य के साथ झाडू लगाकर सफाई अभियान की शुरुआत किया।
- कार्यक्रम का संचालन सलमान शेख के द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष रचना सिंह, जिलाधिकारी डा.दिनेश चंद्र मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी भू राजस्व गणेश प्रसाद सिंह, उप जिलाधिकारी शाहगंज राजेश कुमार, परियोजना निदेशक कृष्ण करुणाकर पांडे, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, सभी अधिशासी अधिकारीगण सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

**✻ मातृशक्ति को सशक्त बनाने के लिए करोडों शौचालय देने का कार्य किया : रमेश सिंह**

**✻ केंद्र राज्य सरकार गरीबों के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है : रमेश चंद्र मिश्र**

जिले के प्रभारी मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उत्तर प्रदेश/जनपद प्रभारी मंत्री ए0के0 शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर शाहगंज स्थित लक्ष्मीनारायण वाटिका में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से विधायकों में प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न हुई है जिसके कारण सभी विधायक अपने-अपने क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर संकल्प ले कि उनके नेतृत्व में उनके आदर्शो का अनुसरण करेंगे प्रधानमंत्री राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता के संदेश को क्रियान्वित कर रहे है तथा देश को विश्वगुरु बनाना चाहते है। विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री मंत्री खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री भारत को आत्मनिर्भर विश्व गुरु बनाना चाहते हैं। ग्राम पंचायत में ग्राम सचिवालय की स्थापना की गई है जहां पर एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की सुविधा प्रदान की जा रही। क्षेत्रीय विधायक शाहगंज रमेश चंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का कार्य किसी ने किया है तो वह हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। मातृशक्ति को सशक्त बनाने के लिए करोडों शौचालय देने का कार्य किया।

उन्होंने कहा कि यहां पर उपस्थित सभी बच्चे सबसे पहले अपने अपना घर और आस पड़ोस स्वच्छ रखना शुरू करें। विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्रा ने कहा कि वर्तमान सरकार के द्वारा बिना भेदभाव के विकास किया जा रहे हैं केंद्र में राज्य सरकार गरीबों के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है आज प्रधानमंत्री की जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाने का अनुरोध किया गया है।

एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंशू ने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान का जो नारा दिया है उसी की वजह से आम जनमानस में परिवर्तन हुआ है।

## टेंट की दुकानों से सामान लाकर बिक्री करने वाले दो आरोपियों को घुंघचाई पुलिस ने पकड़ा

**✻ पकड़े गए आरोपियों से 30 भगौना, ढक्कन सहित एक बाइक बरामद**

**✻ घुंघचाई, पूरनपुर, गजरौला थाना क्षेत्र में सक्रिय थे आरोपी**



**गुरजंट पर छह मंजीत पर चार प्राथमिकी**

पकड़े गए दोनों युवक शातिर अपराधी है। आरोपी गुरजंट के विरुद्ध पीलीभीत कोतवाली में एक, पूरनपुर कोतवाली में चार गजरौला में एक सहित छह प्राथमिकी दर्ज है। आरोपी मंजीत पर पूरनपुर में दो, गजरौला में एक, घुंघचाई में एक प्राथमिकी दर्ज है।

> " पकड़े गए दोनों आरोपित टेंट की दुकानों से धोखाधड़ी कर सामान किराए पर ले जाते थे। सामान वापस न कर उसकी बिक्री कर दुकानदारों के साथ धोखाधड़ी कर रहे थे। पकड़े गए आरोपियों से 30 भगोना, 24 ढक्कन एक चोरी की बाइक बरामद की गई है।
> **विषेश कुमार, थानाध्यक्ष घुंघचाई।**

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

टेंट की दुकानों से आयोजन के बहाने धोखाधड़ी कर समान किराए पर लाने के बाद बिक्री करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों से 30 भगौना, ढक्कन सहित एक बाइक बरामद की। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ घुंघचाई सहित पूरनपुर, गजरौला थाना में 10 प्राथमिकी दर्ज है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को जेल भेज दिया।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव चंदुईआ कलोनी निवासी शंकर की गांव में ही टेंट की दुकान है। दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बताया कि थाना क्षेत्र के गांव हरीपुर निवासी गुरजंट सिंह खुटार थाना क्षेत्र के गांव कजरी फॉर्म निवासी मंजीत सिंह ने घर में आयोजन की बात कहकर दो भगौना, ढक्कन सहित किराए पर ले लिए। कई दिन बीतने के बाद भी सामान वापस नहीं किया।पीड़ित को जानकारी हुई कि आरोपी धोखाधड़ी कर कई टेंट स्वामियों को अपना शिकार बना चुके हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस ने 30 भगोना, 24 ढक्कन एक चोरी की बाइक बरामद की। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह घुंघचाई के अलावा गजरौला और पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के कई दुकानदारों से घर में आयोजन की बात कह कर बर्तन किराए पर लेते थे। इसके बाद ज़रूरतें पूरी करने के लिए उन बर्तनों की बिक्री कर रुपयों का बंटवारा करते थे। आरोपियों ने 29 जुलाई को पूरनपुर ब्लॉक रोड स्थित बड़ौदा बैंक के पास से एक बाइक चोरी की थी। पकड़े गए आरोपियों को गजरौला और कोतवाली पुलिस ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक विनोद कुमार, उप निरीक्षक विजय वीर सिंह, हेड कांस्टेबल अमरजीत सिंह, हेड कांस्टेबल बंटी शर्मा, अनूप पांडे शामिल रहे।

## पत्रकार के पुत्र को बदमाशों ने लाठी डंडे से पीटा

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले की चुस्त कानून व्यवस्था को चैलेंज करते हुए कार सवार मनबढ बदमाशों ने मंगलवार की सुबह पत्रकार के पुत्र को उस समय लाठी डंडे से मार पीट कर घायल कर दिया जब वह चौकिया सब्जी मंडी में सब्जी बेचकर वापस लौट रहा था। शोर सुनकर बचाने पहुंचे पत्रकार पिता को भी बदमाशों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

पुलिस के अनुसार जिले में गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के केशवपुर निवासी लक्ष्मी मौर्य एक प्रतिष्ठित अखबार के पत्रकार हैं। उनका पुत्र पवन मौर्य 20 वर्ष रोज की भांति चौकिया सब्जी मंडी में सब्जी बेचने गया था, वापस आते समय केशवपुर के पास पीछे से आए कार सवार बदमाशों ने उसकी बाइक में धक्का मार कर गिरा दिया तथा जब तक वह कुछ समझ पाता तब तक तीन की संख्या में कार से उतरे बदमाशो ने लाठी डंडे से उस पर हमला बोल दिया, शोर सुनकर थोड़ी ही दूरी पर अपनी दुकान पर मौजूद उसके पिता लक्ष्मी मौर्य उसे बचाने को दौड़े तभी पीछे से एक अन्य बाइक पर आए दो बदमाशों ने उन पर भी हमला बोल दिया।





## नगर पालिका कार्यालय से रैली निकाल कर स्वच्छता पखवाड़े का आरंभ किया गया

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**✻ प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख ने नगर पालिका कार्यालय से रैली को किया रवाना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में मंगलवार से स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत की गई। पहले दिन नगर पालिका परिषद पीलीभीत कार्यालय से स्वच्छता रैली निकल गई। रैली को जनपद के प्रभारी मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री बलदेव सिंह और लखनऊ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कर्मचारियों को तिरंगा पटका पहनाया गया।

मंगलवार सुबह जनपद के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचे। पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल और सभासदों ने उनका भाव स्वागत किया। श्री औलख ने कर्मचारियों द्वारा निकाली गई स्वच्छता रैली का शुभारंभ किया। राज्य मंत्री के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडे, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ईओ लाल चंद भारती ने स्वच्छता रैली में शामिल वाहन चालकों को तिरंगा पटका पहनकर रवाना किया। स्वच्छता रैली में कूड़ा सफाई करने वाले रिक्शे, चार पहिया वाहन, जेसीबी, कूड़ा साफ करने वाले टेंपो आदि शामिल रहे। सभी वाहन चालकों व ठेला चालकों को तिरंगा पटका पहनकर रवाना किया गया।

स्वच्छता रैली नगर पालिका कार्यालय से चीनी मिल होते हुए गौहनिया चौराहा, गांधी स्टेडियम, सुनगढ़ी चौराहा, छतरी चौराहा, राजा बाग, स्टेशन चौराहा होते हुए निकाली गई।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, सभासद साकेत सक्सेना, वतन दीप मिश्रा, निजाकत अली क़ादरी, राशिद हुसैन, निर्मल सिंह, सुनीता सिंह, इक़बाल हजरत खां, शरीफ़ अंसारी, रत्ना शुक्ला, भाजपा जिला महामंत्री दिनेश पटेल, लेखराज भारती, विपिन मिश्रा, गौरव अवस्थी, सुमित गंगवार, जगन्नाथ प्यारे, इंद्रेश चौहान, नरेंद्र तिवारी, तोताराम सहित काफी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## दहेज की मांग को लेकर निकाह के बाद विवाहिता को घर से निकाला

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**

निकाह के ढाई साल बाद दहेज लोभी ससुराल वालों ने बाइक और सोने की चैन की मांग को लेकर विवाहिता को मार-पीट कर घर से निकाल दिया है पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की पुलिस ने तहरीर के आधार पर आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। बीसलपुर के मोहल्ला ग्यासपुर निवासी साजिया पत्नी इमरान पुत्री इशहाक हुसैन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसका निकाह लगभग ढाई साल पहले इमरान पुत्र इसरार निवासी हबीबुल्ला खां जनूबी से हुआ था विवाहिता के पति तथा उसके ससुराल वालों ने दिनांक 16-11-2023 को एक बाइक और सोने की चैन की मांग करते हुए मारपीट कर घर से निकाल दिया था जिसके बाद पीड़िता ने न्यायालय में मुकदमा दायर किया दिनांक 14 सितंबर को न्यायालय से राजीनामा कर उसे बुला ले गया और उसके साथ कमरे में बंद कर अप्राकृतिक सेक्स किया जिससे उसकी हालत खराब हो गई तब पीड़िता ने फोन पर अपनी मां को बुलाया जब मां ने पति इमरान से इस हरकत को लेकर शिकायत की तभी इमरान, फैजान, निसार पुत्र गण इसरार, सबीना, निशा वरीस पुत्री इसरार ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए गला दबाकर मारने का प्रयास किया पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## बाइक सवार दो ममरे भाइयों की मौत

**जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर**

मिर्जापुर स्थित राजगढ़ थाना क्षेत्र के तलरे गांव के पास अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गये। टक्कर मारने वाला मौके से फरार हो गया। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों युवक ममेरे भाई थे। हादसे के बाद बाइक में भी आग लग गई थी। आग लगने से बाइक धू-धूकर जल गई। सोनभद्र जनपद के घोरावल थाना क्षेत्र के धरसड़ा गांव निवासी अनुज कुमार पाठक (21) पुत्र शारदा पाठक अपने मामा के घर केकराही गांव गया था। जहां से ककराही निवासी अपने ममेरे भाई शिवेश दत्त मिश्रा (19) पुत्र अरुण कुमार मिश्रा के साथ एक ही बाइक पर दोनों वाराणसी ट्रेन पकड़ने के लिए जा रहे थे।

## मोदी योगी सरकार 40 प्रतिशत दिव्यांग जनों को बसों में निशुल्क सेवा दे रही है



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अवसर पर दिव्यांगजन हेतु भारत सरकार के उपक्रम एमलिको के तत्वाधान में कलेक्ट्रेट सभागार में राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी द्वारा सोनू, रतन कुमार, खुशबू, पुष्पा, साहब लाल सहित कुल 112 दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित किया गया।

इस दौरान राज्यसभा सांसद ने दिव्यांगजनों को अवगत कराया कि 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले लोगो को बस में निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की गई है तथा 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले लोगो व उनके एक अटेंडेंट के लिए भी बस यात्रा निःशुल्क है। यह सरकार द्वारा लाई गई एक अच्छी पहल है। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा दिव्यांगजनों के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिससे अधिक से अधिक संख्या में दिव्यांगजन लाभान्वित भी हो रहे है। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में उनके द्वारा लगभग 10000 दिव्यांगजनो को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## समाजवादी पार्टी कार्यालय पर भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई

**✻ इनकी जयंती पर उनकी आराधना कर लोहे की पूजा की जाती है।**

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



मंगलवार को समाजवादी पार्टी के ज़िला कार्यालय नकटादाना पीलीभीत पर धूमधाम से विश्वकर्मा दिवस जयंती क्रार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुरोहित द्वारा यज्ञ पूजन कर भगवान श्री विश्वकर्मा जी का स्मरण किया गया।

श्रृष्टि के शिल्पकार के रूप में भगवान श्री विश्वकर्मा जी के द्वारा किए गए कार्यों पर चर्चा कर विचार गोष्ठी की गई। साथ ही यज्ञ पूजन मुख्य यजमान की भूमिका सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने एवं क्रार्यक्रम का संयोजन जिला उपाध्यक्ष पंडित नरेन्द्र मिश्रा कट्टर ने किया। कार्यक्रम का अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने व संचालन जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा जी को ब्रह्मा जी का सातवां पुत्र माना जाता है भगवान विश्वकर्मा सृजन के देवता हैं सम्पूर्ण सृष्टि पर जीवन के संचालन के लिए जो भी चीजें सृजनात्मक हैं वह भगवान विश्वकर्मा जी की देन है। बीसलपुर विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी दिव्या गंगवार ने कहा भगवान विश्वकर्मा जी को वास्तुकला श्रष्टि के निर्माता के रूप में जाना जाता है इनकी जयंती पर उनकी आराधना कर लोहे की पूजा की जाती है।

युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने कहा कि भगवान श्री विश्वकर्मा जी हम सबके प्रेरणा स्रोत भगवान हैं। जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने कहा कि सबको अपने महापुरुषों की आराधना कर उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर आने वाले समय में समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का कार्य शुरू कर देना चाहिए आने वाला समय समाजवादी पार्टी का ही है। इस मौके पर जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, वरिष्ठ सपा उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, रुपराम कश्यप, दिव्या गंगवार अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष रियाज़ खांन ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, 130 विधानसभा बीसलपुर की पूर्व प्रत्याशी दिव्या पी गंगवार, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू जी, सपा जिला उपाध्यक्ष रूपराम कश्यप,सपा जिला उपाध्यक्ष हाज़ी अकबर अहमद अंसारी, सपा महिला सभा प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर कमलेश परिहार, एड. अमित पाठक, रामकुमार पासवान, चौधरी प्रदीप पटेल, जिला सचिव महेश पटेल, जिला सचिव मो.हसन खां, डिंपल गोड जिला सचिव, रियाज खान जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, इम्तियाज अल्वी विधानसभा अध्यक्ष 127 पीलीभीत, आशा वर्मा, मीनाक्षी गंगवार, चंद्र प्रकाश यादव, हरीश सक्सेना, दिनेश कुमार वर्मा, सहित तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहें।

## चोरों ने सेंध काटकर एक लाख का चांदी बीस हजार नगदी पर किया हाथ साफ



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के भूलेमऊ धर्मापुर बाजार स्थित एक सोने चांदी की आभूषण की दुकान में सोमवार की रात किसी समय चोरों ने दुकान के पीछे की दीवार में सेंध काटकर दुकान के काउंटर में रखे लगभग एक लाख मूल्य के चांदी के आभूषण तथा बीस हजार नगदी चुरा लिए। सूचना पर पहुंचे जफराबाद थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव तथा सीओ सिटी देवेश सिंह ने घटनास्थल पर काफी देर तक छानबीन की।

जौनपुर शहर ताड़तला निवासी कन्हैया लाल सेठ की जफराबाद थाना क्षेत्र के भूलेमऊ धर्मापुर बाजार में आभूषण की दुकान है।

मंगलवार की सुबह पड़ोसी दुकानदार संदीप मौर्य अपने दुकान में झाड़ू लगाकर कूड़ा फेंकने पीछे गया तो देखा कि कन्हैया लाल की दुकान की पीछे की दीवार में सेंध कटी हुई है। कन्हैया लाल ने पहुंच कर देखा तो पाया की दुकान के काउंटर में रखे चांदी के जेवर जिसकी कीमत लगभग एक लख रुपए थी गायब है तथा बीस हजार नकदी भी चोर उठा ले गए थे। तिजोरी को भी तोड़ने का प्रयास किया गया था लेकिन तोड़ नही सके। सूचना पर जफराबाद थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव फोर्स के साथ छानबीन में लगे थे तभी सीओ सिटी देवेश सिंह भी मौके पर पहुंच गए काफी देर तक घटनास्थल तथा आस पास के दुकानदारों के सीसीटीवी के जरिए घटना की छानबीन करते रहे।

## राज्यमंत्री/प्रभारी मंत्री के साथ जिलाधिकारी ने रक्तदान शिविर का किया उद्घाटन






**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर सेवा पखवाडा के अन्तर्गत भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के द्वारा रक्त शिविर का आयोजन जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में किया गया। रक्तदान विशिर का आयोजन राज्यमंत्री/प्रभारी मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग उ0प्र0 बलदेव सिंह औलख, जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानन्द, चेयरमेन आस्था अग्रवाल, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा, जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आलोक कुमार द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वैच्छि रक्तदान पखवाडा 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक मनाया जायेगा। वही जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी द्वारा ब्लड दान करने वाले व्यक्तियों का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि जिस प्रकार हमारे देश के सैनिक हमारी रक्षा करते हैं ठीक उसी प्रकार ब्लड डोनर भी हमारे समाज व सैनिकों के लिए ब्लडदान करते हैं। उन्होंने कहा कि आपके ब्लडदान करने से जरूतमंदों व्यक्तियों के जीवन को बचाया जाता है, इससे बडा कोई पुण्य का काम नही है। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, डॉक्टर एवं स्टाफ सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## दुकान में चोरी का प्रयास कर रहे चोरों ने की फायरिंग

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के आनापुर चकवा बाजार में ज्वेलर्स एवं किराने की दुकान में सेंधमारी कर रहे चोरों को ग्रामीणों ने घेरा, ललकारने पर चोरों ने फायरिंग कर दी, लेकिन साहसी ग्रामीणों ने घेर कर चार चोरों को पकड़ लिया जबकि अन्य फरार होने में सफल रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस को ग्रामीण ने पकड़े गए चोरों को बाईक समेत सौंप दिया और तहरीर देकर मामला दर्ज कराया।



बता दें कि आनापुर चकवा बाजार में महेंद्र बिंद की किराना स्टोर की दुकान है सटी हुई शिवकुमार ज्वेलर्स की दुकान है, जिसमें रात को एक बजे खटर-पटर की आवाज सुनाई दी जिसके बाद छत पर सो रहे महेंद्र बिंद की आंख खुल गई वह छत से नीचे आए और लोगों को इकट्ठा किया जब चोरों की तरफ लाइट जलाई तो वहां देखें 7 से 8 की संख्या में चोर दीवाल तोड़ रहे थे, इसके बाद घिरता देख चोरों ने ग्रामीणों को पर फायरिंग कर दी, दो फायरिंग के बाद भी ग्रामीण हिम्मत नहीं हारी, चोर तीन बाइक से इटौरी की तरफ भागने लगे। इस दौरान लाठी डण्डे के दम पर ग्रामीण एक पल्सर बाइक समेत चार चोरों को पकड़ लिया और जमकर दैहिक समीक्षा कर दी। जबकि अन्य चोर बाईक समेत फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीण के कब्जे से चार चोरों को अपने हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। जिसके बाद महेंद्र बिंद की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। अन्य चोरो की तालाश मे जुट गई, पकड़े गए चोरों ने अन्य चोरी के मामलों की भी जानकारी दी, इसमें कई चोर शाहजहांपुर के हैं। घटना को लेकर क्षेत्र में दहशत है।

# बिल्हौर में बारावफात पर जुलूस निकालकर अमन के लिए की दुआ

* बिल्हौर नगर पालिका पूर्व चेयरमैन सादाब खां व सपा नेत्री रचना सिंह ने नेतृत्व किया

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

मकनपुर में भी बड़ी धूम धाम से जुलूसे मोहम्मदी मनाया गया जगह जगह सजावट जगह जगह लंगर का इंतजाम किया गया मकनपुर में जुलूसे मोहम्मदी में दूर दराज से बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की दम मदार बेड़ा पार, सरकार की आमद मरहबा, जब तक सूरज चांद रहेगा मोहम्मद साहब का नाम रहेगा आदि जैसे नारों की गूंज बरकार रही जुलूस हज़रत जिंदाशाह मदार की दरगाह से उठकर मकनपुर की गलियों से होता हुआ फिर दरगाह में पहुंचा वही अंजुमने जाफरिया के सभी सदस्यों ने जुलुसे महोम्मदी का स्वागत किया और गुलाब के फूल बरसाए एक दूसरे को मिठाई खिलाई वही खादिमाने पंजतने कमेटी जानिब से हजरत महोम्मद साहब के जन्मदिन के उपलक्ष के मौके पर एक विशाल गेट बनाकर चांद की तरह सजाया गया जिस जिस ने गेट को देखा मशेल्लाह कहता रहा वही पूरे मकनपुर की गलियां रात भर गजमगाती इस मौके पर हश्म अब्बास, मौलाना अज़ीम रिज़वी नज़ीर जाफरी, शबाहत अली, मुकीम खान, मुदस्सर अली, साजिद अली, आदिल खान, डाक्टर लाला जाफरी, अरफात जाफरी, डाक्टर लाले जाफरी, मोजीज रज़ा रिज़वी, फ़राज़ खान, शानदार जाफरी, कश्फी रिज़वी, कल्बे हैदर रिज़वी, अनम रिज़वी आदि मौजूद रहे।





चुरसा गांव में जुलूस ए मोहम्मदी निकाल कर मंदिर परिसर के पास नारे बाजी की गई। जिसपर हिंदू समुदाय के लोगों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की सोमवार को बारावफात पर्व पर जगह जगह जुलूस ए मोहम्मदी निकल रहा था। आरोप है कि चुरसा गांव में कुछ लोगों ने जुलूस निकालने का प्रयास किया जबकि कुछ दिन पहले थाना पुलिस ने बैठक कर सख्त निर्देश दिय थे इसके बावजूद उसके जुलूस निकाले का प्रयास किया गया ग्रामीणों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। बिल्हौर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि वीडियो की प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच कराई जा रही है दोषियों पर कार्रवाई होगी।

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में बारावफात का जुलूस सोमवार को दोपहर करीब एक बजे बिल्हौर कस्बा स्थित मस्जिद से शुरू हुआ। यह जुलूस कस्बे में निर्धारित स्थानो होकर गुजरा जुलूस में युवाओं और बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। वे रास्ते भर अकीदतमंद देखो मेरे नबी की शान, बच्चा बच्चा है कुर्बान और इस्लाम जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। बच्चे, बूढ़े और जवान सभी नए-नए परिधानों में जुलूस में मौजूद रहे। विशाल जुलूस को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर भारी भीड़ जमा हो गई। जुलूस में कस्बे के अलावा गांव-गांव के हजारों लोगों ने भाग लिया। शाम को सभी मस्जिदों पर रोशनी की गई। इस दौरान समाज के लोगों ने एक-दूसरे को मोहम्मद साहब के जन्मदिन की मुबारकबाद दी। जुलूस में मौजूद मौलवियों ने बताया कि मोहम्मद साहब का सच्चाई, ईमानदारी और इंसानियत का संदेश आज के परिप्रेक्ष्य में अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने भाईचारे और सौहार्द का पैगाम देकर सलीके से जीने का मार्ग दिखाया था।

# बिल्हौर कस्बे में जेएल रोहतगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय की शाखा का हुआ उद्घाटन





* नसिरापुर प्रधान रविंद्र कटियार व डॉ.विकास अवस्थी ने फीता काटकर शुभारंभ किया

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह

**बिल्हौर ब्यूरो।** बिल्हौर कस्बे में न्यू अबस्थी मार्केट जीटी रोड बीआरडी कॉलेज के सामने जवाहर लाल रोहतगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय कानपुर की एक शाखा का शुभारंभ किया गया है इस मौके पर नसीरपुर प्रधान रविंद्र कटियार व डॉक्टर विकास अवस्थी ने फीता काटकर शुभारंभ किया और आए हुए लोगों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि बिल्हौर कस्बे में शाखा खोलने का मूल उद्देश्य है कि बिल्हौर जैसे कस्बे के लोग कानपुर किराया भाड़ा खर्च करके गरीब व्यक्ति पहुंचता था अब उनको वहां जाने की आवश्यकता नहीं है वह इसी ब्रांच में आकर अपनी जांच आदि करा सकते हैं। प्रतिदिन महिला डॉक्टर और स्टाफ मौजूद रहेगा जहां पर जांच कर कर चश्मा आदि तुरंत उपलब्ध रहेंगे और जाती सी जटिल बीमारियों की जांच कर उसकी रिपोर्ट भी तुरंत मिल जाएगी। मुख्य अतिथि का स्वागत डा.विकास अवस्थी ने माला पहनाकर किया तत्पश्चात मुख्य अतिथि रामेंद्र कटियार ने फीता काटकर दृष्टि केन्द्र अस्पताल का शुभारम्भ किया। जे एल रोहतगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय के कुशल चिकित्सको द्वारा निश्शुल्क आखो की जांच की गई। इस मौके पर डा.सौरव दुबे डा.इकरा, डॉ.काजल आदि चिकित्सको की टीम मौजूद रही।

# सांसद अशोक रावत ने रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया



* भाजपा मंडल अध्यक्ष सौरभ शर्मा व शानू राठौर ने सबसे पहले रक्तदान किया
* रक्तदान से दूसरों का जीवन बचाया जा सकता



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है, जिससे न केवल दूसरों का जीवन बचाया जा सकता है, बल्कि ये हमारे शरीर के लिए भी लाभकारी है। संसद के साथ में आए सबसे पहले रक्तदान करने वालों में ककवन मंडल अध्यक्ष सानू राठौर, बिल्हौर मंडल अध्यक्ष पं सौरभ शर्मा ने किया इसके बाद शाम तक लगभग 21 लोगों ने रक्तदान करने की सूचना मिली है रक्तदान करने से आज भी कई लोग घबराते हैं। इसी के बाद रक्तदान शिविर में डोनरों के साथ पहुंचे मिश्रिख सांसद अशोक रावत और सहयोगियों से भी रक्तदान करवाया। साथ ही लोगों से भी रक्तदान की अपील की। उनके इस अपील का असर हुआ कि 21 लोगों ने शिविर में बढ़ चढ़कर भाग लिया और कहा रक्तदान शिविर आयोजित किया जाना आवश्यक है जिस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा महामंत्री राजेंद्र कटियार बिल्हौर ब्लॉक प्रमुख मनोरमा कठेरिया, चौबेपुर ब्लॉक प्रमुख राजेश शुक्ला, शिवराजपुर पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश कोरी, सांसद प्रतिनिधि रवि वाजपेई जीपी कटियार, विक्रम मिश्रा, शुशांक मिश्रा, रामू कटियार, सभासद अशोक चंद्र उर्फ गुड्डु तिवारी, अशोक कटियार, सिपाही लाल कठेरिया, गीता गुप्ता, राजू दुबे, आदि लोग उपस्थित रहे और रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# महिला महाविद्यालय में शुरू हुआ स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

आज राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर कन्नौज के राष्ट्रीय सेवा योजना की सावित्रीबाई फुले छात्रा इकाई के तत्वाधान मे शासन के आदेशानुसार एवं प्राचार्य रीतु सिंह के संरक्षण मे स्वच्छता सेवा पखवाड़ा स्वच्छता सेवा अभियान का शुभारंभ किया गया। आज इस अभियान के प्रथम दिवस के कार्यक्रमों के अंतर्गत गोद ली हुई काशीराम बस्ती में छात्राओं द्वारा स्वच्छता गतिविधियां की गई। छात्राओं ने झाड़ू लगाकर कूड़े को एकत्रित किया तत्पश्चात उस कूड़े को डस्टबिन में डंप किया। छात्राओं ने पेड़ों के नीचे, नालियों के किनारे, घरों के बाहर, नलकूपों के आसपास, खेल के मैदान आदि स्थानों को साफ सुथरा किया।इसी के साथ छात्राओं ने बस्ती के लोगों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए जागरूक भी किया। इस जागरूकता के दौरान छात्राओं ने सूखे एवं गीले कूड़े को अलग-अलग डंप करने की लोगों को जानकारी दी। आज ही महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छात्राओं तथा शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसी श्रृंखला में सप्त दिवसीय सेवा कार्य मे एनएसएस स्वयं सेविकाओं द्वारा विनोद दीक्षित अस्पताल कन्नौज में सेवा कार्य किया गया। इन सभी कार्यक्रमों में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बिल्हौर ब्लॉक परिसर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत सांसद ने झाड़ू लगाकर आवास की चाबियां बांटी





जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाए जा रहे प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर 17 अगस्त 1 अक्टूबर तक चलने वाले पखवाड़े में मंगलवार को भाजपाइयों ने सांसद, जिलाध्यक्ष और महामंत्री ब्लॉक प्रमुख हुआ अन्य पदाधिकारी की अगुवाई में ब्लॉक परिसर में सफाई अभियान चलाकर लोगों को संदेश दिया।

17 अगस्त से 1 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान का मंगलवार को लोकसभा सांसद अशोक रावत ने शुभारंभ किया। ब्लॉक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे मुख्य अतिथि मिश्रिख सांसद अशोक रावत और जिलाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष व सांसद ने पीएम आवास के पात्र 110 अल्पसंख्यक लाभार्थियों के प्रतीकात्मक चाबी प्रदान की गई और इसके उपरांत ब्लॉक परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इसके बाद सांसद व जिलाध्यक्ष सहित तमाम भाजपाइयों ने खजुरी गांव पहुंच कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गया प्रसाद कटियार को पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर जिला महामंत्री डॉ राजेंद्र कटियार, ब्लॉक प्रमुख मनोरमा कठेरिया, सिपाही लाल कठेरिया, रामू कटियार, कटहा प्रधानपति दयाशंकर त्रिवेदी, मकनपुर प्रधान मजाहिर हुसैन, राजू दुबे, रवि बाजपेई, जेपी कटियार, अशोक कटियार, गौरव शर्मा, रिंकू कटियार आदि लोग मौजूद रहे।

# सपाइयों ने धूमधाम से मनाई विश्वकर्मा जयंती

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

आज समाजवादी पाटी कार्यालय में भगवान विश्वकर्मा जयन्ती कार्यक्रम सत्यदेव शर्मा मुख्य अतिथि और कलीम खा जिलाध्यक्ष के संयुक्त नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ट नेता कृष्ण एव विश्वकर्मा समाज के श्री शंकर शर्मा सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के संयोजक ने दीप प्रज्जवलित कर भगवान का पूजन अर्चन किया। कार्यक्रम में मो0 कलीम खान, जिलाध्यक्ष सत्यदेव शर्मा, पूर्व विधायक, अरविन्द यादव कलियान सिह दोहरे, जयकुमार तिवारी (वउअन निवारी) पी0 पी सिंह बघेल विधानसभा अध्यक्ष, हसीन हासन, आकाश शाक्य प्रदेश सचिव, रजनीकांत यादव व पूर्व प्रमुख, श्री रामशंकर सिंह राष्ट्रीय सचिव, योगेश शर्मा जिलाध्यक्ष छात्र सभा, श्री यश कुमार दोहरे, राजूयादव, दरोगा कटियार आदि मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने गौरीशंकर मन्दिर में कई सफाई, फिर लाभार्थियो को सौंपी आवास की चावी






जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जनपद की प्रभारी मंत्री/ राज्यमंत्री उच्च शिक्षा विभाग रजनी तिवारी ने स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ पर स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के अन्तर्गत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक चलने वाले विशेष अभियान का शुभारम्भ गौरीशंकर मंदिर के प्रांगण की साफ-सफाई कर किया। इस अवसर पर उन्होने जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द एवं मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी के साथ संयुक्त रुप से पौधरोपण किया।

मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत लाभार्थी रिंकी, कुसुमा, सुमन, सुशीला, रोशन देवी, पुष्पा, कान्ती देवी, गंगा देवी, श्री राजेश कुमार, राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा को आवास चाबी व प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया। इस दौरान भुवनेश्वर से प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण देखा व सुना गया। मंत्री ने कहा कि हर मां का सपना होता है कि उसका परिवार एक साथ एक पक्के मकान में रहे। मां के ऐसे हर सपनों को प्रधानमंत्री पूरा कर रहे हैं और अनेक प्रकार की योजनाओं के माध्यम से लाभार्थियों को लाभान्वित भी कर रहे हैं। उन्होंने उड़ीसा, भुवनेश्वर से एक बार फिर प्रधानमंत्री योजना आवास के अंतर्गत चाबी देने का कार्य किया है। आवास, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि प्रत्येक क्षेत्र में योजनाएं देकर लोगों के सपने पूरा कर रहे हैं। जिनके पास पक्का मकान, गैस सिलेंडर, शौचालय नहीं होता है उनके लिए बड़ी चीज होती हैं अब कोई भी पात्र इनसे वंचित नहीं रहेगा। जब किसी देश में समस्या आती है तो वह प्रधानमंत्री की तरफ देखते हैं कि कुछ न कुछ मदद अवश्य करेंगे। जो निश्चय ही सेवा भाव करते हैं, इसीलिए प्रधानमंत्री का देश के साथ साथ विदेश में भी सम्मान हो रहा है। कहा कि मोदी जी कहते हैं की माताओ और बहनों का आशीर्वाद हमेशा साथ में है, उसी आशीर्वाद से 2047 तक पूर्ण रूप से देश विकसित होगा। देश को विकसित करने और लोगों के पास सभी सुविधाएं हो सके, जिसके लिए अनेक प्रकार की योजनाएं चल रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने उद्बोधन में कन्नौज के लाभार्थियों को बधाई संदेश भेजा है। कहा कि नगरीय क्षेत्र में लगभग 33332 आवास बनाये गये। गत वर्ष 7729 आवास स्वीकृत हुये और 329 नये आवास आये हैं। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि प्रत्येक परिवार के पास पक्का सुन्दर मकान हो, जिसे पूरा किया जा रहा है। इस अवसर पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, उपायुक्त मनरेगा जितेन्द्र यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपूत, पूर्व विधायक अरविन्द प्रताप सिंह, शरद मिश्रा आदि पार्टी के पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

# अनूप पाल बने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष

जन एक्सप्रेस । कन्नौज। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नवनामित जिला अध्यक्ष अनूप सिंह पाल का स्वागत कन्नौज रोडवेज बस स्टॉप पर स्थित निजी प्रतिष्ठान टाइटन शो रूम पर उपभोक्ता बांट माप व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजीव कटियार और नगर के दर्ज़नो नागरिको ने माल्यार्पण कर, अंगवस्त्र एवं भगवान बुद्ध की प्रतिमा के साथ किया गया जिसमें अपना दल (एस) के प्रदेश महासचिव लाला भाई पटेल, सरदार मंच के जिला अध्यक्ष शीलू पटेल, सभासद राजा कटियार, सभासद पीयूष कटियार, महिला प्रदेश अध्यक्ष पूजा नाथ, महिला प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गुप्ता, शिवशंकर सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मोदी और योगी के गो प्रेम को धरातल में खिल्लियां उड़ाते देखते प्रशासनिक अधिकारी एवं प्रतिनिधि



जन एक्सप्रेस । रवीन्द्र कुमार भारतवंशी

**हमीरपुर।** हिंदू धर्म में गाय को पवित्र और मां के रूप में माना जाता है। कहा जाता है कि जहां गाय वास करती हैं, वहां लक्ष्मी होती हैं। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार गौ माता के पैरों में समस्त तीर्थ स्थल का वास होता है। जहां गाय को इतना पवित्र माना जाता है, वहीं मौजूदा समय में गौवंश की कई जगहों पर बहुत ही ज्यादा दुर्दशा है। जबसे यूपी में गोकशी या गोवंश की तस्करी के अपराधों में सजा और कड़ी कर दी गई है, तबसे बहुत कम ही लोग गाय पाल रहे हैं। इस तरह से बहुत सा गौवंश आवारा और अन्ना हो गया है। इस अन्ना गौवंश को सरकारी गौशालाओं में रखने का प्रावधान है, जिसके लिए सरकारी मद खर्च होती है लेकिन भ्रष्टाचार और लापरवाही इतनी ज्यादा है कि गौशालाओं का सही से संचालन ही नहीं हो रहा है और गौवंश भूखा प्यासा आवारा सड़कों पे घूमता रहता है। जिससे अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। पीएम मोदी और यूपी सीएम योगी अक्सर गौ प्रेम जगजाहिर करते रहते हैं। तो क्या उनका ये गौ प्रेम राजनीतिक उद्देश्य के लिए ही उमड़ता है। जो गौवंश आवारा सड़कों पे नरकीय स्थिति में भटक रहा है, उनके लिए कोई प्रावधान नहीं। अभी हाल ही में पीएम मोदी ने एक्श हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया था जिसमें अपने आवास में गाय के बछड़े को दुलार करते दिख रहे हैं। पहले भी प्रधानमंत्री आवास से पीएम मोदी के गाय के साथ वीडियो और तस्वीर सामने आते रहे हैं। वहीं सीएम योगी भी कभी कभी गायों को गुड़ चना खिलाते दिख जाते हैं और वे कहते हैं कि चाहे राजधानी लखनऊ में हों या गोरखपुर स्थित मठ में, वे कभी गो सेवा करना नहीं भूलते हैं। कहा जाता है कि गोरखपुर स्थित गोरक्षनाथ पीठ में करीब 300 से ज्यादा गायें हैं और सभी को सीएम योगी उनके नाम से जानते हैं। जब देश के प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री इतने गौ प्रेमी हैं तो धरातल में गौवंश की ये दुर्दशा के लिए मात्र प्रशासनिक एवं क्षेत्रीय अधिकारी कर्मचारी ही जिम्मेदार है जिसके लिए सरकारी मद को ठिकाने लगाने की प्रवत्ति ने गौवंश की इतनी दुर्दशा की है जनपद हमीरपुर के क़स्बा सुमेरपुर की कान्हा गौशाला की हकीकत देख कर समझ में आया की यहाँ के अधिकारी एवं जिम्मेदार प्रतिनिधि मात्र खाना पूर्ति करते सरकारी दस्तावेज दुरुष्ट करते दिखे जिसमे मौके में कान्हा गौशाला में मात्र 30 से 35 गौवंश मौजूद थे, शेष 200 से 300 गौवंश अन्ना सडको में छोड़ दिये गये थे जिसमे कुछ गौवंश की सड़क दुर्घना में मौत हुई एवं कुछ घायल हो गये थे जिसके लिए जिम्मेदार डॉ से वार्ता करने में बताया की नगर पंचायत अध्यक्ष के पिता राजेश शिवहरे की दखलंदाजी की वजह से गौशाला चलाना संभव नही है वो मात्र दूध देने वाली गौ को रखते है और अन्य सभी को अन्ना छोड़ देते है जिससे दुर्घटना होती है और गौवंश के साथ साथ सडक में चलने वालो के साथ भी जानमाल का खतरा बना रहता है वंही अध्यक्ष से वार्ता करने पर उन्होंने यहाँ वहा की बात करते एवं अन्ना जानवरों के लिए नगर वाशियों को जिम्मेदार ठहराते अपना पल्ला झाड दिया।

# युवक युवतियों द्वारा ट्रेन में अश्लील हरकत रोकने पर पति पत्नी की पिटाई

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

बांदा से पत्नी का मेडिकल चेकअप कराकर इंटरसिटी एक्सप्रेस से वापस सुमेरपुर आ रहे एक फैक्टरी इंजीनियर व उसकी बीमार पत्नी के साथ कुछ सुमेरपुर क़स्बा की युवतियों ने अपने पुरुष मित्रों के साथ मिलकर जमकर मारपीट की। युवतियों ने इंजीनियरिंग की पत्नी का मंगल सूत्र व मोबाइल भी छीन लिया। पीड़ित ने डायल 112 को कॉल कर बुलाया लेकिन पुलिस की मौजूदगी में भी युवतियों ने सुमेरपुर कस्बे के स्टेशन में उतरने के बाद भी पीटा। बाद में पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। इंजीनियर की तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच की बात कहकर टरका दिया। जिससे उसका परिवार दहशत में है।

गोरखपुर निवासी चंदन यादव सुमेरपुर कस्बे में निर्माणाधीन सालविस केमिकल फैक्टरी में इंजीनियर के रूप में तैनात है। उन्होंने बताया कि शनिवार को वह अपनी पत्नी रीमा यादव के मेडिकल टेस्ट के लिए अपनी पुत्री अर्शिका 5 वर्ष व अर्शी 3 वर्ष के साथ बांदा गए हुए थे। मेडिकल चेकअप कराने के बाद शाम को वह इंटरसिटी एक्सप्रेस से वापस सुमेरपुर आ रहे थे। बांदा से ट्रेन चलने के बाद सामने की सीट में बैठी पांच युवतियां व उनके तीन पुरुष मित्र अश्लीलता करने लगे तो उनकी पत्नी ने मना किया जो उन्हें नागवार गुजरा और उसकी पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब उसकी पत्नी महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 में काल करने लगी तो उसका मोबाइल छीन लिया। मारपीट देखकर जब वह बचाने लगा तो उनके साथी युवक उसे भी मारने पीटने लगे। जिससे बेटियां भयभीत होकर रोने लगी। बताया कि ट्रेन में सवार अन्य यात्रियों ने विरोध किया तो युवकों ने उन्हें भी धमकी दी। जिससे बीच मे कोई नहीं आया। इस घटना से भयभीत वह रागौल स्टेशन में उतरने लगे तो युवकों ने गेट में खड़े होकर रास्ता रोक दिया। इससे परेशान होकर उसने सुमेरपुर स्टेशन से उतरने के पहले 112 डायल को सूचना दे दी। ट्रेन के सुमेरपुर स्टेशन पहुंचने पर वह स्टेशन पर उतरे तो युवतियां फिर उसकी पत्नी के साथ मारपीट करने लगी। जबकि 112 पीआरवी पुलिस मौके पर खड़ी तमाशबीन की तरह देखती रही। तभी उनकी फैक्टरी के कर्मी प्रेम यादव मौके पर पहुंचे और स्थानीय पुलिस को फोन किया। तब मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। थाने में एक युवती का पिता भी आ गया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मंगलसूत्र व मोबाइल आदि छिनने का आरोप लगाया। लेकिन पुलिस ने छात्र छात्रों के भविष्य को देखते मुकदमा नहीं दर्ज किया और परन्तु एक युवती के पिताको हिरासत में लेकर नगर के संभ्रात लोगो के कहने पर युवती के पिता को रात में ही छोड़ दिया। पीड़ित ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की है। जिससे उसका परिवार बहुत भयभीत है। पुलिस मामले की जांच की बात कहकर मामले को टरका रही है। पीड़ित ने कहा कि अगर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न की गई तो वह उच्चाधिकारियों से मामले को अवगत कराएंगे और उसके बाद भी अगर न्याय नहीं मिला।

# हाईवे पर दही चौकी, नवाबगंज और आशाखेड़ा में भी बनेंगे पुल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

लखनऊ-कानपुर हाईवे पर जाम और हादसे रोकने के लिए एनएचएआई तीन ब्लैक स्पॉट पर पुल बनाएगा। इंजीनियरों को सर्वे कर डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलों के निर्माण पर करीब 60 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। अधिकारियों का दावा है कि तीनों पुल बनने के बाद इस हाईवे पर यातायात सुगम और सुरक्षित होगा। जाजमऊ से लखनऊ सीमा तक 85 किलोमीटर लंबे लखनऊ-कानपुर हाईवे पर हादसों वाले चार स्थान चिह्नित किए गए थे। इनमें गदनखेड़ा चौराहा, दही चौकी तिराहा, नवाबगंज और आशाखेड़ा तिराहा शामिल हैं। एनएचएआई ने लखनऊ-कानपुर हाईवे को उन्नाव-रायबरेली हाईवे से जोड़ने वाले गदनखेड़ा चौराहे पर पुल बना दिया है। अब बाकी बचे तीन स्थानों पर दुर्घटना और जाम को देखते हुए पुल बनाने की तैयारी शुरू की है। एनएचएआई के अधिकारियों का मानना है कि लखनऊ-कानपुर के बीच निर्माणाधीन एलिवेटेड एक्सप्रेसवे (एनई-6) मई 2025 तक बनकर तैयार हो जाएगा।

# जल्द ही संसद में पारित होगा वक्फ संशोधन विधेयक : शाह

**कोई नहीं कर पाएगा वक्फ की संपत्तियों का गलत इस्तेमाल**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



पीएम मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शाह ने कहा वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन संरक्षण और दुरुपयोग के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले दिनों में इसे संसद में पारित किया जाएगा। वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक 18 19 और 20 सितंबर को होगी।

एएनआई, नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 जो वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन, संरक्षण और दुरुपयोग को संबोधित करता है आने वाले दिनों में संसद में पारित किया जाएगा। पीएम मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन, संरक्षण और दुरुपयोग के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले दिनों में इसे संसद में पारित किया जाएगा।

इससे पहले, लोकसभा सचिवालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक 18, 19 और 20 सितंबर को नई दिल्ली में राजधानी शहर के संसदीय सौध में होगी।

सरकार के पहले सौ दिनों की उपलब्धियों को गिनाने हुए अधिकारी ने कहा कि पांच करोड़ आदिवासियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के मकसद से 63 हजार आदिवासी गांवों का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नमस्ते (नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सेनिटेशन इकोसिस्टम) योजना का विस्तार सफाई कर्मियों के साथ कचरा बीनने वालों को भी इसमें शामिल करने और उनके सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए किया गया है।

### हितधारकों के विचारों या सुझावों पर होगा फैसला

- 18 सितंबर को बैठक के दौरान अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के प्रतिनिधि वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर समिति के समक्ष मौखिक साक्ष्य दर्ज करेंगे।
- 19 सितंबर को, बिल पर समिति कुछ विशेषज्ञों और हितधारकों के विचारों या सुझावों को सुनेगी, जैसे प्रोफेसर फैजान मुस्तफा, कुलपति, चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पटना, पसमांदा मुस्लिम महाज़ और ऑल इंडियन मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड।

### दिल्ली के सुझावों पर सुनवाई करेगी

- 20 सितंबर को संयुक्त संसदीय समिति वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर ऑल इंडिया सज्जादानशीन काउंसिल, अजमेर, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, दिल्ली और भारत फर्स्ट, दिल्ली के सुझावों पर सुनवाई करेगी।
- इस सप्ताह की शुरुआत में मुस्लिम सामाजिक कार्यकर्ताओं और इस्लामिक विद्वानों के एक समूह ने दिल्ली में एक बैठक के दौरान सरकार के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और इस बात पर जोर दिया कि सरकार की मंशा पर संदेह करना उचित नहीं है।

### अधिकारी ने कहा

कि अनुसूचित जनजाति (एसटी) के तीन लाख दिव्यांग लोगों को विशिष्ट विकलांगता पहचान कार्ड जारी किए गए हैं, जिनमें 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए 1.17 लाख कार्ड शामिल हैं। अनुसूचित जाति (एससी), अन्य पिछड़ा वर्ग और सफाई कर्मियों को आजीविका के लिए सब्सिडी वाले ऋण तक बेहतर पहुंच प्रदान करने के लिए पीएम-सूरज पहला का भी विस्तार किया गया है। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के कारण 405 विद्यालयों में 1.23 लाख से ज्यादा छात्रों का नामांकन हुआ है। सरकार ने 40 नए स्कूल भी बनाए हैं और आदिवासी छात्रों के लिए 110 स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम बनाए गए हैं।

# 44 साल से जारी है सद्भाव की अनूठी परंपरा



**इस गांव की मस्जिद में गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित होती है**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। महाराष्ट्र

महाराष्ट्र के एक गांव से धार्मिक सद्भाव की मिसाल कायम करने की तस्वीर सामने आई है। सांप्रदायिक एकता का प्रेरक उदाहरण गोठखिंडी गांव से सामने आया है। इस गांव की एक मस्जिद में बीते 44 साल से गणेशोत्सव मनाया जा रहा है। मस्जिद में वार्षिक गणेशोत्सव के दौरान भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित की जाती है। दो समुदायों के बीच सद्भाव को लेकर मंडल के अध्यक्ष इलाही पठान ने कहा, यहां के हिंदू-मुसलमान हर साल बड़े उत्साह और भक्तिपूर्ण माहौल में गणेशोत्सव मनाते हैं।

### भारी बारिश के कारण शुरू हुई परंपरा, 44 साल से अनवरत जारी

मंडल के पूर्व अध्यक्ष अशोक पाटिल ने कहा, परंपरा साल 1961 में शुरू हुई थी। भारी बारिश के कारण स्थानीय मुसलमानों ने अपने हिंदू पड़ोसियों को मस्जिद के अंदर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया था। हालांकि, इसके कई वर्ष बाद तक वार्षिक गणेशोत्सव नहीं मनाया गया। इसके बाद साल 1980 में नए गणेश मंडल का गठन हुआ। अब बीते 44 साल से परंपरा अनवरत जारी है। गणेशोत्सव के दौरान मस्जिद में ही भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की जाती है।

### गोठखिंडी गांव में मुहर्रम, दिवाली और ईद पर भी धार्मिक सौहार्द

मंडल के पूर्व अध्यक्ष अशोक पाटिल ने मस्जिद में गणपति प्रतिमा की स्थापना को रेखांकित किया और कहा कि इससे सामुदायिक संबंधों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। एक अन्य पूर्व अध्यक्ष मजीद जमादार ने बी हिंदुओं और मुस्लिम परिवारों के बीच एकता और सद्भाव की भावना को दोहराया। एक अन्य सदस्य ने कहा, पश्चिमी महाराष्ट्र के सांगली शहर से 32 किलोमीटर दूर गोठखिंडी में मुहर्रम, दिवाली और ईद जैसे त्योहार भी एक साथ मनाए जाते हैं।

### क्यों जरूरी है सांगली की इस कहानी का दोहराया जाना

इस घटना का जिक्र इसलिए भी अहम है क्योंकि हाल ही में हिमाचल प्रदेश से एक खबर सामने आई थी। यहां मस्जिद को लेकर विवाद होने के बाद हालात तनावपूर्ण हो गए थे। राजधानी शिमला के संजौली में मस्जिद को लेकर वक्फ बोर्ड का अपना दावा है। दावों से असहमत दूसरे गुट के आक्रामक तेवरों के कारण प्रशासन को कानून-व्यवस्था बनाए रखने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

### गणपति के आगमन पर महाराष्ट्र में विशेष उत्साह होता है

बता दें कि इस साल गणेश चतुर्थी 7 से 17 सितंबर तक मनाया गया। हिंदी पंचांग के मुताबिक अनंत चतुर्दशी को उत्सव का समापन होता है। इसी दिन गणपति बप्पा की मूर्तियों का विसर्जन होता है। अपने घरों में प्रतिमा की स्थापना करने वाले कई श्रद्धालु प्रतिमाओं का 10-11 दिन से पहले भी विसर्जन करते हैं। इस साल भी बड़े पैमाने पर मुंबई में गणपति उत्सव मनाया गया। अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी सरीखे लोगों को भी लाल बाग चा राजा के दरबार में देखा गया।

# पीएम मोदी ने ओडिशा में पीएम आवास योजना के लाभार्थियों से चाय पर चर्चा की





जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ओडिशा

ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के साथ बैठकर उनकी जीवन यात्रा सुनीं। इस बारे में अपने अनुभव को साझा करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि- चाय पर मजेदार बातचीत हुई। और लोगों से जानकर और खास तौर पर यह देखकर खुशी हुई कि बड़ी संख्या में महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं। उन्होंने बताया कि कैसे यह योजना और ऐसी अन्य योजनाएं उनके जीवन में बदलाव ला रही हैं।

### लाभार्थी के घर पहुंचे पीएम मोदी

पीएम मोदी भुवनेश्वर पहुंचने पर, अंतरजामई नायक और जहाजा नायक के घर गए। उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभ मिला है और वे अपने घर के मालिक होने पर गर्व करते हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने उनके पोते सौम्यजीत समेत उनके परिवार से भी मिले। बता दें नायक परिवार ने पीएम मोदी को इस दौरान स्वादिष्ट खीरी भी परोसी।

### भुवनेश्वर को दी 3800 करोड़ की सौगात

वहीं इससे पहले आज, प्रधानमंत्री मोदी ने भुवनेश्वर में 3800 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया। उन्होंने राज्य में कई परियोजनाओं का शुभारंभ किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने लगभग 14 राज्यों में प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के तहत लगभग 10 लाख लाभार्थियों को सहायता की पहली किस्त जारी की।

### 26 लाख लाभार्थियों को सौंपी चाबियां

इस कार्यक्रम के दौरान देश भर से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और शहरी के 26 लाख लाभार्थियों के लिए गृह प्रवेश समारोह आयोजित किया गया। पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण और शहरी) लाभार्थियों को उनके घर की चाबियां भी सौंपी। पीएम ने प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के लिए अतिरिक्त घरों के सर्वेक्षण के लिए AWS+ 2024 ऐप भी लॉन्च किया। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के परिचालन दिशा-निर्देश जारी किए।

### पीएम मोदी ने सुभद्रा योजना का किया शुभारंभ

प्रधानमंत्री ने भुवनेश्वर में ओडिशा सरकार की प्रमुख योजना सुभद्रा का शुभारंभ किया। बता दें कि यह सबसे बड़ी महिला-केंद्रित पहल है और इसके तहत 1 करोड़ से अधिक महिलाओं को शामिल किए जाने की उम्मीद है। इस योजना के तहत, 21 से 60 वर्ष की आयु के सभी पात्र लाभार्थियों को 2024-25 से 2028-29 तक पांच वर्षों में 50,000 रुपये मिलेंगे। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री ने 10 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में धनराशि हस्तांतरण की शुरूआत की।

### गर्मी में वकीलों को कोर्ट-गाउन पहनने से छूट मिले

जन एक्सप्रेस । नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कोर्ट के भीतर वकीलों की पोशाक से जुड़ी जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। शीर्ष अदालत के समक्ष दायर पीआईएल में मांग की गई थी कि गर्मी के मौसम में वकीलों को काला कोर्ट और गाउन पहनने से छूट मिलनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इस जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर कहा कि कुछ ड्रेस कोड होना चाहिए। अदालतों में मुकदमों की पैरवी करने के दौरान वकील कुर्ता-पायजामा नहीं पहन सकते। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, आखिरकार यह शिष्टाचार का मामला है। आपको उचित पोशाक पहननी चाहिए। आप कुर्ता पायजामा या शॉर्ट्स और टी-शर्ट में अदालतों में बहस नहीं कर सकते।

# चीनी नागरिक को जमानत से अदालत ने इनकार किया



**चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा- हाईकोर्ट जा सकते हैं**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने एक चीनी नागरिक को जमानत देने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, याचिकाकर्ता के खिलाफ आरोप बहुत गंभीर प्रकृति के हैं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मंगलवार को कहा, अपराध की गंभीरता को देखते हुए फिलहाल कोर्ट जमानत की मांग करने वाली याचिका पर विचार नहीं करेगी। मुकदमा अभी लंबित है। याचिकाकर्ता छह महीने की अवधि समाप्त होने के बाद उच्च न्यायालय जा सकता है।

यह विकल्प खुला है। चीनी नागरिक रायन उर्फ रेन चाओ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 31 जुलाई के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

### चीनी नागरिक की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट की टिप्पणी

रेन चाओ पर वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी देश में रहने और अंतरराष्ट्रीय अपराध रैकेट चलाने और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। गौरतलब है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने रेन चाओ को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा था कि भारत में कारोबार करने वाले विदेशी नागरिकों को भारतीय कानूनों के तहत जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था आपराधिक मुकदमे का सामना कर रहे शख्स को भारतीय अदालतों में मुकदमे का सामना करने को तैयार रहना चाहिए।

### 18 महीने से अधिक समय से जेल में है चीनी नागरिक

चीनी नागरिक की ओर से पेश हुए वकील पी एन पुरी ने कहा, आरोपी 18 महीने से अधिक समय से जेल में है। उनकी संक्षिप्त दलीलों को सुनने के बाद सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, यह मामला जमानत का नहीं है। आरोपी छह महीने के बाद नई जमानत याचिका दायर कर सकता है। नई याचिका पर उच्च न्यायालय की टिप्पणियों से प्रभावित हुए बिना गुण-दोष के आधार पर फैसला सुनाया जा सकता है।

### भारतीय अदालतों में मुकदमे का सामना करें विदेशी लोग

गौरतलब है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने रेन चाओ को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा था कि भारत में कारोबार करने वाले विदेशी नागरिकों को भारतीय कानूनों के तहत जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था आपराधिक मुकदमे का सामना कर रहे शख्स को भारतीय अदालतों में मुकदमे का सामना करने को तैयार रहना चाहिए।

### जुलाई, 2022 में हुई थी गिरफ्तारी

धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश जैसे आरोपों के तहत रेन चाओ को 9 जुलाई, 2022 को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उत्तर प्रदेश पुलिस ने रेन चाओ पर विदेशी अधिनियम के तहत भी आरोप लगाए गए थे। एफआईआर के मुताबिक चीनी नागरिक पर ई-एफआरआरओ रिपोर्ट के साथ छेड़छाड़ करने का है। इस प्रणाली के माध्यम से विदेशी नागरिकों को भारत के सरकारी कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ती। यह भारत में वीजा और आव्रजन संबंधी सेवाओं के लिए आवेदन करने की अनुमति देने वाली एक ऑनलाइन प्रणाली है।

### अमेरिकी विज्ञानी ने परमाणु ऊर्जा कानून को चुनौती दी

जन एक्सप्रेस । नई दिल्ली। एक अमेरिकी भौतिक विज्ञानी की याचिका उच्चतम न्यायालय में खारिज हो गई। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में इस शख्स ने भारतीय परमाणु ऊर्जा कानून के प्रावधानों को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता की अपील खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि परमाणु सामग्री से जुड़े लाइसेंस निजी पक्षों को दिए जाने पर दुरुपयोग का खतरा है। शीर्ष अदालत ने यह भी रेखांकित किया कि परमाणु का इस्तेमाल बम बनाने जैसी गतिविधियों में भी होता है। गौरतलब है कि याचिकाकर्ता ने परमाणु ऊर्जा कानून के उस प्रावधान को चुनौती दी थी जिसके तहत परमाणु सामग्री का सौदा करने की गतिविधि में निजी पक्षों पर रोक लगाने का नियम है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने इस मामले में कहा कि कानून निजी संस्थाओं को परमाणु ऊर्जा लाइसेंस देने पर रोक लगाता है। अदालत ने साफ किया कि लाइसेंस नीतिगत निर्णय हैं जिनमें अदालतें हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं। चीफ जस्टिस ने अपनी टिप्पणी में कहा, परमाणु सामग्री का इस्तेमाल बन बनाने के लिए किया जा सकता है। इसके दुरुपयोग की आशंका है, इसलिए परमाणु ऊर्जा कानून, 1962 के तहत इस पर प्रतिबंध है।

# डिप्टी सीएम शिवकुमार ने की अमेरिकी चुनावी प्रक्रिया की वकालत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कर्नाटक

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी चुनाव प्रक्रिया और जिस तरीके से चुनावी रैलियां आयोजित की जाती है, उससे बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। बता दें कि कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार मंगलवार को ही अपने 10 दिवसीय अमेरिका दौरे से वापस लौटे हैं।

### अमेरिकी चुनाव प्रक्रिया की तारीफ में पढ़े कसीदे

इस दौरान उन्होंने कहा, हमें बहुत कुछ सीखना है, वहां का जुनून, युवा, रुचि, चुनाव प्रक्रिया - ये सभी चीजें, बहुत कुछ सीखना है, मैं इसके बारे में फिर कभी बात करूंगा। वहीं डीके शिवकुमार ने अमेरिका में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से अपनी मुलाकात के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि उन्हें अपने पार्टी नेता से मिलने के लिए किसी की अनुमति लेने की जरूरत नहीं है और बैठक में जो कुछ हुआ, वह सार्वजनिक रूप से बताने के लिए नहीं है।

बता दें कि अमेरिका में डीके शिवकुमार की पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात को कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की संभावना से जोड़ा जा रहा है। जबकि डीके शिवकुमार ने पहले भी मुख्यमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षा को छुपाया नहीं है। वहीं मंड्या जिले के नागमंगला और दक्षिण कन्नड़ जिले के मंगलुरु में हिंसा और तनाव के बारे में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि सरकार और पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए तत्काल कार्रवाई की है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका के दौरे पर रहेंगे पीएम मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने मंगलवार को जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी क्वाड नेताओं के चौथे शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, जो 21 सितंबर को डेलावेयर के विलमिंगटन में आयोजित होगा। यह सम्मेलन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की मेजबानी में होगा।

### क्वाड शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे मोदी

सूत्रों ने बताया कि पीएम मोदी 21 सितंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के गृह नगर डेलावेयर में क्वाड शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। क्वाड शिखर सम्मेलन के बाद पीएम मोदी 22 सितंबर को न्यूयॉर्क जाएंगे और भारतीय प्रवासियों को संबोधित करेंगे। क्वाड शिखर सम्मेलन में जियो-पॉलिटिक्स और सुरक्षा चिंताओं के अलावा, टेक्नोलॉजी, इंफ्रास्ट्रक्चर और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। शाम को क्वाड रिसेप्शन का आयोजन किया जाएगा। वहीं प्रधानमंत्री मोदी उसी रात को न्यूयॉर्क शहर के लिए रवाना हो जाएंगे।

### 25,000 भारतीयों को संबोधित करेंगे

22 सितंबर को प्रधानमंत्री का न्यूयॉर्क में पहला कार्यक्रम लॉन्ग आइलैंड में 16,000 सीटों वाले नासाऊ वेटरंस मेमोरियल कोलिजीयम में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक प्रवासी कार्यक्रम मोदी और यूएस, प्रोग्रेस टुगेदर होगा, जहां वे भारतीय-अमेरिकी समुदाय को संबोधित करेंगे।

# लेबनान पेजर धमाके में अब तक आठ की मौत, ईरानी राजदूत और 2700 से अधिक हिजबुल्ला के सदस्य घायल



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लेबनान की राजधानी में हिजबुल्ला के सदस्यों के हजारों पेजर में विस्फोट हुआ है। इस धमाके में अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 2700 से ज्यादा हिजबुल्ला के सदस्य इस धमाके में घायल हुए हैं। वहीं हिज्बुल्ला ने पेजर विस्फोट के लिए इस्राइल को दोषी ठहराया है। हिजबुल्ला के मुताबिक ये अपने आप में पहली और सबसे बड़ी सुरक्षा चूक है।

### लेबनान में ईरान के राजदूत भी घायल

ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इस घटना में लेबनान में ईरान के राजदूत मोजतबा अमानी भी घायल हुए हैं। वहीं हिज्बुल्ला के एक सदस्य ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि यह सबसे बड़ा सुरक्षा उल्लंघन है। बता दें कि कुछ महीने पहले ही हिजबुल्ला के नेता हसन नसरुल्ला ने अपने लड़ाकों से स्मार्टफोन इस्तेमाल न करने की अपील की थी, क्योंकि इस्राइल के पास स्मार्टफोन को हैक या उसमें से जानकारी निकालने की तकनीक है। इस वजह से ही हिजबुल्ला ने अपने संचार माध्यम को बेहतर बनाने के लिए स्मार्टफोन की जगह पेजर का सहारा लिया था।

### हिजबुल्ला के गढ़ में पेजर के लेटेस्ट मॉडल में हुए विस्फोट

वहीं सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक, जिन पेजरों में विस्फोट हुआ है, वे लेटेस्ट मॉडल थे, उन्हें हिज्बुल्ला की ओर से लाया गया था। इन धमाकों के बाद बेरूत के दक्षिणी इलाकों में मौजूद तमाम अस्पतालों में अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। एक सूत्र के अनुसार बेरूत के दक्षिण लेबनान और पूर्वी बेका घाटी में हिजबुल्ला के गढ़ में सैकड़ों हिजबुल्ला सदस्य अपने पेजर में विस्फोट के कारण घायल हुए हैं।

### 'पेजर से पहले की गई होगी छेड़छाड़'

मामले में एक राजनीतिक विश्लेषक एलिजा मैग्नियर ने कहा कि हिजबुल्ला इस्राइल को अपने संचार व्यवस्था को बाधित करने से रोकने के लिए पेजर पर बहुत अधिक निर्भर है और उन्होंने ये भी अनुमान लगाया कि हिजबुल्ला सदस्यों को दिए जाने से पहले पेजर के साथ छेड़छाड़ की गई होगी। एलिजा मैग्नियर ने बताया कि ये कोई नई तकनीक नहीं है। इसका इस्तेमाल पहले भी किया जा चुका है। फिलहाल इस हमले के बारे में इस्राइली सेना ने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार किया है।

# 100 दिन में 13 मोर्चों पर आगे बढ़ी सरकार को विपक्ष ने कई मसलों पर घेरा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि सरकार के गठन से लेकर मंत्रिमंडल बांटने तक भले ही सबकुछ ठीक हो। लेकिन, भाजपा के लिए अपने कोर एजेंडे को अमलीजामा पहनाना पहले की तरह इतना आसान नहीं होगा। तीसरे कार्यकाल के मुख्य एजेंडे यूसीसी, धर्मांतरण विरोधी कानून पर गठबंधन सहयोगियों की राय, समर्थन और उनका रुख देखने लायक होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश का नेतृत्व कर रहे है। उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे हो गए है। पहली बार गठबंधन सरकार चला रहे पीएम मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल के एजेंडे में खास बदलाव नहीं किया है। समान नागरिक संहिता, वक्फ बोर्ड विधेयक की चर्चा और एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर उनकी सरकार आगे बढ़ती दिख रही है। इसके अलावा, सरकार कई मोर्चों पर आगे बढ़ी है। सरकार ने 100 दिनों में 13 मोर्चों पर काम किया है। हालांकि, इन सौ दिनों में भाजपा सरकार कई मुद्दों पर चूकी है। जिसको लेकर विपक्ष ने मोदी सरकार और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा है। जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों से लेकर मणिपुर हिंसा, हिंडनबर्ग रिपोर्ट, नीट पेपर लीक, महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने, वक्फ बोर्ड विधेयक, सीधी भर्ती (लैटरल एंट्री) और ट्रेन दुर्घटना जैसे मुद्दों को लेकर सरकार कटघरे में रही है। मोदी सरकार 3.ह के 100 दिनों के कामकाज को देखें तो तमाम चर्चा के बावजूद गठबंधन सरकार में मंत्री पद और विभाग वितरण को लेकर कोई विवाद नहीं हुआ। बीजेपी की सबसे बड़ी सहयोगी तेलुगू देश पार्टी (टीडीपी), जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू), शिवसेना और लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) ने नई सरकार के गठन को लेकर प्रधानमंत्री पर पूर्ण विश्वास जताया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)